शाकः (पुं.), शाकम् (नपुं.) *Śākaḥ, Śākam* साग, सब्जी, Vegetable.

शाकुनिकः (पुं.) *Śākunikaḥ* शिकारी, बहेलिया, A hunter, a fowler.

शाखा (स्त्री.) *Śākhā* टहनी, A branch.

शाखामृगः (पुं.) *Śākhā-mṛgaḥ* बन्दर, A monkey.

शाखी-खिन् (पुं.) *Śākhī-khin* वृक्ष, पेड़, A tree.

शाटिका, शाटी (स्त्री.) *Śāṭikā, Śāṭī* साड़ी, धोती, A kind of garment.

शाठ्यम् (नपुं.) *Śāṭhyam* शठता, दुष्टता, Cheating, wickedness.

शाणः (पुं.) *Śāṇaḥ* शाण, चाकू तेज करने का यंत्र, A touch-stone, whetstone.

शात (वि.) *Śāta* तीक्ष्ण, तेज, Sharp.

शादः (पुं.) *Śādaḥ* हरी घास, Green grass.

शाद्वलः (पुं.) *Śādvalaḥ* हरियाली से भरपूर प्रदेश, A green place, a lawn.

शान्त (वि.) *Śānta* स्थिर, चंचलता से शून्य, Appeased, calm.

शान्तिः (स्त्री.) *Śāntiḥ* आराम, स्थिरता, Peace, calmness.

शापः (पुं.) *Śāpaḥ* बुरा कथन, पाप, A curse.

शाब्दिक (वि.) *Śābdika* शब्दों से सम्बन्धित, मौखिक, Concerned with words, oral.

शाम्बरी (स्त्री.) *Śāmbarī* जादूगरी, Jugglery.

शारदा (स्त्री.) *Śāradā* सरस्वती, विद्या की देवी, The goddess of knowledge.

शारीरिक (वि.) *Śārīrika* शरीर से सम्बन्धित, दैहिक, Bodily, corporeal, material.

शार्ङ्गम् (नपुं.) *Śārṅgam* सींग से बना हुआ, धनुष, Made of horn, a bow.

शार्दूलः (पुं.) *Śārdūlaḥ* बाघ, चीता, A tiger, a leopard.

शालः (पुं.) *Śālaḥ* साल का पेड़, Name of a tree.

शाला (स्त्री.) *Śālā* ठिकाना, निवास, केन्द्र, जैसे पाठशाला, Room, house.

शालिः (पुं.) *Śāliḥ* धान, Paddy, plants of rice.

शाली-लिन् (वि.) *Śālī-lin* युक्त, सम्पन्न, जैसे न्यायशाली, Endowed with, possessed of.

शालीन (वि.) *Śālīna* सभ्य, सुसंस्कृत, Modest, bashful.

शाल्मलिः (पुं.) *Śālmaliḥ* सेमल का पेड़, The silk-cotton tree.

शावः, शावकः (पुं.) *Śāvaḥ-vakaḥ* पशु या पक्षी का बच्चा, Young one of an animal or bird.

शाश्वत (वि.) *Śāśvata* नित्य, सदा रहने वाला, Eternal, everlasting.

शाश्वतिक (वि.) *Śāśvatika* नित्य, स्थायी, सदा रहने वाला, Eternal, everlasting.

शास् (अदा. पर. शास्ति) *Śās* अनुशासन करना, शिक्षा देना, To rule, to teach, to train.

शास्ता-तृ (पुं.) *Śāstā-tṛ* शासन करने वाला, शिक्षक, A ruler, a teacher.

शास्त्रम् (नपुं.) *Śāstram* पवित्र पुस्तक, कर्त्तव्य तथा अकर्त्तव्य का बोध कराने वाला, ग्रन्थ, ज्ञान या विज्ञान की पुस्तक, A sacred book, a book of rules.

शिंशपा (स्त्री.) *Śiṁśapā* शीशम, Rose-wood tree.

शिक्यम् (नपुं.) *Śikyam* छींका, A loop or swing.

शिक्ष् (भ्वा. आ. शिक्षते) *Śikṣ* सीखना, To learn, to acquire knowledge.

शिक्षकः (पुं.) *Śikṣakaḥ* अध्यापक, A teacher.

शिक्षणम् (नपुं.) *Śikṣaṇam* सीखना, सिखाना, Teaching, learning.

शिक्षा (स्त्री) *Śikṣā* सीख, पढ़ाई, Education, learning.

शिक्षिका (स्त्री.) *Śikṣikā* अध्यापिका, A lady teacher.

शिक्षित (वि.) *Śikṣita* सीखा हुआ, विद्वान्, Learned, educated.

शिखण्डः (पुं.) *Śikhaṇḍaḥ* मुकुट, कलगी, चोटी, मोर की पूँछ के बाल, A lock of hair left on the head, top, peacock's tail.

शिखण्डी-डिन् (पुं.) *Śikhaṇḍī-ḍin* मोर, A peacock.

शिखण्डिनी (स्त्री.) *Śikhaṇḍinī* मोरनी, A pea-hen.

शिखरः-रम् (पुं., नपुं.) *Śikharaḥ-ram* चोटी, सिरा, Top, peak.

शिखरी-रिन् (पुं.) *Śikharī-rin* पहाड़, पर्वत, A mountain.

शिखरिणी (स्त्री.) *Śikhariṇī* सिखरन, 17 वर्णों का एक छन्द, A kind of sweet juice, a kind of metre.

शिखा (स्त्री.) *Śikhā* चोटी, A tuft of hair on the head, top.

शिखी-खिन् (पुं.) *Śikhī-khin* मोर, ज्वाला, आग, पहाड़, A peacock, a flame, fire, a mountain.

शिञ्जिनी (स्त्री.) *Śiñjinī* धनुष की डोरी, A bow-string.

शित (वि.) *Śita* तेज किया हुआ, Sharpened.

शिथिल (वि.) *Śithila* ढीला, न बंधा हुआ, ढीला किया हुआ, अस्वस्थ, Loose, loosened, untied, unhealthy.

शिबिका (स्त्री.) *Śibikā* पालकी, A litter, a palanquin.

शिरः-रस् (नपुं.) *Śiraḥ-ras* सिर, Head.

शिरीषः (पुं.) *Śirīṣaḥ* सिरस का पेड़, A kind of a tree.

शिलः-लम् (पुं., नपुं.) *Śilaḥ-lam* अनाज की बालों को चुनना, Gleaning (ears of corn.)

शिला (स्त्री.) *Śilā* चट्टान, A rock.

शिलीमुखः (पुं.) *Śilīmukhaḥ* भौंरा, बाण, A black bee, an arrow.

शिल्पम् (नपुं.) *Śilpam* कारीगरी, A craft.

शिवः (पुं.) *Śivaḥ* शंकर, रुद्र, Śaṅkara, Rudra.

शिव (वि.) *Śiva* मंगल, कल्याणमय, मंगलमय, Auspicious, lucky.

शिवम् (नपुं.) *Śivam* मंगल, कल्याण, Prosperity, welfare.

शिवा (स्त्री.) *Śivā* पार्वती, सियारिन, Pārvatī, a female jackal.

शिवानी (स्त्री.) *Śivānī* पार्वती, शिव की पत्नी, Pārvatī, wife of Śiva.

शिशिर (वि.) *Śiśira* ठण्डा, Cool.

शिशिरः (पुं.) *Śiśiraḥ* पतझड़ की ऋतु, The cold season, winter.

शिशुः (पुं.) *Śiśuḥ* बच्चा, A baby.

शिश्नम् (नपुं.) *Śiśnam* पुरुष की उपस्थेन्द्रिय, जननेन्द्रिय, The male generating organ, penis.

शिष्ट (वि.) *Śiṣṭa* बचा हुआ, सभ्य, Left, remaining, civilized, educated.

शी (अदा. आ. शेते) *Śī* सोना, लेटना, To lie.

शीकरः (पुं.) *Śīkaraḥ* जलबिन्दु, हल्की वर्षा, छिड़काव, Spray, light rain, drop of water.

शीघ्रम् (अ.) *Śīghram* जल्दी, Soon.

शीतम् (नपुं.) *Śītam* ठण्डक, शैत्य, Cold, coldness, chillness.

शीत, शीतल (वि.) *Śīta, Śītala* ठण्डा, Cool, cold.

शीतला (स्त्री.) *Śītalā* चेचक, Smallpox.

शीर्ण (वि.) *Śīrṇa* मुरझाया हुआ, छिन्न-भिन्न, गला-सड़ा, Withered, rotten, decayed.

शीर्षम् (नपुं.) *Śīrṣam* सिर, चोटी, Head, top, peak.

शीर्षकम् (नपुं.) *Śīrṣakam* सिर, चोटी, शिरस्त्राण, लेख में विषय का नाम, Head, top, helmet, heading of a piece of writing.

शीलम् (नपुं.) *Śīlam* उत्तम स्वभाव, Character, nature.

शुकः (पुं.) *Śukaḥ* तोता, A parrot.

शुक्तिः (स्त्री.) *Śuktiḥ* सीप, An oyster-shell, pearl-oyster.

शुक्तिका (स्त्री.) *Śuktikā* देखिए शुक्तिः, See śuktiḥ.

शुक्तम् (नपुं.) *Śuktam* सिरका, Vinegar.

शुक्रः (पुं.) *Śukraḥ* एक ग्रह का नाम, The planet venus, असुरों के गुरु का नाम, name of the preceptor of the Asuras.

शुक्रम् (नपुं.) *Śukram* वीर्य, Semen virile.

शुक्ल (वि.) *Śukla* सफेद, चमकीला, White, bright.

शुक्लपक्षः (पुं.) *Śuklapakṣaḥ* चाँद बढ़ने वाली पन्द्रह तिथियों का नाम, A fortnight when the moon waxes.

शुक्ला (स्त्री.) *Śuklā* सरस्वती, The goddess of knowledge.

शुच् (भ्वा. पर. शोचति) *Śuc* शोक करना, दुखी होना, To be sorry, to grieve.

शुक्-च्, शुचा (स्त्री.) *Śuk-c, Śucā* शोक, दुःख, अफसोस, Grief, sorrow, distress.

शुचि (वि.) *Śuci* शुद्ध, पवित्र, स्पष्ट, Clean, pure, clear.

शुण्ठी (स्त्री.) *Śuṇṭhī* सोंठ, Dry ginger.

शुण्डः (पुं.) *Śuṇḍaḥ* सूँड, An elephant's trunk.

शुण्डा (स्त्री.) *Śuṇḍā* देखिए शुण्ड, See śuṇḍa.

शुण्डी-डिन् (पुं.) *Śuṇḍī-ḍin* हाथी, An elephant.

शुतुद्री (स्त्री.) *Śutudrī* शतुद्री, सतलुज नदी, The river Sataluja.

शुद्ध (वि.) *Śuddha* पवित्र, ठीक-ठीक, स्वच्छ, Pure, correct, clear.

शुद्धिः (स्त्री.) *Śuddhiḥ* स्वच्छता, पवित्रता, ठीक-ठाक होना, Purity, clearness, correctness.

शुध् (दिवा. पर. शुध्यति) *Śudh* शुद्ध होना, To be purified.

शुनकः (पुं.) *Śunakaḥ* कुत्ता, A dog.

शुभ् (भ्वा. आ. - शोभते) *Śubh* शोभा देना, सजना, To look beautiful, to shine, to be splendid.

शुभ (वि.) *Śubha* अच्छा, भला, ठीक, कल्याण, Auspicious, lucky, well, good.

शुभङ्कर (वि.) *Śubhaṅkara* भला करने वाला, Auspicious, benevolent.

शुभ्र (वि.) *Śubhra* सफेद, चमकीला, White, shining.

शुल्कः-कम् (पुं., नपुं.) *Śulkaḥ-kam* किसी कार्य के बदले दिया गया धन, मार्गकर आदि, A tax, fee, toll-tax.

शुश्रूषकः (पुं.) *Śuśrūṣakaḥ* सेवक, परिचारक, Attendant, a servant.

शुश्रूषा (स्त्री.) *Śuśrūṣā* सेवा, परिचर्या, सुनने की इच्छा, Service, attendance.

शुश्रूषुः (पुं.) *Śuśrūṣuḥ* सेवक, परिचारक, सुनने का इच्छुक A servant, an attendant.

शुष् (दिवा. पर. शुष्यति) *Śuṣ* सूखना, To become dry.

शुष्क (वि.) *Śuṣka* सूखा हुआ, Dried, parched up.

शुष्म-मन् (नपुं.) *Śuṣma-man* बल, शक्ति, Strength, power.

शूकः-कम् (पुं., नपुं.) *Śūkaḥ-kam* गेहूँ आदि अनाजों की बाल, The awn of grain.

शूकरः (पुं.) *Śūkaraḥ* सूअर, A pig, a hog.

शूद्रः (पुं.) *Śūdraḥ* चौथे वर्ण का मनुष्य, A man of the fourth or the lowliest caste among the Hindus.

शूद्रा, शूद्री (स्त्री.) *Śūdrā, Śūdrī* शूद्र की पत्नी, Wife of a Śūdra.

शून्य (वि.) *Śūnya* खाली, सुनसान, अकेला, Empty, lonely, desolate, zero.

शूर् (चुरा. उभ. शूरयति-ते) *Śūr* वीरता दिखाना, To show heroism.

शूर (वि.) *Śūra* बहादुर, वीर, Brave, valiant.

शूरम्मन्य (वि.) *Śūrammanya* अपने को वीर मानने वाला, Boasting of one's own bravery.

शूर्पः-पम् (पुं., नपुं.) *Śūrpaḥ-pam* छाज, सूप, A winnowing basket.

शूलः-लम् (पुं., नपुं.) *Śūlaḥ-lam* नोकदार वस्तु, काँटा, भाला, दर्द Anything having a sharp point, a thorn, a spear, pain.

शृगालः (पुं.) *Śṛgālaḥ* सियार, A jackal.

शृङ्खला (स्त्री.) *Śṛṅkhalā* जंजीर, A chain.

शृङ्गम् (नपुं.) *Śṛṅgam* सींग, चोटी, A horn, peak.

शृङ्गाटकम् (नपुं.) *Śṛṅgāṭakam* सिंघाड़ा, A fruit growing in the ponds or the lakes, waternut.

शृङ्गारः (पुं.) *Śṛṅgāraḥ* रति की कामना, Sexual passion, सजावट, decoration.

शृङ्गी-गिन् (पुं.) *Śṛṅgī-gin* सींग वाला पशु या कोई वस्तु, चोटी वाला, पर्वत, Anything having horns or a peak, a peaked mountain.

शृत (वि.) *Śṛta* पका हुआ, Cooked.

शेखरः (पुं.) *Śekharaḥ* चोटी, मुकुट, A crest, a crown, a garland of flowers worn on the head.

शेपः (पुं.) *Śepaḥ* शिश्न, पुरुष की जननेन्द्रिय, Penis, a gehetic male-organ.

शेमुषी (स्त्री.) *Śemuṣī* बुद्धि, Wisdom, intellect.

शेष (वि.) *Śeṣa* बचा हुआ, Remaining.

शेषः (पुं.) *Śeṣaḥ* शेषनाग, Name of a celebrated serpent.

शैत्यम् (नपुं.) *Śaityam* ठण्डक, Cold.

शैथिल्यम् (नपुं.) *Śaithilyam* शिथिलता, ढीलापन, Looseness, slackness, weakness.

शैलः (पुं.) *Śailaḥ* पहाड़, पर्वत, A mountain.

शैली (स्त्री.) *Śailī* ढंग, Style.

शैलूषः (पुं.) *Śailūṣaḥ* नट, नर्तक, An actor, a dancer.

शैव (वि.) *Śaiva* शिवसम्बन्धी, शिव सम्प्रदाय का पुरुष, Relating to the god Śiva, a member of the Śaiva school.

शैवलः (पुं.) *Śaivalaḥ* सेवाल, Moss, a kind of aquatic plant.

शैवालिनी (स्त्री.) *Śaivālinī* नदी, A river.

शैशवम् (नपुं.) *Śaiśavam* बचपन, शिशुता, Childhood, infancy.

शोकः (पुं.) *Śokaḥ* अफसोस, दुःख, Sorrow, grief.

शोचनीय, शोच्य (वि.) *Śocanīya, Śocya* शोक करने के योग्य, To be lamented.

शोचिः-चिस् (नपुं.) *Śociḥ-cis* प्रकाश, ज्वाला, तेज, Light, lustre, flame.

शोण (वि.) *Śoṇa* लाल, Red, (पुं.) नदी का नाम, the name of a river.

शोणम्, शोणितम् (नपुं.) *Śoṇam, Śoṇitam* खून, रुधिर, Blood.

शोथः (पुं.) *Śothaḥ* सोजिश, सूजन, Swelling.

शोधकः (पुं.) *Śodhakaḥ* शुद्ध करने वाला, A purifier, one who makes corrections.

शोधनम् (नपुं.) *Śodhanam* शुद्ध करना, Purifying, correction.

शोफः (पुं.) *Śophaḥ* सोजिश, Swelling.

शोभा (स्त्री.) *Śobhā* सुन्दरता, सजावट, Beauty, splendour, grace.

शोषः (पुं.) *Śoṣaḥ* शुष्कता, Dryness.

शोषणम् (नपुं.) *Śoṣaṇam* सुखाना, चूसना, Drying up, sucking.

शोषित (वि.) *Śoṣita* सुखाया गया, शोषण किया गया, Dried up, exploited.

शौचम् (नपुं.) *Śaucam* शुचिता, पवित्रता, शुद्धि, मल त्याग करना, Purification, purity, cleansing, voiding of excrement.

शौर्यम् (नपुं.) *Śauryam* बहादुरी, Heroism, valour.

श्मशानम् (नपुं.) *Śmaśānam* मुर्दे को जलाने का स्थान, A cemetery, a burial or burning ground.

श्मश्रुः (नपुं.) *Śmaśruḥ* मूँछ, Moustache.

श्याम (वि.) *Śyāma* काला, Black.

श्यामल (वि.) *Śyāmala* बहुत काला, गहरा नीला, Dark blue.

श्यामा (स्त्री.) *Śyāmā* अंधेरी रात, मध्य यौवन वाली स्त्री, Dark night, a woman with peculiar characteristics.

श्यामिका (स्त्री.) *Śyāmikā* कालिमा, Blackness, darkness.

श्यालः (पुं.) *Śyālaḥ* साला, Wife's brother.

श्यालिका, श्याली (स्त्री.) *Śyālikā, Śyālī* साली, Wife's sister.

श्येनः (पुं.) *Śyenaḥ* बाज, A hawk, a falcon.

श्रद्धा (स्त्री.) *Śraddhā* धार्मिक विश्वास, विश्वास, Religious faith, trust, belief, confidence.

श्रद्धालु (वि.) *Śraddhālu* श्रद्धा से पूर्ण, Full of faith.

श्रम् (दिवा. पर. श्राम्यति) *Śram* परिश्रम करना, To toil, to labour, थकना, to be exhausted.

श्रमः (पुं.) *Śramaḥ* मेहनत, परिश्रम, Labour, effort.

श्रमणः (पुं.) *Śramaṇaḥ* भिक्षु, प्रचारक, A religious mendicant.

श्रवः (पुं.), श्रवणम् (नपुं.) *Śravaḥ, Śravaṇam* सुनना, Hearing.

श्रवणम् (नपुं.) *Śravaṇam* कान, An ear.

श्रा (अदा. पर. श्राति) *Śrā* पकाना, To cook.

श्राण (वि.) *Śrāṇa* पका हुआ, Cooked.

श्राद्धम् (नपुं.) *Śrāddham* श्रद्धा से बड़ों को दी गई वस्तु, A homage to the deceased ancestors.

श्रान्त (वि.) *Śrānta* थका हुआ, Tired.

श्रान्तिः (स्त्री.) *Śrāntiḥ* थकावट, Fatigue.

श्रावणः (पुं.) *Śrāvaṇaḥ* सावन का महीना, The fifth month of the Hindu calendar.

श्रावणी (स्त्री.) *Śrāvaṇī* रक्षाबन्धन का पर्व, The festival of Rakṣābandhana.

श्राव्य (वि.) *Śrāvya* सुनाने योग्य, To be heard, audible.

श्रि (भ्वा. उभ. श्रयति-ते) *Śri* आश्रय लेना, स्वीकार करना, To take protection, to adopt.

श्रित (वि.) *Śrita* सहारा लिया हुआ, स्वीकार किया हुआ, Protected, adopted.

श्रीः (स्त्री.) *Śrīḥ* लक्ष्मी, ऐश्वर्य, शोभा, Goddess of wealth, riches, beauty.

श्रीमान्-मत् (वि.) *Śrīmān-mat* धनी, शोभा वाला, माननीय, Wealthy, dignified.

श्रु (स्वा. पर. - शृणोति) *Śru* सुनना, To hear, to listen.

श्रुत (वि.) *Śruta* सुना हुआ, Heard.

श्रुतम् (नपुं.) *Śrutam* ज्ञान, Knowledge.

श्रुतिः (स्त्री.) *Śrutiḥ* कान, वेद, An ear, the Vedas.

श्रेणी (स्त्री.) *Śreṇī* पंक्ति, कतार, कक्षा, Line, series, row, class.

श्रेयः-स् (नपुं.) *Śreyaḥ-s* कल्याण, मंगल, हित, Benevolence, welfare, good luck.

श्रेयस् (वि.) *Śreyas* हितकारी, मंगलमय, Good, well, fortunate.

श्रेष्ठ (वि.) *Śreṣṭha* उत्तम, सबसे अच्छा, Best, most superior.

श्रेष्ठी-ठिन् (पुं.) *Śreṣṭhī-ṭhin* सेठ, धनी मनुष्य, Wealthy person.

श्रोणी (स्त्री.) *Śroṇī* जाँघ, नितम्ब, The hip or loins.

श्रोता-तृ (पुं.) *Śrotā-tṛ* सुनने वाला, Hearer, listener.

श्रोत्रम् (नपुं.) *Śrotram* कान, An ear.

श्रोत्रिय (वि.) *Śrotriya* वेदों का विद्वान्, Well-versed in the Vedās.

श्लक्ष्ण (वि.) *Ślakṣṇa* कोमल, मृदुल, चिकना, Soft, smooth, mild.

श्लथ (वि.) *Ślatha* ढीला-ढाला, खुला, Loose, loosened, untied.

श्लाघ् (भ्वा. आ. श्लाघते) *Ślāgh* प्रशंसा करना, To praise.

श्लिष्ट (वि.) *Śliṣṭa* मिला हुआ, आलिंगित, अनेकार्थी (शब्द), Mixed, embraced, involving a pun.

श्लीपदम् (नपुं.) *Ślīpadam* हस्तिपाद नामक रोग, Elephantiasis.

श्लेषः (पुं.) *Śleṣaḥ* आलिंगन, दो अर्थों का मेल, मिलन, Embrace, a pun, union.

श्लेष्मकः (पुं.) *Śleṣmakaḥ* कफ, Phlegm.

श्लोकः (पुं.) *Ślokaḥ* कविता में स्तुति, पद्यरचना, Hymn in praise, a verse.

श्वा-वन् (पुं.) *Śvā-van* कुत्ता, A dog.

श्वयथुः (पुं.) *Śvayathuḥ* सोजिश, शोथ, Swelling.

श्वशुरः (पुं.) *Śvaśuraḥ* ससुर, Father-in-law.

श्वश्रूः (स्त्री.) *Śvaśrūḥ* सास, Mother-in-law.

श्वस् (अदा. पर. श्वसिति) *Śvas* साँस लेना, To breathe.

श्वः (अ.) *Śvaḥ* आने वाला कल, Tomorrow.

श्वसनम् (नपुं.) *Śvasanam* साँस लेना, Breathing.

श्वस्तन (वि.) *Śvastana* आने वाले दिन का, Of tomorrow.

श्वासः (पुं.) *Śvāsaḥ* साँस, Breath.

श्वित्रम् (नपुं.) *Śvitram* सफेद कुष्ठ, White leprosy.

श्वेत (वि.) *Śveta* सफेद, White.

श्वेतिमा-मन् (पुं.) *Śvetimā* सफेदी, Whiteness.

श्वैत्यम् (नपुं.) *Śvaityam* सफेदी, Whiteness.

ष Ṣa

षट्-ष् (वि.) *Ṣaṭ-ṣ* छह, Six.

षट्कम् (नपुं.) *Ṣaṭkam* छह का समूह, छक्का, An aggregate of six.

षण्डः (पुं.) *Ṣaṇḍaḥ* साँड़, A bull.

षण्ढः (पुं.) *Ṣaṇḍhaḥ* नपुंसक, A eunuch, an impotent man.

षष्ठ (वि.) *Ṣaṣṭha* छठा, Sixth.

षष्ठी (स्त्री.) *Ṣaṣṭhī* छठी, Sixth.

षाण्मातुरः (पुं.) *Ṣāṇmāturaḥ* कार्तिकेय, An epithet of Kārtikeya.

षाण्मासिक (वि.), -की (स्त्री.) *Ṣāṇmāsika-kī* छमाही, Six monthly, half yearly.

षोडश-शन् (वि.) *Ṣoḍaśa-śan* सोलह, Sixteen.

षोडशः-शम्-शी (वि.) *Ṣoḍaśaḥ-śam-śī* सोलहवाँ, सोलहवीं, Sixteenth.

षोडशधा (अ.) *Ṣoḍaśadhā* सोलह प्रकार से, In sixteen ways.

ष्ठिव् (भ्वा. पर. ष्ठीवति, दिवा. पर. ष्ठीव्यति) *Ṣṭhiv* थूकना, To spit.

ष्ठीवनम् (नपुं.) *Ṣṭhīvanam* थूकना, Spitting, spittle.

ष्ठ्यूत (वि.) *Ṣṭhyūta* थूका हुआ, Spit, ejected.

स Sa

स (अ.) *Sa* साथ, सहित, With, including.

संयत (वि.) *Saṁyata* नियन्त्रित, Controlled.

संयमः (पुं.) *Saṁyamaḥ* नियन्त्रण, Check, control.

संयमनम् (नपुं.) *Saṁyamanam* नियन्त्रण करना, Controlling.

संयमित (वि.) *Saṁyamita* देखिए संयत, See saṁyata.

संयमी-मिन् (पुं.) *Saṁyamī-min* अपने मन और इन्द्रियों को वश में करने वाला, One who controls his mind and senses, a sage.

संयुक्त (वि.) *Saṁyukta* जुड़ा हुआ, Joined, connected, united.

संयुत (वि.) *Saṁyuta* देखिए संयुक्त, See saṁyukta.

संयोगः (पुं.) *Saṁyogaḥ* मेल, संगठन, Conjunction, union, unity, स्वर के व्यवधान से रहित व्यंजनों का मेल, the conjunction of consonants which have no vowel between them.

संरक्षणम् (नपुं.) *Saṁrakṣaṇam* बचाव, हिफाजत, सुरक्षा, Protection, preservation.

संलग्न (वि.) *Saṁlagna* चिपका हुआ, साथ लगा हुआ, Closely attached, stuck together.

संलापः (पुं.) *Saṁlāpaḥ* संवाद, बातचीत, Conversation, confidential talk.

संवत्सरः (पुं.) *Saṁvatsaraḥ* वर्ष, साल, A year.

संवरः (पुं.), संवरणम् (नपुं.) *Saṁvaraḥ, Saṁvaraṇam* आच्छादन, छिपाव, पर्दा, Covering, screening, hiding.

संवर्धनम् (नपुं.) *Saṁvardhanam* बढ़ाना, पालना, Bringing up, rearing, increasing.

संवर्धित (वि.) *Saṁvardhita* खूब बढ़ाया हुआ, Brought up, reared, increased.

संवादः (पुं.) *Saṁvādaḥ* बातचीत, संलाप, Conversation, talk.

संवासः (पुं.) *Saṁvāsaḥ* साथ-साथ रहना, निवास, Living together, a house.

संवाहः (पुं.) *Saṁvāḥ* ले जाना, मिलकर दबाना, मालिश करना, Bearing, pressing together, massaging.

संवाहकः (पुं.) *Saṁvāhakaḥ* सेवक, मालिश करने वाला, Shampooer, a servant employed to rub & massage the body.

संवाहनम् (नपुं.) *Saṁvāhanam* मालिश करना, हाथ-पैर दबाना, Shampooing, rubbing gently.

संविग्न (वि.) *Saṁvigna* उत्तेजित, व्याकुल, Excited, agitated, disturbed.

संवित्तिः (स्त्री.) *Saṁvittiḥ* परिचय, जान-पहचान, Recognition, familiarity.

संविधानम् (नपुं.) *Saṁvidhānam* नियमों का समूह, Constitution.

संविभागः (पुं.) *Saṁvibhāgaḥ* बँटवारा, विभाजन, Distribution, dividing.

संवृत (वि.) *Saṁvṛta* बन्द, ढका हुआ, Closed, covered.

संवेगः (पुं.) *Saṁvegaḥ* उत्तेजना, Excitement, disturbance.

संशय: (पुं.) *Saṁśayaḥ* सन्देह, शक, Doubt, suspicion.

संशोधनम् (नपुं.) *Saṁśodhanam* ठीक करना, त्रुटि दूर करना, Correction, making due changes, purification.

संश्रय: (पुं.) *Saṁśrayaḥ* आश्रय, निवास, Residence, dwelling place.

संश्लिष्ट (वि.) *Saṁśliṣṭa* मिला हुआ, सम्बन्धित, एकरूप हुआ हुआ, Joined, united, connected together.

संसक्त (वि.) *Saṁsakta* जुड़ा हुआ, चिपका हुआ, Adhered, clung.

संसद् (स्त्री.) *Saṁsad* सभा, गोष्ठी, लोकसभा और राज्यसभा मिलने से बनी संस्था, A meeting, an assembly, parliament.

संसर्ग: (पुं.) *Saṁsargaḥ* सम्बन्ध, मेलजोल, संगति, Company, contact, association.

संसार: (पुं.) *Saṁsāraḥ* दुनिया, जगत्, चलना, The world, going on.

संसृति: (स्त्री.) *Saṁsṛtiḥ* संसार, दुनिया, The world, going on.

संसृष्टि: (स्त्री.) *Saṁsṛṣṭiḥ* मिलन, एकता, एक साथ रहना, साझेदारी, Union, combination, partnership.

संस्करणम् (नपुं.) *Saṁskaraṇam* शुद्धि, संस्कार, संशोधित मुद्रण, Purification, refinement, edition.

संस्कर्त्ता-तृ (पुं.) *Saṁskartā-tṛ* शोधक, शुद्ध करने वाला, अच्छाई पैदा करने वाला, One who makes thing better, a cook.

संस्कार: (पुं.) *Saṁskāraḥ* शोधन, नये गुणों को पैदा करना, Refining, adding new merits, purity.

संस्कृत (वि.) *Saṁskṛta* शोधित, नये गुणों से सम्पन्न, Corrected, refined, added with new qualities.

संस्कृत-भाषा (स्त्री.) *Saṁskṛta-Bhāṣā* शुद्ध और व्याकरण-सम्मत बढ़िया भाषा, The language which is grammatically refined and correct. (संस्कृतं नाम दैवी वागन्वाख्याता महर्षिभि:-काव्यादर्श (1 /33))

संस्कृति: (स्त्री.) *Saṁskṛtiḥ* अनुभवों और परम्परा द्वारा अपनाए गए उत्तम गुणों का समूह, Culture.

संस्तव: (पुं.) *Saṁstavaḥ* प्रशंसा, स्तुति, Praise, commendation.

संस्था (स्त्री.) *Saṁsthā* किसी कार्य को चलाने के लिए बनाया गया संघ, An institution.

संस्थानम् (नपुं.) *Saṁsthānam* प्रतिष्ठान, बड़ी संस्था, समूह, वस्तुओं की सुव्यवस्था, A big institution, a collection, good arrangement.

संहत (वि.) *Saṁhata* एकत्रित, United.

संहरणम् (नपुं.) *Saṁharaṇam* इकट्ठा करना, नष्ट करना, समेटना, Collecting together, destruction.

संहार: (पुं.) *Saṁhāraḥ* विनाश, इकट्ठा करना, बाँधना, Destruction, bringing together.

संहिता (स्त्री.) *Saṁhitā* परम समीपता, सन्धि, सन्धियुक्त वेदमन्त्र, Quite closeness, joining, methodically arranged vedic text.

संहृत (वि.) *Saṁhṛta* इकट्ठा किया हुआ, नष्ट, Collected, destroyed.

संहृति: (स्त्री.) *Saṁhṛtiḥ* देखिए संहार:, See saṁhāraḥ.

सकर्मक (वि.) *Sakarmaka* कर्म से युक्त (व्यक्ति या धातु), Performing an act, having an object, transitive verb.

सकल (वि.) *Sakala* सम्पूर्ण, All, whole, entire.

सकाम (वि.) *Sakāma* इच्छा रखने वाला, अभिलाषी, कामवासना से युक्त, Having a desire, lustful, passionate.

सकाशः (पुं.) *Sakāśaḥ* समीपता, Nearness.

सकृत् (अ.) *Sakṛt* एक बार, Once.

सकोप (वि.) *Sakopa* क्रोधयुक्त, Full of anger, angry.

सक्त (वि.) *Sakta* लगा हुआ, चिपका हुआ, Engaged, busy, adhered to.

सक्तुः (पुं.) *Saktuḥ* सत्तू, The flour of parched barley or some other corn.

सक्थि-थिन् (नपुं.) *Sakthi-thin* जाँघ, The thigh.

सक्रिय (वि.) *Sakriya* कर्मठ, काम में लगा हुआ, Active.

सखा-खि (पुं.) *Sakhā-khi* मित्र, दोस्त, A friend.

सखी (स्त्री.) *Sakhī* सहेली, A female friend.

सख्यम् (नपुं.) *Sakhyam* मित्रता, दोस्ती, Friendship.

सगरः (पुं.) *Sagaraḥ* सूर्यवंश के प्रसिद्ध राजा का नाम, The name of a famous king of the Solar dynasty.

सगर्भः, सगर्भ्यः (पुं.) *Sagarbhaḥ, Sagarbhyaḥ* सगा भाई, Real brother.

सगुण (वि.) *Saguṇa* गुणों से युक्त, Having good qualities.

सग्धिः (स्त्री.) *Sagdhiḥ* एक साथ मिलकर खाना, जेवनार, Eating together, feast.

सङ्कटम् (नपुं.) *Saṅkaṭam* कष्ट, कठिनाई, खतरा, Adversity, difficulty, danger.

सङ्कलनम्-लना (नपुं. स्त्री.) *Saṅkalanam-nā* चुनाव, बहुतों में से कुछ को चुनना, जोड़ना Selection, adding up.

सङ्कलित (वि.) *Saṅkalita* चुना हुआ, छँटा हुआ, जोड़ा हुआ, Selected, sum.

सङ्कल्पः (पुं.) *Saṅkalpaḥ* इरादा, निश्चय, किसी शुभ कार्य के आरम्भ में पढ़ा जाने वाला वाक्य-समूह, Determination, a solemn vow taken before the beginning of some good deed.

सङ्कीर्ण (वि.) *Saṅkīrṇa* तंग, संकुचित, लोगों से भरा हुआ, संकरा, Contracted, wrinkled, crowded, narrow.

सङ्कीर्तनम् (नपुं.) *Saṅkīrtanam* गुणगान करना, स्तुति करना, Praising one's qualities, singing in praise.

सङ्कुचित (वि.) *Saṅkucita* देखिए सङ्कीर्ण, See saṅkīrṇa.

सङ्केतः (पुं.) *Saṅketaḥ* इशारा, निशानी, Indication, pointing, hint.

सङ्कोचः (वि.) *Saṅkocaḥ* सिकुड़न, हिचकिचाहट, Contraction, hesitation.

सङ्क्रमः (पुं.) *Saṅkramaḥ* लाँघना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना, छलाँग, पुल, Transition, going from one point to another, jumping, a bridge.

सङ्क्रमणम् (नपुं.) *Saṅkramaṇam* लाँघना, एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु पर पहुँचना, Transition, passing from one point to another.

सङ्क्रान्तिः (स्त्री.) *Saṅkrāntiḥ* देखिए सङ्क्रमणम्, See saṅkramaṇam.

सङ्क्षयः (पुं.) *Saṅkṣayaḥ* विनाश, तबाही, Destruction, loss, ruin.

सङ्क्षेपः (पुं.) *Saṅkṣepaḥ* थोड़े में कहना, Brevity.

सङ्ख्यम् (नपुं.) *Saṅkhyam* युद्ध, लड़ाई, War, battle, fight.

सङ्ख्या (स्त्री.) *Saṅkhyā* गिनती, गणना, Counting, number.

सङ्ख्यात (वि.) *Saṅkhyāta* गिना हुआ, हिसाब लगाया हुआ, Counted, numbered, calculated.

सङ्गः (पुं.), सङ्गतिः (स्त्री.) *Saṅgaḥ, Saṅgatiḥ* मेल, साथ, सम्पर्क, Company, contact, association.

सङ्गमः (पुं.) *Saṅgamaḥ* मेल, इकट्ठा होना, मिलाप, Meeting, unity, oneness.

सङ्गरः (पुं.) *Saṅgaraḥ* युद्ध, लड़ाई, War, battle, fight.

सङ्गी-गिन् (पुं.) *Saṅgī-gin* साथी, Companion, संगिनी (स्त्री.) साथिन, Female companion.

सङ्गीतम् (नपुं.) *Saṅgītam* गाना, भजन, A song, music.

सङ्गृहीत (वि.) *Saṅgṛhīta* इकट्ठा किया हुआ, Collected.

सङ्ग्रहः (पुं.) *Saṅgrahaḥ* संचय, समूह, Collection, storing.

सङ्ग्रहीता-तृ (पुं.) *Saṅgrahītā-tṛ* इकट्ठा करने वाला, A collector.

सङ्ग्रामः (पुं.) *Saṅgrāmaḥ* युद्ध, लड़ाई, War, battle, fight.

सङ्घः (पुं.) *Saṅghaḥ* समुदाय, समूह, संगठन, A group, multitude, flock, union.

सङ्घट्टः (पुं.) *Saṅghaṭṭaḥ* संघर्ष, रगड़, टक्कर, Friction, rubbing, striking.

सङ्घशः (अ.) *Saṅghaśaḥ* वर्गक्रम से, समूह-क्रम से, Groupwise.

सङ्घर्षः (पुं.) *Saṅgharṣaḥ* रगड़, टकराव, परिश्रम, Friction, clash, struggle, strife.

सङ्घातः (पुं.) *Saṅghātaḥ* मिश्रण, मेल, समूह, A union, combination, collection, multitude.

सचिवः (पुं.) *Sacivaḥ* मंत्री, परामर्शदाता, कार्यालय का मुखिया, A minister, a counsellor, a secretary.

सचेल (वि.) *Sacela* वस्त्रसहित, With garments, dressed.

सचेष्ट (वि.) *Saceṣṭa* सावधान, सक्रिय, Alert, attentive, active

सजल (वि.) *Sajala* पानी से युक्त, Having water.

सजातीय (वि.) *Sajātīya* समान श्रेणी या जाति का, Of the same class or creed.

सज्ज (वि.) *Sajja* तैयार, शोभित, Ready, prepared, beautified.

सज्जा (स्त्री.) *Sajjā* सजावट, शोभा, Beauty, decoration.

सज्जित (वि.) *Sajjita* तैयार, शोभित, Ready, prepared, beautified.

सञ्चयः (पुं.) *Sañcayaḥ* समूह, ढेर, Heap, collection.

सञ्चयनम् (नपुं.) *Sañcayanam* इकट्ठा करना, जमा करना, Heaping, collecting.

सञ्चरणम् (नपुं.) *Sañcaraṇam* गति, चलना, Motion, going, travelling.

सञ्चारः (पुं.) *Sañcāraḥ* गमन, गति, यात्रा, चाल, Going. movement, travelling, roaming.

सञ्चारकः (वि.) *Sañcārakaḥ* चलाने वाला, गति कराने वाला, Conveying, guiding, leading.

सञ्चित (वि.) ***Sañcita*** एकत्रित, संगृहीत, Collected, accumulated.

सञ्चूर्णनम् (नपुं.) ***Sañcūrṇanam*** कुचल देना, मसल देना, Grinding to powder.

सञ्छन्न (वि.) ***Sañchanna*** ढका हुआ, Covered.

सञ्ज् (भ्वा. पर. सञ्जति) ***Sañj*** साथ लगना, चिपकना, To stick, to cling, to adhere.

सञ्जयः (पुं.) ***Sañjayaḥ*** जीत, विजय, विजेता, धृतराष्ट्र को महाभारत सुनाने वाला एक व्यक्ति, Victory, winning, name of the man who narrated the incidents of Mahābhārata to Dhṛtarāṣṭra.

सञ्जीवनम् (नपुं.) ***Sañjīvanam*** इकट्ठा रहना, जीवित करना, Living together, bringing to life.

सञ्जीवनी (स्त्री.) ***Sañjīvanī*** जीवित करने वाली बूटी, A herb which is said to bring to life even the dead.

सञ्ज्ञपनम् (नपुं.) ***Sañjñapanam*** मार देना, Killing.

सञ्ज्ञा (स्त्री.) ***Sañjñā*** चेतना, नाम, Consciousness, a name.

सञ्ज्ञानम् (नपुं.) ***Sañjñānam*** ज्ञान, समझ, Knowledge, understanding, cognizance.

सञ्ज्ञापनम् (नपुं.) ***Sañjñāpanam*** सूचना देना, सिखाना, कत्ल करना, Informing, teaching, slaughter.

सटा (स्त्री.) ***Saṭā*** गर्दन के बाल, केसर, A mane.

सट्टकम् (नपुं.) ***Saṭṭakam*** एक प्रकार का उपरूपक, एक छोटा दृश्य काव्य, Name of a small drama

सततम् (अ.) ***Satatam*** लगातार, Continuously.

सतर्क (वि.) ***Satarka*** सावधान, सचेष्ट, युक्तिसहित, Alert, attentive, reasonable.

सती (स्त्री.) ***Satī*** सत्ता वाली, अच्छी नारी, A woman having power, a virtuous woman.

सतीत्वम् (नपुं.) ***Satītvam*** नारी द्वारा चरित्र का रक्षण, Protection of her virtue by a woman, chastity.

सतीर्थ्यः (पुं.) ***Satīrthyaḥ*** साथ पढ़ने और रहने वाला छात्र, A class-fellow.

सत् (वि.) ***Sat*** अच्छा, होता हुआ, Good, being, taking place.

सत्कारः (पुं.), सत्कृतिः (स्त्री.) ***Satkāraḥ, Satkṛtiḥ*** आदर, सम्मान, Respect, honour.

सत्ता (स्त्री.) ***Sattā*** अस्तित्व, शक्ति, Existence, power.

सत्त्वम् (नपुं.) ***Sattvam*** सत्ता, सार, शक्ति, सामर्थ्य, प्राणी, आत्मा, अन्तरात्मा, Existence, essence, power, ability, living being, soul, spirit, consciousness.

सत्यम् (नपुं.) ***Satyam*** सचाई, Truth, reality.

सत्यापनम् (नपुं.) ***Satyāpanam*** सचाई सिद्ध करना, Proving the truth or reality, attesting.

सत्रम् (नपुं.) ***Satram*** यज्ञ, समय की अवधि, A sacrifice, a session.

सत्वरम् (अ.) ***Satvaram*** शीघ्र, जल्दी, Soon, quickly, speedily.

सत्सङ्गः (पुं.), सत्सङ्गतिः (स्त्री.) ***Satsaṅgaḥ, Satsaṅgatiḥ*** अच्छा साथ, Good company.

सद् (भ्वा. पर. सीदति) ***Sad*** बैठना, दुखी होना, To sit, to feel pain.

सदनम् (नपुं.) *Sadanam* बैठना, घर, Sitting, a house, a dwelling.

सदः-स् (नपुं.) *Sadaḥ-s* सभा, सोसायटी, घर, An assembly, residence, dwelling.

सदस्य (वि.) *Sadasya* किसी सभा या घर का व्यक्ति, A member of a society or house.

सदा (अ.) *Sadā* हमेशा, Always.

सदृक्ष, सदृश्, सदृश (वि.) *Sadṛkṣa, Sadṛś, Sadṛśa* समान, जैसा, Equal, like, similar.

सद्म-मन् (नपुं.) *Sadma-man* घर, निवास, A house, a residence.

सद्यः (अ.) *Sadyaḥ* जल्दी, उसी दिन का, ताजा (जैसे—सद्यः-प्रसूता), Soon, fresh, of the same day.

सधर्मिणी (स्त्री.) *Sadharmiṇī* पत्नी, Wife.

सधर्मी-मिन् (पुं.) *Sadharmī-min* उसी धर्म या कर्त्तव्य का साथी, मिलता-जुलता, Of the same sect or caste or duty, similar.

सध्रीची (स्त्री.) *Sadhrīcī* विश्वसनीय पत्नी, A trusted female companion.

सना, सनात् (अ.) *Sanā, Sanāt* सदा, हमेशा, प्राचीन, Always, ancient.

सनातन (वि.) *Sanātana* पुरातन, शाश्वत, नित्य, Perpetual, constant, eternal, permanent.

सनाथ (वि.) *Sanātha* स्वामी अथवा रक्षक से युक्त, Having a master or a guardian.

सनिः (पुं.) *Saniḥ* विभाजक, बाँटने वाला, (सनिं मेधामयासिषम् /यजुः /32 /13) भेंट, दान, Divider, dividing, a gift, a donation.

सन्ततम् (अ.) *Santatam* लगातार, Continuously.

सन्ततिः (स्त्री.) *Santatiḥ* सन्तान, परम्परा, कतार, An offspring, range, succession, a line or flow.

सन्तप्त (वि.) *Santapta* खूब तपा हुआ, Well-heated.

सन्तर्पणम् (नपुं.) *Santarpaṇam* अच्छी प्रकार तृप्त करना, खूब प्रसन्न करना, शर्बत Satisfying, delighting, fully pleasing, a sweet drink.

सन्तानः-नम् (पुं., नपुं.) *Santānaḥ-nam* विस्तार, फैलाव, औलाद, सन्तति, Stretching, extention, spreading, offspring, family, race.

सन्तानिका (स्त्री.) *Santānikā* मलाई, Cream.

सन्तापः (पुं.) *Santāpaḥ* दुःख, तेज गर्मी, पीड़ा, Distress, torture, excessive heat, pain.

सन्तुष्टिः (स्त्री.), सन्तोषः (पुं.) *Santuṣṭiḥ, Santoṣaḥ* सबर, तृप्ति, Satisfaction, contentment.

सन्त्रासः (पुं.) *Santrāsaḥ* भय, डर, आतङ्क, Fear, terror.

सन्दंशः-शकः (पुं.) *Sandaṁśaḥ-śakaḥ* संडासी या चिमटा, A pair of tongs.

सन्दर्भः (पुं.) *Sandarbhaḥ* निरन्तर सम्बन्ध, प्रकरण, Regular connection, coherence, context.

सन्दानम् (नपुं.) *Sandānam* रस्सी, जंजीर, हाथी के मद के निकलने का स्थान, A cord, a rope, a chain, that part of an elephant's temple whence rut comes out.

सन्दिग्ध (वि.) *Sandigdha* सन्देह से पूर्ण, Doubtful, uncertain.

सन्दिका (स्त्री.) *Sandikā* स्टूल, Stool.

सन्दी (स्त्री.) *Sandī* बेंच, Bench.

सन्दीपनम् (नपुं.) *Sandīpanam* भड़काना, उग्र करना, Kindling, inflaming, exciting.

सन्देशः (पुं.) *Sandeśaḥ* पैगाम, दूतकर्म, एक मिठाई, Message, a sweet dish.

सन्देहः (पुं.) *Sandehaḥ* शक, अनिश्चय, Doubt, uncertainty.

सन्दोहः (पुं.) *Sandohaḥ* समूह, समुदाय, ढेर, A multitude, a group, a heap.

सन्धानम् (नपुं.) *Sandhānam* जोड़ना, मिलाना, टिकाना, Joining, connecting, setting.

सन्धारम् (नपुं.) *Sandhāram* मेज, Table.

सन्धिः (पुं.) *Sandhiḥ* जोड़, मेल, दो वर्णों के मिलने पर होने वाला परिवर्तन, Union, alliance, agreement, taking place of change when two letters are joined.

सन्धुक्षणम् (नपुं.) *Sandhukṣaṇam* तीव्र करना, प्रज्वलित करना, उभारना, धधकाना Kindling, inflaming, exciting.

सन्ध्या (स्त्री.) *Sandhyā* दिन और रात के मिलने का समय, प्रभु से मेल, मेल, Twilight, joining with God, meditation, union.

सन्नत (वि.) *Sannata* पूर्णतः झुका हुआ, Fully bent down.

सन्नतिः (वि.) *Sannatiḥ* नम्रता, झुकाव, प्रणाम, Politeness, humility, respectful salutation.

सन्नद्ध (वि.) *Sannaddha* खूब कसा हुआ, तैयार, Tied fully, prepared.

सन्नाहः (पुं.) *Sannāhaḥ* कवच, Armour.

सन्निकर्षः (पुं.) *Sannikarṣaḥ* सम्बन्ध, निकटता, मेल, Connection, nearness, relation.

सन्निकृष्ट (वि.) *Sannikṛṣṭa* लगभग, निकट Approximate, near.

सन्निधानम् (नपुं.), सन्निधिः (स्त्री.) *Sannidhānam, Sannidhiḥ* समीपता, निकटता, इकट्ठा होना, Nearness, proximity, combination.

सन्निपातः (पुं.) *Sannipātaḥ* इकट्ठा आ गिरना, समूह, ऐसा रोग जिसमें वात-पित्त-कफ सभी बिगड़ जाते हैं, Falling together, coming together, multitude, a disease in which three humours of the body are in a deranged condition.

सन्निवेशः (पुं.) *Sanniveśaḥ* व्यवस्था, निवास, स्थान, Arrangement, position, place, dwelling.

सन्निहित (वि.) *Sannihita* समीप, पास, Lying near or close, at hand.

सन्न्यसनम् (नपुं.) *Sannyasanam* त्याग, छोड़ देना, Leaving, rejecting, complete renunciation.

सन्न्यासः (पुं.) *Sannyāsaḥ* त्याग, संसार को छोड़ना, Leaving, giving up completely, renunciation of the attachment.

सन्न्यासी-सिन् (पुं.) *Sannyāsī-sin* जीवन की चौथी अवस्था को प्राप्त करने वाला साधु, संसार के मोह को त्यागने वाला, A sage who has attained the fourth stage of his life, one who gives up attachment with worldly objects.

सपक्षः (पुं.) *Sapakṣaḥ* समान पक्ष का व्यक्ति, A person of the same side, पंखों वाला, having wings.

सपत्नः (पुं.) *Sapatnaḥ* शत्रु, वैरी, An enemy.

सपत्नी (स्त्री.) *Sapatnī* सौतन, Second wife of one's husband.

सपत्नीकः (पुं.) *Sapatnīkaḥ* पत्नी सहित, A man with wife.

सपदि (अ.) *Sapadi* शीघ्र, तत्काल, Soon, immediately.

सपर्या (स्त्री.) *Saparyā* सेवा, Service, attendance.

सपीतिः (स्त्री.) *Sapītiḥ* साथ-साथ पीना, Drinking together.

सप्त-तन् (त्रिलिंग वि. बहु.) *Sapta-tan* सात, Seven.

सप्तकम् (नपुं.) *Saptakam* सात का समूह, A group of seven.

सप्ततिः (स्त्री.) *Saptatiḥ* सत्तर, Seventy.

सप्तधा (अ.) *Saptadhā* सात प्रकार से, In seven ways.

सप्तम (वि.) *Saptama* सातवाँ, Seventh.

सप्तमी (स्त्री., वि.) *Saptamī* सातवीं, Seventh.

सप्तिः (पुं.) *Saptiḥ* घोड़ा (दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशुः सप्तिः-यजु. /22 /22/) A horse.

सफल (वि.) *Saphala* फल से युक्त, उत्तीर्ण, Fruitful, successful.

सभा (स्त्री.) *Sabhā* गोष्ठी, समाज, संगठन, An assembly, a meeting.

सभाज् (चुरा. उभ. सभाजयति-ते) *Sabhāj* मान देना, सत्कार करना, To pay respect, to greet.

सभ्य (वि.) *Sabhya* सभा में बैठने-उठने योग्य, Civilized.

सभ्यता (स्त्री.) *Sabhyatā* सामाजिकता, नागरिकता, Civilization.

सम् (उप.) *Sam* अच्छा, खूब, Good, much.

सम (वि.) *Sama* बराबर, Equal.

समक्ष (वि.) *Samakṣa* सम्मुख, सामने, Before the eyes, visible, present.

समग्र (वि.) *Samagra* सम्पूर्ण, पूरा-पूरा, Whole, complete, all.

समजः (पुं.) *Samajaḥ* पशुओं का समूह, रेवड़, पक्षियों का गोल, A multitude of animals or birds, a flock, a herd.

समता (स्त्री.), समत्वम् (नपुं.) *Samatā Samatvam* बराबरी, Equality, similarity.

समद (वि.) *Samada* मदमत्त, मद से भरा हुआ, अभिमानी, Intoxicated, mad with rut, furious, proud.

समन्तात् (अ.) *Samantāt* चारों ओर, सभी ओर से, All around, from all sides.

समन्वयः (पुं.) *Samanvayaḥ* ठीक क्रम, समझौता, Correct sequence, mutual connection, adjustment.

समभिहारः (पुं.) *Samabhihāraḥ* आवृत्ति, दोहराना, Repetition.

समयः (पुं.) *Samayaḥ* काल, अवसर, समझौता, शर्त, Time, agreement, opportunity, condition.

समया (अ.) *Samayā* समीप, निकट, Near, close. (इसके योग में द्वितीया होती है; गृहं समया)

समरः-रम् (पुं., नपुं.) *Samaraḥ-ram* युद्ध, लड़ाई, War, struggle, battle.

समर्थ (वि.) *Samartha* शक्तिशाली, योग्य, Able, competent, powerful.

समर्थक (वि.) *Samarthaka* सहायक, पक्षधर, Supporter.

समर्थनम् (नपुं.) *Samarthanam* अनुमोदन, पुष्ट करना, Supporting, justifying.

समर्पणम् (नपुं.) *Samarpaṇam* भेंट करना, सुपुर्द करना, Giving over, handing over, presenting.

समवकारः (पुं.) *Samavakārah* एक दृश्य काव्य (रूपक) का नाम, The name of a kind of drama.

समवस्था (स्त्री.) *Samavasthā* समान स्थिति, दशा या हालत, Similar condition.

समवायः (पुं.) *Samavāyah* मेल, नित्य सम्बन्ध, समूह, Union, inseparable or eternal union, collection.

समवेत (वि.) *Samaveta* सम्मिलित, नित्यरूप से मिला हुआ, Combined eternally..

समवायि-कारणम् (नपुं.) *Samavāyi-karaṇam* जिस से कोई वस्तु बने, जैसे मिट्टी घट का समवायिकारण है, The source from which a thing is made as 'earth is for a pitcher,' material cause.

समष्टिः (स्त्री.) *Samaṣṭiḥ* समूह, समाज, Aggregate, collectiveness.

समस्त (वि.) *Samasta* सम्पूर्ण, संक्षिप्त, समासयुक्त, All, whole, brief, compounded.

समाः (पुं., बहु.) *Samāḥ* वर्ष, साल (जिजीविषेच्छतं समाः /यजु. /40 /2), Year.

समाकुल (वि.) *Samākula* पूर्ण, भरा हुआ, Full, crowded.

समागमः (पुं.) *Samāgamah* मेल, मेला, एकत्रित होना, Union, a fair, a meeting, an association.

समाचारः (पुं.) *Samācārah* आचरण, चालचलन, व्यवहार, खबर, सूचना, Behaviour, conduct, a news, an information.

समाजः (पुं.) *Samājah* मनुष्यों का समूह, A multitude of men, society.

समाधानम् (नपुं.) *Samādhānam* जवाब, उत्तर, सुझाव, ध्यान, Answer, reply, attention, answering, solution of a problem.

समाधिः (पुं.) *Samādhiḥ* समाधान, चित्त की एकाग्रता, ईश्वर में चित्त की स्थिरता, Answering, steadiness of mind, meditation.

समान (वि.) *Samāna* बराबर, एक जैसा, Equal, similar.

समानः (पुं.) *Samānah* प्राण का एक भेद, A kind of Prāṇa.

समापनम् (नपुं.) *Samāpanam* समाप्त करना, पूर्ण करना, Completing, bringing to an end.

समाप्त (वि.) *Samāpta* खत्म, अन्त, Completed, finished, ended.

समाप्तिः (स्त्री.) *Samāptiḥ* पूर्णता, अन्त, Completion, end.

समाम्नायः (पुं.) *Samāmnāyah* शब्दों का कोश, Collection of words.

समाराधनम् (नपुं.) *Samārādhanam* सन्तुष्ट करने का साधन, सन्तोष देने वाला (नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाऽप्येकं समाराधनम्-मालविकाग्निमित्रम्), A means of satisfaction.

समारोपणम् (नपुं.) *Samāropaṇam* ऊपर रखना या चढ़ाना, Placing upon.

समारोपित (वि.) *Samāropita* ऊपर रखा हुआ, Placed upon.

समारोहः (पुं.) *Samārohah* शोभा, सौन्दर्य, उत्कर्ष, चढ़ाई, Beauty, grandeur, height, greatness, ascent.

समावर्तनम् (नपुं.) *Samāvartanam* गुरुकुल से स्नातक बनकर छात्र का घर जाना, A kind of convocation after completing the education in the Gurukulas.

समाविष्ट (वि.) *Samāviṣṭa* शामिल, सम्मिलित, Included, entered in.

समावेशः (पुं.) *Samāveśaḥ* शामिल करना, सम्मिलन, Inclusion, entering in.

समासः (पुं.) *Samāsaḥ* संक्षेप, अनेक शब्दों के मेल से एक शब्द का बनना, Brevity, a compound.

समाहारः (पुं.) *Samāhāraḥ* समूह, A set, group.

समाहित (वि.) *Samāhita* इकट्ठा किया गया, सम्मिलित, समाधान किया हुआ, Included, assembled, solved.

समाहृत (वि.) *Samāhṛta* इकट्ठा किया गया, Brought together, collected.

समितिः (स्त्री.) *Samitiḥ* एक प्रकार की सभा, An assembly, committee.

समिद्ध (वि.) *Samiddha* ज्वाला वाला, तेज ज्वालामय, Lighted up, kindled.

समिधा (स्त्री.) *Samidhā* यज्ञ की लकड़ी, ईंधन, A piece of wood for a sacrifice, fuel.

समीक्षा (स्त्री.) *Samīkṣā* ध्यान से परखना, आलोचना, Investigation, commentary.

समीचीन (वि.) *Samīcīna* अच्छा, उत्तम, उपयुक्त, Good, just, useful.

समीप (वि.) *Samīpa* पास वाला, Staying near, close by, adjacent.

समीरः (पुं.) *Samīraḥ* वायु, आँधी, Air, wind.

समीरणः (पुं.) *Samīraṇaḥ* देखिए समीरः, See samīraḥ.

समीहा (स्त्री.) *Samīhā* इच्छा, चाह, Wish, desire.

समुच्चयः (पुं.) *Samuccayaḥ* ढेर, समूह, Heap, collection.

समुच्छेदः (पुं.) *Samucchedaḥ* सम्पूर्ण विनाश, उन्मूलन, Complete destruction, eradication.

समुच्छ्रयः, समुच्छ्रायः (पुं.) *Samucchrayaḥ, Samucchrāyaḥ* ऊँचाई, उत्कर्ष, Height, elevation.

समुत्कर्षः (पुं.) *Samutkarṣaḥ* उन्नति, उत्कर्ष, बढ़ोत्तरी, Progress, exaltation. arising.

समुत्थानम् (नपुं.) *Samutthānam* उठना, आगे बढ़ना, Rising up, advancement, getting up.

समुदायः (पुं.) *Samudāyaḥ* समूह, A collection, a group, a multitude.

समुद्रः (पुं.) *Samudraḥ* सागर, वारिधि, A sea, an ocean.

समुन्नतिः (स्त्री.) *Samunnatiḥ* पूर्ण उन्नति, पूर्ण वृद्धि, पूर्ण उत्कर्ष, All round progress, full prosperity, full advancement.

समुन्नद्ध (वि.) *Samunnaddha* उद्धत, निर्मर्याद, Proud, arrogant, unfettered.

समुन्मूलनम् (नपुं.) *Samunmūlanam* जड़ से उखाड़ना, पूर्णतः नाश, Uprooting, complete destructon.

समूलम् (अ.) *Samūlam* जड़-सहित, Along with the roots.

समूहः (पुं.) *Samūhaḥ* समुदाय, झुण्ड, A multitude, a group, a collection.

समृद्ध (वि.) *Samṛddha* उन्नत, सम्पन्न, धनी, Elevated, prosperous, wealthy.

समृद्धिः (स्त्री.) *Samṛddhiḥ* सम्पन्नता, उन्नति, धनवत्ता, Prosperity, growth, richness.

समेत (वि.) *Sameta* सहित, युक्त, Alongwith.

सम्पत्तिः, सम्पद् (स्त्री.) *Sampattiḥ, Sampad* धन, ऐश्वर्य, Richness, wealth, prosperity.

सम्पन्न (वि.) *Sampanna* युक्त, सहित, धनी, With, wealthy, rich.

सम्पर्कः (पुं.) *Samparkaḥ* मेल, मिश्रण, सम्बन्ध, Union, mixture, contact.

सम्पातः (पुं.) *Sampātaḥ* एक साथ आ पड़ना, नीचे उतरना, उड़ान, पक्षियों की एक प्रकार की उड़ान, Coming down at once, descending, flight, a kind of flight of birds.

सम्पादनम् (नपुं.) *Sampādanam* निर्माण, रचना, पूर्ण करना, Composing or building, completing, editing.

सम्पुटः (पुं.) *Samputaḥ* खाली स्थान, दौना, पात्र, ढका सन्दूक, A cavity, a pot made of leaves, a casket, a covered box.

सम्पूर्ण (वि.) *Sampūrṇa* पूरा-पूरा, Complete.

सम्पृक्त (वि.) *Sampṛkta* परस्पर मिला हुआ, Joined, connected. (वागर्थाविव सम्पृक्तौ- रघुवंश /1 /1)।

सम्प्रति (अ.) *Samprati* अब, इस समय, Just now, at present.

सम्प्रतिपत्तिः (स्त्री.) *Sampratipattiḥ* सहयोग, स्वीकृति, Cooperation, admission of a fact.

सम्प्रदानम् (नपुं.) *Sampradānam* देना, एक कारक जिसके लिए कुछ किया जाता है, Giving, the dative case (for which something is done.)

सम्प्रदायः (पुं.) *Sampradāyaḥ* मत, धार्मिक विश्वास, A multitude of some faith, a commune, religious belief.

सम्प्रसारणम् (नपुं.) *Samprasāraṇam* फैलना, य्, र्, व् को क्रमशः इ, ऋ, उ में बदलना, Expansion, the changing of y, r, v into i, ṛ, u respectively.

सम्प्राप्तिः (स्त्री.) *Samprāptiḥ* लाभ, प्राप्त करना, Profit, gain, attainment.

सम्प्रोक्षणम् (नपुं.) *Samprokṣaṇam* पानी के छींटे देना, Sprinkling over.

सम्बद्धः (वि.) *Sambaddhaḥ* जुड़ा हुआ, साथ लगा हुआ, Related, joined.

सम्बन्धी-धिन् (पुं.) *Sambandhī-dhin* रिश्तेदार, A relative.

सम्बोधः (पुं.) *Sambodhaḥ* ज्ञान, चेतना, सूचना, Knowledge, consciousness, information.

सम्बोधनम् (नपुं.) *Sambodhanam* बुलाना, बुलाने के लिए प्रयुक्त विभक्ति, Calling, the vocative case, address.

सम्भवः (पुं.) *Sambhavaḥ* उत्पत्ति, हो सकना, एक प्रमाण का नाम, Possibility, birth,, name of a philosophical proof.

सम्भावना (स्त्री.) *Sambhāvanā* कल्पना, उत्प्रेक्षा, Supposition, fancy.

सम्भाषः (पुं.), सम्भाषणम् (नपुं.) *Sambhāṣaḥ, Sambhāṣaṇam* संवाद, बातचीत, A conversation.

सम्भूतिः (स्त्री.) *Sambhūtiḥ* जन्म, उत्पत्ति, Birth, coming into existence, production.

सम्भोगः (पुं.) *Sambhogaḥ* आनन्द लेना, यौन सम्बन्ध, Enjoyment, sexual union.

सम्भ्रान्त (वि.) *Sambhrānta* व्याकुल, सत्यज्ञान से शून्य, सम्माननीय, Perplexed, deprived of real knowledge, respectable.

सम्मत (वि.) *Sammata* स्वीकृत, माना हुआ, Agreed, approved.

सम्मतिः (स्त्री.) *Sammatiḥ* सलाह, विचार, स्वीकृति, Opinion, assent, approval.

सम्मर्दः (पुं.) *Sammardaḥ* भीड़भाड़, जमघट, युद्ध, Rush, throng, crowd, war, battle.

सम्मार्जकः (पुं.) *Sammārjakaḥ* सफाई-कर्मचारी, A sweeper.

सम्मार्जनी (स्त्री.) *Sammārjanī* झाड़ू, A broom.

सम्मीलनम् (नपुं.) *Sammīlanam* बन्द होना, Shutting, closing.

सम्मेलनम् (नपुं.) *Sammelanam* सभा, उत्सव, A function, meeting together, conference.

सम्मोहनम् (नपुं.) *Sammohanam* उलझन, मूर्छा, Confusion, swoon.

सरघा (स्त्री.) *Saraghā* मधुमक्खी, A bee.

सरणी (स्त्री.) *Saraṇī* सड़क, A road.

सरमा (स्त्री.) *Saramā* देवों की कुतिया, Name of a bitch of the gods.

सरयुः (स्त्री.) *Sarayuḥ* अयोध्या के पास बहने वाली नदी का नाम, Name of the river which flows near Ayodhyā.

सरल (वि.) *Sarala* सीधा, सादा, ईमानदार, Simple, right, honest, not crooked.

सरलः (पुं.) *Saralaḥ* चीड़ का वृक्ष, A pine tree.

सरः-रस् (नपुं.) *Saraḥ-ras* तालाब, झील, जलाशय, A pond, a lake, a large tank of water.

सरस (वि.) *Sarasa* आनन्ददायक, रस से पूर्ण, स्वादिष्ठ, Pleasing, juicy, tasty.

सरसी (स्त्री.) *Sarasī* बड़ा तालाब, A lake, a large water-place.

सरस्वती (स्त्री.) *Saraswatī* विद्या की देवी, शारदा, नदी, वाणी, The goddess of knowledge, a river, speech.

सरित् (स्त्री.) *Sarit* नदी, सरिता, A river.

सरीसृपः (पुं.) *Sarīsṛpaḥ* साँप, A snake.

सरूपता (पुं.) *Sarūpatā* समानता, एक जैसा होना, Likeness, assimilation.

सरोष (वि.) *Saroṣa* क्रोध से युक्त, गुस्से से भरा हुआ, Angry, wrathful.

सर्गः (पुं.) *Sargaḥ* सृष्टि, रचना, सृष्टि का काल, काव्यपुस्तक का अध्याय, Creation, the time of creation, a chapter of a poetry book, canto.

सर्जः, सर्जकः (पुं.) *Sarjaḥ, Sarjakaḥ* साल का पेड़, The sāla tree.

सर्पः (पुं.) *Sarpaḥ* साँप, A snake.

सर्पणम् (नपुं.) *Sarpaṇam* खिसकना, फिसलना, Creeping, gliding.

सर्पिणी (स्त्री.) *Sarpiṇī* साँपिनी, A female snake.

सर्पिः-स् (नपुं.) *Sarpiḥ-s* घी, घृत, Clarified butter, (Declination — सर्पिः, सर्पिषी, सर्पींषि)।

सर्व (सर्व.) *Sarva* सब, सारा, All, whole.

सर्वतः (अ.) *Sarvataḥ* सब ओर से, From all sides.

सर्वत्र (अ.) *Sarvatra* सब जगह, Everywhere.

सर्वथा (अ.) *Sarvathā* सब प्रकार से, In every way.

सर्वदा (अ.) *Sarvadā* हमेशा, Always.

सर्वशः (अ.) *Sarvaśaḥ* सम्पूर्ण रूप से, Wholly, entirely.

सर्षपः (पुं.) *Sarṣapaḥ* सरसों, Mustard.

सलज्ज (वि.) *Salajja* शर्मीला, लज्जालु, Modest, shameful.

सवः (पुं.), सवनम् (नपुं.) *Savaḥ, Savanam* अर्क निकालना, सार निकालना, Extraction.

सवर्ण (वि.) *Savarṇa* उसी वर्ण का, प्रथम तीन वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) का व्यक्ति, Of the same caste or colour, a man of the three upper castes.

सविकल्पक (वि.) *Savikalpaka* ऐच्छिक, निश्चय से रहित, संदिग्ध, Optional, doubtful.

सविता-तृ (पुं.) *Savitā-tṛ* सूर्य, उत्पन्न करने वाला, The sun, generator.

सविधे (अ.) *Savidhe* समीप, पास, Near, close.

सविनय (वि.) *Savinaya* नम्रता के साथ, मानपूर्वक, Politely, respectfully.

सव्य (वि.) *Savya* बायाँ, Left.

सस्यम् (नपुं.) *Sasyam* अन्न, अनाज, फसल, Corn, grain, crop.

सस्वेद (वि.) *Sasveda* पसीने से युक्त, Covered with sweat, perspired.

सह् (भ्वा. आ. सहते) *Sah* सहना, To tolerate, to bear.

सह (अ.) *Saha* साथ, With.

सहसा (अ.) *Sahasā* एकदम, अचानक, At once, suddenly.

सहस्रम् (नपुं.) *Sahasram* हज़ार, One thousand.

सहस्रधा (अ.) *Sahasradhā* हज़ारों प्रकार से, In thousand ways.

सहस्रशः (अ.) *Sahasraśaḥ* हज़ारों, By thousands.

सहायः (पुं.) *Sahāyaḥ* सहायक, मित्र, Helper.

सहायता (स्त्री.) *Sahāyatā* इमदाद, मदद, सहयोग, Help, assistance.

सहित (वि.) *Sahita* साथ, Together, with, accompanied.

सहिष्णु (वि.) *Sahiṣṇu* सहनशील, Capable of bearing, tolerant.

सहृदय (वि.) *Sahṛdaya* संवदेनशील, सहानुभूतिमय, Good-hearted, sympathetic, kind.

सह्य (वि.) *Sahya* सहने योग्य, Tolerable, bearable.

साकम् (अ.) *Sākam* साथ, With.

साकल्यम् (नपुं.) *Sākalyam* पूर्णता, Totality, entirety.

साक्षात् (अ.) *Sākṣāt* प्रत्यक्षरूप से, Visibly, evidently.

साक्षात्कारः (पुं.) *Sākṣātkāraḥ* सम्मुख मिलना, देखना-भालना, भेंट होना, An interview, a perception.

साक्षी-क्षिन् (पुं.) *Sākṣī-kṣin* गवाह, A witness.

साक्ष्यम् (नपुं.) *Sākṣyam* गवाही, An evidence, witnessing.

साक्षेप (वि.) *Sākṣepa* आक्षेप युक्त, तानेभरा, Taunting, abusive.

सागरः (पुं.) *Sāgaraḥ* समुद्र, A sea, an ocean.

साङ्केतिक (वि.) *Sāṅketika* इशारे वाला, निर्देशात्मक, Symbolic, conventional.

साङ्ख्य (वि.) *Sāṅkhya* संख्याओं से सम्बन्धित, सांख्य दर्शन से सम्बन्धित, Relating to numbers, calculating, relating to the Sāṅkhya philosophy.

साचिव्यम् (नपुं.) *Sācivyam* मंत्रित्व, मंत्री का कार्य, Ministry, secretariat.

सातत्यम् (नपुं.) *Sātatyam* निरन्तरता, लगातार होना, Continuity.

सात्त्विक (वि.) *Sāttvika* सत्य, वास्तविक, सत्त्व गुण से सम्पन्न, सादा, Real, true, having 'sattva guṇa', simple.

सात्वती (स्त्री.) *Sātvatī* शिशुपाल की माता का नाम, Name of Śiśupāla's mother.

सादी-दिन् (पुं.) *Sādī-din* घुड़सवार, A horseman.

सादृश्यम् (नपुं.) *Sādṛśyam* समता, तुलना, Similarity, comparison.

साधकः (पुं.) *Sādhakaḥ* किसी कार्य को करने में लगा व्यक्ति, सिद्ध करने वाला, One working to achieve an aim, helper, assisting.

साधनम् (नपुं.) *Sādhanam* कार्यसिद्धि में उपकरण, Instrument, tool, means.

साधना (स्त्री.) *Sādhanā* परिश्रम, लगन, Labour, worship, interest.

साधारण (वि.) *Sādhāraṇa* मामूली, सामान्य, Common, ordinary.

साधिका (स्त्री.) *Sādhikā* उद्देश्य में लगी हुई नारी, A woman working skilfully.

साधिमा-मन् (पुं.) *Sādhimā-man* सिद्धि, सफलता, Perfection, success.

साधिष्ठ (वि.) *Sādhiṣṭha* सबसे अच्छा, Best.

साधीयस् (वि.) *Sādhīyas* दो में अच्छा, Better.

साध्य (वि.) *Sādhya* सिद्ध करने योग्य, प्रमाणित करने योग्य, To be proved, to be accomplished.

साध्वसम् (नपुं.) *Sādhvasam* भय, डर, आतंक, घबड़ाहट, Fear, terror, alarm.

साध्वी (स्त्री.) *Sādhvī* अच्छी नारी, A good woman.

सानु (नपुं.) *Sānū* चोटी, शिखर, पर्वत पर समतल भूमि, A peak, a top, level ground on the top of a mountain.

सानुमान्-मत् (पुं.) *Sānumān-mat* पर्वत, A mountain.

सानुनय (वि.) *Sānunaya* नम्रतापूर्ण, सभ्यतापूर्ण, Courteous, gentle.

सान्दीपनिः (पुं.) *Sāndīpaniḥ* श्रीकृष्ण के गुरु ऋषि का नाम, Name of the sage who was the preceptor of Kṛṣṇa.

सान्द्र (वि.) *Sāndra* घना, Dense.

सान्ध्य (वि.) *Sāndhya* संध्या के काल से सम्बन्धित, Relating to the twilight.

सान्निध्यम् (नपुं.) *Sānnidhyam* समीपता, Nearness.

सान्वय (वि.) *Sānvaya* वंश-सहित, क्रमपूर्वक, Hereditary, by order.

सापेक्ष (वि.) *Sāpekṣa* दूसरों पर आश्रित, Depending on others.

साप्तपदीनम् (वि.) *Sāptapadīnam* सात कदमों में होने वाला, मित्रता, Formed by walking together seven steps, friendship.

साफल्यम् (नपुं.) *Sāphalyam* सफलता, कामयाबी, Success.

सामग्री (स्त्री.) *Sāmagrī* सामान, सभी वस्तुओं का समूह, Collection of material, stock, provision.

सामञ्जस्यम् (नपुं.) *Sāmañjasyam* समभाव, साथ रखना, समन्वय, Adjustment, fitness.

साम-मन् (नपुं.) *Sāma-man* सामवेद, शान्ति, Sāma Veda, calmness, peace.

सामन्तः (पुं.) *Sāmantaḥ* पड़ोसी या छोटा राजा, A neighbouring king, a feudatory prince.

सामयिक (वि.) ***Sāmayika*** समय के अनुसार, Timely, conventional.

सामर्थ्यम् (नपुं.) ***Sāmarthyam*** शक्ति, योग्यता, Power, ability, capacity.

सामाजिक (वि.) ***Sāmājika*** समाज से सम्बन्धित, Social.

सामान्य (वि.) ***Sāmānya*** आम, सब लोगों में बराबर, Common, general.

सामि (अ.) ***Sāmi*** आधा, Semi, half.

सामीप्यम् (नपुं.) ***Sāmīpyam*** समीपता, निकटता, Nearness, proximity.

साम्यम् (नपुं.) ***Sāmyam*** समता, बराबरी, सादृश्य, Equality, similarity.

साम्राज्यम् (नपुं.) ***Sāmrājyam*** बड़ा राज्य, प्रभुसत्ता, Complete sovereignty, an empire.

सायन्तन (वि.) ***Sāyantana*** सायंकालीन, शाम का, Belonging to the evening.

सायम् (अ.) ***Sāyam*** शाम का समय, The evening time.

सायुज्यम् (नपुं.) ***Sāyujyam*** मेलजोल, परिचय, Intimate union, identification.

सारः (पुं.) ***Sāraḥ*** तत्त्व, असलीयत, शक्ति, Essence, reality, main points, power.

सारघम् (नपुं.) ***Sāragham*** मधु, शहद, Honey.

सारङ्गः (पुं.) ***Sāraṅgaḥ*** हरिण, बारहसिंगा, बादल, मोर, शंख, भौंरा, A deer, antelope, cloud, peacock, black bee, conch-shell.

सारङ्गी (स्त्री.) ***Sāraṅgī*** सारंगी नामक वाद्य विशेष, Violin, a kind of stringed instrument.

सारथिः (पुं.) ***Sārathiḥ*** रथ चलाने वाला, A charioteer.

सारमेयः (पुं.) ***Sārameyaḥ*** कुत्ता, A dog.

सारसः (पुं.) ***Sārasaḥ*** सारस, A crane.

सारिका (स्त्री.) ***Sārikā*** मैना, A kind of talking bird.

सारूप्यम् (नपुं.) ***Sārūpyam*** समता, बराबरी, Likeness, similarity.

सार्थक (वि.) ***Sārthaka*** अर्थयुक्त, सोद्देश्य, Meaningful, purposeful.

सार्धम् (अ.) ***Sārdham*** साथ, With.

अनुप्रास अलंकार के पाँच भेद हैं। इनमें से सबसे मुख्य अंत्यानुप्रास है, जिसे हिन्दी में तुक कह देते हैं। Anuprāsa Alaṅkāra is of five kinds, the most important of them being Antyānuprāsa.

2.अन्त्यानुप्रास *Antyānuprāsa* :- स्वरसहित व्यञ्जन जब किसी पद्य में स्वर सहित आवृत्त होता है, तो उसे अंत्यानुप्रास कहते हैं। संस्कृत में इसका लक्षण और उदाहरण देखिए :- When a consonant having a vowel before it is repeated with it then it is called *Antyānuprāsa*.

See its definition and example in Saṁskṛta :-

व्यञ्जनं चेद् यथावस्थं सहाद्येन स्वरेण तु।
आवर्त्यतेऽन्त्ययोज्यत्वाद् अन्त्यानुप्रास एव सः।। सा.द./10/अंत्यानुप्रास

Vyañjanaṁ ced yathāvasthaṁ sahādyena svareṇa tu,
Āvartyate'ntyayojyatvād antyānuprāsa eva saḥ.

आप 'केशः काशस्तबक' श्लोक में में 'आसः' और 'अल्पम्', की आवृत्ति पढ़ आए हैं; वहाँ अन्त्यानुप्रास है। इसी प्रकार यहाँ भी देखिए :- In the '*Keśaḥ kāśastabak*' verse '*Āsaḥ*' and '*Alpam*', the ending sounds are repeated. In the same manner, see here also :—

बालस्तावत्क्रीडा-रक्तः,
युवकस्तावत्युवती-सक्तः।।
Balastāvat-krīḍā-raktaḥ.
Yuvakastāvat-yuvatī-saktaḥ.

यहाँ भी पाद के अन्त में 'अक्तः' की आवृत्ति होने से अन्त्यानुप्रास है।

Here also in this verse, '*Aktaḥ*', the ending sound has been repeated. So it is also an example of *Antyānuprāsa*..

3.यमक *Yamaka* :— जब एक पूरा शब्द सार्थक होता है, और उसी प्रकार स्वरों और व्यंजनों का समूह यदि भिन्नार्थक अथवा किसी शब्द का खण्ड होता है, या किसी अन्य शब्द से मिलकर बनता है और इसीलिए निरर्थक होता है, तो वहाँ यमक अलंकार होता है। संस्कृत में इसका लक्षण देखिए :- When a group of letters forms a complete word which is meaningful and another such group of letters is a part of some other word and is meaningless or has a different meaning, then that figure of speech is called Yamaka. Please note its definition in Saṁskṛta :-

सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जन-संहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।। सा.दर्प. /10/यमक

Satyarthe pṛthagarthāyāḥ svara-vyañjana-saṁhateḥ.
Kramena tenaivāvṛttiryamakaṁ vinigadyate.

उदाहरण (Example) :-

नव-पलाश-पलाशवनं पुरः,
स्फुटपराग-परागत पङ्कजम्।
मृदुलतान्त-लतान्तमलोकयत्,
स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।। शिशु.व./6/2

Nava-palāśa-palāśavanaṁ puraḥ,
Sphuṭa-parāga-parāgata-paṅkajam.
Mṛdula-tānta-latāntamalokayat,
Sa surabhiṁ surabhiṁ sumanobharaiḥ. Śiśu. Va. / 6 / 2.

इस पद्य में पहले 'पलाश' का अर्थ पत्ता है, और दूसरे 'पलाश' का अर्थ ढाक है। इसलिए दोनों शब्द भिन्नार्थक होने से यमक अलंकार है। इसी प्रकार पहला 'पराग' सार्थक परन्तु 'परागत' का 'पराग' निरर्थक होने से यहाँ भी यमक अलंकार है। इसी प्रकार तीसरी पंक्ति में पहला 'तान्त' सार्थक और 'लतान्त' का 'तान्त' निरर्थक होने से यहाँ भी यमक अलंकार है। चौथे चरण में एक 'सुरभि' का अर्थ है 'सुगन्धित' और दूसरे 'सुरभि' का अर्थ है 'वसन्त ऋतु।' यहाँ दोनों भिन्नार्थक होने से भी यमक अलंकार है। In this verse, in the first line '***Palāśa***' word has been repeated but with diffrent meanings. In the second line, '***Parāga***' has been repeated, but the second Parāga is a part of '***Parāgata***'. In the third line '***Tānta***' has been repeated but the second Tānta is a part of '***Latānta***'. In the last line, '***Surabhi***' word has been repeated but one is an adjective and the other is a noun. Hence 'Yamaka' can be seen in all the above four lines .

4.श्लेष ***Śleṣa*** **(Figure of Speech of Pun) :—** अनेक अर्थ देने वाले पदों का जहाँ प्रयोग होता है, वहाँ श्लेष अलंकार होता है। संस्कृत में इसका लक्षण देखिए :- When the words of more than one meaning are used in a poetic composition, then it is

called pun or ***Śleṣa Alaṅkāra***. The definition in saṁskṛta is given below :-

श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते।। सा.द./श्लेष/10

Śliṣṭaiḥ padairanekārthābhidhāne śleṣa iṣyate.

उदाहरण (Example) :-

'अयं वीरोऽमित्राणां मित्राणां च सामर्थ्यकृत् अस्ति।'

Ayaṁ vīro'mitrāṇāṁ mitrāṇāṁ ca sāmarthyakṛt asti.

यहाँ 'सामर्थ्यकृत्' शब्द में श्लेष है। शत्रुओं की तरफ इसका अर्थ होगा 'शत्रुओं की शक्ति को काटने वाला।' यहाँ 'कृत्' शब्द 'कृती' छेदनार्थक धातु से बना है। मित्रों की ओर 'कृत्' का अर्थ होगा 'शक्ति बढ़ाने वाला।' यहाँ 'कृत्' 'कृ' धातु का रूप होगा। एक ही शब्द मित्रों और शत्रुओं के पक्ष में दो अर्थ देने के कारण यहाँ श्लेष अलंकार है। In this line, 'कृत्' has two meanings, 'cutter' and 'promoter'. For enemies, a brave man is a cutter of their strength and for friends, he is a promotor of their strength. As there are two meanings of one word, hence it is ***Śleṣālaṅkāra*** (Figure of pun) here.

5.उपमा अलंकार *Upamā* (Simile) :- जहाँ उपमेय की उपमान के साथ किसी विशेष गुण के कारण समता बताई जाती है, वहाँ उपमा अलंकार होता है। When one thing is compared with the other one on account of some similar quality, then ***Upamā Alaṅkāra*** takes place.

उपमा के चार अंग होते हैं (Simile has four parts) :-

1.उपमेय (*Upameya*) :- वह वस्तु जिसकी तुलना की जाती है (The thing which is compared).

2.उपमान (*Upamāna*) :- वह वस्तु जिससे तुलना की जाती है (The thing with which a thing is compared).

3.सामान्य धर्म (Common Quality) :- उपमान और उपमेय में होने वाले समान गुण को सामान्यधर्म कहते हैं (The quality which is common in Upamāna and Upameya is called *Sāmānya Dharma*.)

4.वाचक शब्द **(Denoting Simile) :-** जो शब्द समता बताता है, उसे वाचक शब्द कहते हैं (The word which is used for comparison, is called Vācaka *Śabda*.) संस्कृत में लक्षण और उदाहरण साथ-साथ देखिए (Please note the definition and example, both in Saṁskṛta, in one verse).

उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः।
हंसीव कृष्ण ते कीर्तिः स्वर्गङ्गामवगाहते।। दशरूपक/उपमा

Upamā yatra sādṛśya-lakṣmīrullasati dvayoḥ,
Haṁsīva Kṛṣṇa te kīrtiḥ svargaṅgāmavagāhate.

यहाँ कृष्ण की 'कीर्ति' उपमेय, 'हंसी' उपमान, 'इव' वाचक शब्द और 'अवगाहते' सामान्यधर्म होने से उपमा अलंकार है। (In this verse, ***'kīrti'***, upameya, is being compared with ***'Haṁsī'*** which is ***Upamāna***, 'iva' is the ***Vācaka Śabda*** and ***'Avagāhana'*** is the common quality. Hence here it is Upamā ***Alaṅkāra***.

6.मालोपमा ***Mālopamā*** **(Series of Similes) :-** यदि एक उपमेय हो और उपमान बहुत से हों, तो मालोपमा अलंकार होता है। संस्कृत में इसका लक्षण और फिर उदाहरण भी देखिए :- When there is one Upameya and the ***Upamānas*** are more than one, then 'it is called ***Mālopamā Alaṅkāra***. Its definition in ***Saṁskṛta*** and the example are given below :-

मालोपमा यदैकस्योपमानं बहु दृश्यते। सा.द./10/मालो.

Mālopamā yadaikasyopamānaṁ bahu dṛśyate.

उदाहरण **(Example) :-**

पुलाका इव धान्येषु, पूतिका इव पक्षिषु।
मशका इव मर्त्येषु, येषां धर्मो न कारणम्।। पञ्च./काको./95

Pulākā iva dhānyeṣu, pūtikā iva pakṣiṣu,
Maśakā iva martyeṣu, yeṣāṁ dharmo na kāraṇam.

यहाँ धर्म-हीन व्यक्तियों की तुलना 'पुलाक' नामक निम्नकोटि के धान्य से, पक्षियों में पूतिका (पंखों वाली दीमक से) और प्राणियों में मच्छरों से की गई है। 'धर्महीनता' यहाँ सामान्य धर्म और 'इव' वाचकशब्द हैं।

अनेक उपमान और एक उपमेय (धर्महीन व्यक्ति) होने के कारण यहाँ मालोपमा अलंकार हैं। The persons without good character are compared with 'Pulāka' among corns, with winged white ants among birds and with mosquitoes among living beings, 'Want of character' is the common quality and 'iva' is the comparing word. Hence here we can note ***'Mālopamā' alaṅkāra.***

इन्द्रवज्रा छन्द के उदाहरण 'विद्येव पुंसो महिमेव राज्ञः' में भी मालोपमा अलंकार है।

In the example of Indravajrā chanda, 'Vidyeva puṁso, mahimeva rajñaḥ' ***Mālopamā*** may be noted. (Page 328)

7.अनन्वय ***Ananvaya*** :- जहाँ उपमेय ही उपमान बन जाता है, वहाँ अनन्वय अलंकार होता है। संस्कृत में इसका लक्षण देखिए :- When the Upameya itself becomes an ***Upamāna***, then there is Ananvaya ***alaṅkāra***. It is defined in ***Saṁskṛta*** as below :-

उपमानोपमेयत्वमेकस्यैव त्वनन्वयः। सा.द./10/अनन्वय

Upamānopameyatvamekasyaiva tvananvayaḥ.

उदाहरण (Example) :-

रामरावणयोर्युद्धं रामरावणयोरिव। दशरूपक/अनन्वय/

Rāma-Rāvaṇayoryuddhaṁ Rāma-Rāvaṇayoriva.

यहाँ 'रामरावणयोर्युद्धम्' उपमान भी है और उपमेय भी। अतः अनन्वय अलंकार है। Here 'RāmaRāvaṇayoryuddhaṁ' is both, upamāna and upameya. Hence here it is Ananvaya Alaṅkāra.

8.रूपक अलंकार ***Rūpaka Alaṅkāra*** :- जब किसी सामान्यगुण के कारण उपमेय को उपमान का ही रूप दे दिया जाता है, तब रूपक अलंकार होता है। 'मुखचन्द्रः शोभते' में 'मुख' उपमेय को शोभा के कारण 'चन्द्र' का रूप दे दिया गया है। अतः यहाँ रूपक अलंकार है। संस्कृत में इसका लक्षण इस प्रकार से है :- When Upameya itself becomes an ***Upamāna*** due to some common quality, then it is called ***Rūpaka*** (metaphor) ***Alaṅkāra***. It is defined as below :-

तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः। सा.द. 'रूपक'

Tadrūpakamabhedo ya upamānopameyayoḥ

उदाहरण (Example) :-

केशः काशस्तबक-विकासः

Keśaḥ kāśastabaka-vikāsaḥ

यहाँ वृद्धावस्था के सफेद बालों को काश के फूलों का रूप दिया गया है। अतः यहाँ रूपक अलंकार है। In this verse, the grey hair of old age are shown as a cluster of the flower of reeds. Hence this verse has ***Rūpaka*** (Metaphor) ***Alaṅkāra***.

9.उल्लेख **Ullekha (Description)** :- जहाँ एक वस्तु को अनेक व्यक्तियों की दृष्टि से अथवा विषयों की दृष्टि से अनेक रूप दिए जाएँ, वहाँ उल्लेख अलंकार होता है। संस्कृत में लक्षण देखिए :- When one thing is described in many ways from different point of views, then there is **Ullekha** ***Alaṅkāra***. It is defined as below :-

क्वचिद् भेदाद् ग्रहीतॄणां विषयाणां वा तथा क्वचित्।
एकस्यानेकधोल्लेखो यः स उल्लेख उच्यते।। सा.द. / उल्लेख

Kvacid bhedād grahītṝṇāṁ viṣyāṇāṁ vā tathā kvacit,
Ekasyānekadhollekho yaḥ sa ullekha ucyate.

उदाहरण (Example) :-

प्रिय इति गोपवधूभिः, शिशुरिति वृद्धैः अधीश इति देवैः।
नारायण इति भक्तैः, ब्रह्मेत्यग्राहि योगिभिर्देवः।। सा.द. उल्लेख

Priya iti gopavadhūbhiḥ, śiśuriti vṛddhaiḥ adhīśa iti Devaiḥ,
Nārāyaṇa iti bhaktaiḥ, Brahmetyagrāhi yogibhirdevaḥ.

यहाँ श्रीकृष्ण को भिन्न-भिन्न रूप से भिन्न-भिन्न लोगों ने ग्रहण किया है, अतः यहाँ उल्लेख अलंकार है। **Śrī *Kṛṣṇa*** has been seen in different ways by different people here. So **Ullekha *alaṅkāra*** exists here.

10.अपह्नुति ***Apahnuti*** **(Concealment)** :- अपह्नुति का अर्थ है छिपाना। जहाँ असली वस्तु को निषिद्ध कर उसे किसी विशेष गुण के कारण उपमान

ही बता दिया जाता है, वहाँ अपह्नुति अलंकार होता है। संस्कृत में लक्षण देखिए :- This word means 'concealing'. When the thing that is present is negated and it is described as the thing compared with due to some common quality, then there is Apahnuti *Alaṅkāra*. It is defined thus :-

प्रकृतं प्रतिषिध्यान्यस्थापनं स्यादपह्नुतिः। सा.द. / अपह्नुति

Prakṛtaṁ pratiṣidhyānyasthāpanaṁ syādapahnutiḥ.

('प्रकृत' का अर्थ है उपस्थित वस्तु Prakṛta means 'present thing').

उदाहरण (Example) :-

नेदं नभोमण्डलमम्बुराशिः,
नैताश्च ताराः नवफेनभङ्गाः।
नासौ शशी कुण्डलितः फणीन्द्रो,
नासौ कलङ्कः शयितो मुरारिः।। सा.द./10/अप.

Nedaṁ nabhomaṇḍalamamburāśiḥ,
Naitāśca tārāḥ navaphenabhaṅgāḥ.
Nāsau śaśī kuṇḍalitaḥ phaṇīndro,
Nasau kalaṅkaḥ śayito murāriḥ.

यहाँ प्रस्तुत आकाशमण्डल को निषिद्ध कर उसे अम्बुराशि (सागर) कहा गया है। तारों को निषिद्ध कर उन्हें फेन (झाग) के टुकड़े बताया गया है। इसी प्रकार चन्द्रमा को निषिद्ध कर उसे कुण्डल मारे 'शेषनाग' और चन्द्रमा के कलंक को 'सोए हुए विष्णु' का रूप दिया गया है। इस प्रकार प्रस्तुत वस्तुओं का निषेध कर उनके स्थान में अप्रस्तुत वस्तुओं को बताया गया है। इसलिए यहाँ अपह्नुति अलंकार है। Here the sky, the stars, the moon and the spot in the moon have been negated and in their place, the ocean, particles of foam, *Śeṣanāga* and *Viṣṇu* have been shown respectively. Hence there is Apahnuti *alaṅkāra* in this verse.

11.**उत्प्रेक्षा *Utprekṣā* (Conjecture) :-** जहाँ किसी वस्तु या क्रिया में किसी अन्य वस्तु की या अन्य क्रिया की कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। इसे बताने के लिए 'मन्ये, शङ्के, इव' आदि शब्दों का प्रयोग होता है। संस्कृत में इसका लक्षण इस प्रकार से है :-

When another thing is conjected in one thing, then ***Utpreksa Alaṅkāra*** takes place. To show this 'manye, *śaṅke*, iva etc.' words are used. It is defined thus :-

भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा, प्रकृतस्य परात्मना। सा.द. / उत्प्रेक्षा

Bhavet sambhāvanotprekṣā prakṛtasya parātmanā.

उदाहरण (Example) :-

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि, वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।। मृच्छ./1/34

Limpatīva tamo'ṅgāni, varṣatīvāñjanaṁ nabhaḥ,
Asatpuruṣaseveva dṛṣṭirviphalatāṁ gatā.

यहाँ अन्धकार से अंगों को लीपने की कल्पना की गई है। इसी प्रकार अंधकार में दूसरी कल्पना है 'आकाश द्वारा कालिख की वर्षा करने की।' इस प्रकार यहाँ दो उत्प्रेक्षाएँ हैं। दूसरी पंक्ति में उपमा अलंकार भी है। In this verse, it is supposed that darkness is plastering the organs, and the sky is throwing down blackness. Hence, we can note ***Utprekṣā*** in two places here. In the next line there is ***Upamā*** also.

12.अतिशयोक्ति ***Atiśayokti*** (Exaggeration) :- जब किसी वस्तु का वर्णन लोकसीमा से बढ़-चढ़ कर दिखाया जाता है, तब अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इसमें कभी पशुओं या वस्तुओं का मानवीकरण होता है, कहीं कारण और कार्य साथ-साथ, कहीं कार्य पहले और कारण बाद में दिखाया जाता है। इस प्रकार अतिशयोक्ति अलंकार कई प्रकार का होता है। आगे लक्षण देखिए :- When any thing is explained in an exaggerated manner, then ***Atiśayokti alaṅkāra*** takes place. Sometimes animals or inanimates are described as human beings, sometimes action and its result are shown together and sometimes the result comes before the action. Thus, this ***alaṅkāra*** has many kinds. It is defined in ***Saṁskṛta*** as below :-

सिद्धत्वेऽध्यवसायस्यातिशयोक्तिर्निगद्यते।।सा.द./10/अति.

Siddhatve'dhyavasāyasyātiśayoktirnigadyate.

उदाहरण (Examples) :-

(1) सममेव समाक्रान्तं द्वयं द्विरदगामिना।
तेन सिंहासनं पित्र्यम्, अखिलं चारिमण्डलम्।। रघुवंश/1/11/85

Samameva samākrāntaṁ dvayaṁ dviradagāminā,
Tena siṁhāsanaṁ pitryam akhilaṁ cārimaṇḍalam.

यहाँ कारण और कार्य साथ-साथ हैं। (Here action and its result are shown at the same time.)

(2) प्रागेव हरिणाक्षीणां चित्तमुत्कलिकाकुलम्।
पश्चादुद्भिन्नबकुल-रसालमुकुलश्रियः।। सा.द./10/अति./

Prāgeva hariṇākṣīṇāṁ cittamutkalikākulam,
Paścādudbhinna-bakula-rasāla-mukulaṣriyaḥ.

इस श्लोक में कार्य पहले और कारण को बाद में बताया गया है। (In this verse, result has been shown before the cause took place.)

(3) व्याजस्तुतिस्तव पयोद मयोदितेयम्।
यज्जीवनाय जगतस्तव जीवनानि। सा.द./10/ व्याजोक्ति

Vyājastutistava payoda mayoditeyam,
Yajjīvanāya jagatastava jīvanāni.

यहाँ अचेतन पयोद (मेघ) में चेतनवत् व्यवहार करने के कारण अतिशयोक्ति अलंकार है। (Here the inanimate cloud has been personified. So ***Atiśayokti alaṅkāra*** can be seen here also.

13.विशेषोक्ति *Viśeṣokti* (Distinctive saying) :- कारण के होते हुए भी जब उससे होने वाला परिणाम न निकले, तो वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है। संस्कृत में इस का लक्षण इस प्रकार से है :- Inspite of the presence of cause when the effect is missing, then it is said to be ***Viśeṣokti alaṅkāra*** It is defined as below :-

सति हेतौ फलाभावे विशेषोक्तिः। सा.द. / विशेषोक्ति

Sati hetau phalābhāve viśeṣoktiḥ.

उदाहरण (Example) :-

धनिनोऽपि निरुन्मादाः, युवानोऽपि न चञ्चलाः।
प्रभवोऽप्यप्रमत्तास्ते, महामहिमशालिनः।। सा. द./विशेषोक्ति

Dhanino'pi nirunmādāḥ, yuvāno'pi na cañcalāḥ,
Prabhavo'pyapramattāste, mahāmahimaśālinaḥ.

प्रायः धन से अभिमान, जवानी से चञ्चलता और अधिकार से घमण्ड पैदा हो जाते हैं, परन्तु यहाँ इन कारणों के होते हुए भी इन का फल नहीं निकला। इसलिए यहाँ विशेषोक्ति अलंकार है। Generally, wealth, youth and power generate pride, unsteadiness and haughtiness respectively. But in this verse, these causes show no effect. Therefore ***Viśeṣokti alaṅkāra*** can be noted here.

14.निदर्शना ***Nidarśanā*** :- जहाँ सम्भव या असम्भव वस्तुओं को एक वाक्य में ही बिम्ब-प्रतिबिम्ब रूप से दिखाया जाता है, वहाँ निदर्शना अलंकार होता है। संस्कृत में लक्षण इस प्रकार से है :- When possible or impossible things are shown in one sentence as an object and its reflection, then it is ***Nidarśanā alaṅkāra***. It is defined as below :-

सम्भवन् वस्तुसम्बन्धोऽसम्भवन् वापि कुत्रचित्।
यत्र बिम्बानुबिम्बत्वं, बोधयेत्सा निदर्शना।। सा.द./निदर्शना

Sambhavan vastusambandho'sambhavan vāpi kutracit,
Yatra bimbānubimbatvaṁ bodhayet sā nidarśanā.

उदाहरण (Example) :-

(1) दुर्विदग्धानां मूर्खाणां शिक्षणं सिकताभ्यः तैलप्राप्तिः।
Durvidagdhānāṁ mūrkhāṇāṁ śikṣaṇaṁ sikatābhyaḥ tailaprāptiḥ.

(2) इदं किलाव्याजमनोहरं वपुस्तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति।। अभि. शा./1/18

Idaṁ kilāvyājamanoharaṁ vapustapaḥ-kṣamaṁ sādhayituṁ ya icchati,
Dhruvaṁ sa nīlotpala-patra-dhārayā, śamīlatāṁ chettumṛṣirvyavasyati.

यहाँ शकुन्तला की तपश्चर्या देखकर दुष्यन्त ऐसा कह रहा है।

15.अप्रस्तुतप्रशंसा *Aprastuta-praśaṁsā* :- जब किसी प्रस्तुत व्यक्ति को किसी अप्रस्तुत वस्तु का वर्णन करके कोई बात कही जाती है, तो वहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार होता है। इसी का दूसरा नाम अन्योक्ति है। संस्कृत में इसका लक्षण इस प्रकार से है :- When a present person is not told something directly, but through some other things, then it is *Aprastuta praśaṁsā.* It is also called **Anyokti.** It is defined as below :-

अप्रस्तुतात् प्रस्तुतं चेद् गम्यते, अप्रस्तुतप्रशंसा तदा भवेत्।। सा.द.
Aprastutāt prastutaṁ ced gamyate, aprastutapraśaṁsā tadā bhavet.

उदाहरण (Examples) :-

(1) पादाहतं यदुत्थाय मूर्धानमधिरोहति,
स्वस्थादेवापमानेऽपि देहिनस्तद्वरं रजः।। शिशु. वध./2/4/

Pādāhataṁ yadutthāya mūrdhānamadhirohati,
Svasthādevāpamāne'pi dehinastadvaraṁ rajaḥ.

इस श्लोक में धूलि की प्रशंसा करके बलराम श्रीकृष्ण को शिशुपाल की हत्या की प्रेरणा दे रहे हैं। अप्रस्तुत धूलि द्वारा ही श्रीकृष्ण को निर्देश देने के कारण यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार है। In this verse, Kṛṣṇa who is present, is being provoked by praising the quality of dust which is not present there. So it is ***Aprastuta praśaṁsā alaṅkāra*** here.

(2) कोकिलोऽहं भवान् काकः, समानः कालिमावयोः।
अन्तरं कथयिष्यन्ति, काकली-कोविदाः पुनः।।

Kokilo'haṁ bhavān kākaḥ, samānaḥ kālimāvayoḥ,
Antaraṁ kathayiṣyanti, kākalī-kovidāḥ punaḥ.

इसमें एक प्रस्तुत कवि, दूसरे प्रस्तुत कवि को अपनी बात सीधे न कह कर अपने को कोयल और दूसरे को कौए के रूप में कह रहा है। कोयल और कौआ दोनों अप्रस्तुत हैं। इन का ही वर्णन होने के कारण यहाँ भी अप्रस्तुत - प्रशंसा अलंकार है। Here two poets are described by the means of a cuckoo and a crow, which are not the subject matter. Therefore we can see ***Aprastuta praśaṁsā*** in this verse also.

परिशिष्ट Pariśiṣṭa (Appendix) VI

न्याया: (Nyāyāḥ)

(Well-known maxims)

1.अंधपरम्परा-न्याय *Andha-paramparā-nyāya* :- अंधे के पीछे अंधों का चलना। इसका तात्पर्य है कि अंधाधुन्ध नकल करना। ऐसा करने से यदि कदाचित् अगला व्यक्ति संकट में पड़ता है, तो सभी संकट में पड़ जाते हैं। अत: विवेकशील बनना चाहिए और अन्धाधुन्ध नकल नहीं करनी चाहिए। The maxim of blind following blind :– It means to follow a person blindly. In such case, if the leader gets into difficulty, the followers also have to bear the consequences. Hence one should think first and then act accordingly. So it is said "look before you leap." One should not follow anybody blindly.

2.काकतालीय-न्याय *Kākatālīya-nyāya* :- ज्यों ही कोई कौआ ताड़ की टहनी पर बैठा, त्यों ही ताड़ का एक फल उस पर आ गिरा और उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना अचानक हुई; फल मारने के लिए नहीं गिरा था। इसलिए सहसा जब कोई घटना घट जाती है तो कह दिया जाता है कि यह काकतालीय न्याय से हुई; इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। The Maxim of the crow and the palm fruit :– As soon as a crow sat upon the branch of a palm tree, its fruit fell upon its head causing its death. This was an accidental occurrence. So when any such unexpected event takes place, it is said, "It has happened by ***Kākatālīya Nyāya.***"

3.काकदन्त-गवेषण-न्याय *Kākadanta-gaveṣaṇa-nyāya* :- जैसे कौए के दाँतों को देखने के लिए प्रयास करना व्यर्थ है, उसी प्रकार व्यर्थ के काम में जब कोई लगता है तो उसे कह दिया जाता है – "काक-दन्त-गवेषण क्यों कर रहे हो? इसमें समय नष्ट मत करो।" The maxim of looking at a crow's teeth :– As looking at a crow's teeth is a useless attempt, in the same manner when some person wastes his time in useless pursuits, then we can say — "Don't waste your time in ***Kākadanta-gaveṣaṇa.***"

4.काकाक्षिगोलक-न्याय ***Kākākṣigolaka-nyāya*** :- ऐसा माना जाता है कि कौए की दोनों आँखों में एक ही पुतली होती है। वह उसे दाएँ या बाएँ किसी भी अक्षिकूप में ले जा सकता है। इस प्रकार एक वस्तु से दो लाभ होना ही अक्षिगोलक-न्याय है। इसे ही 'एक पंथ दो काज' कहा जाता है। The maxim of a crow's eye-ball :– It is supposed that the crow has only one eye-ball and it can move it to the right or to the left socket as the occasion requires. So when one thing serves two purposes, then we say, "This is ***Kākākṣi-golaka-nyāya.*** " In this way it has the same sense as "to kill two birds with one stone."

5.कूपयंत्रघटिका-न्याय ***Kūpayantra-ghaṭikā-nyāya*** :- रहट चलते समय कुछ टिंडे भर कर ऊपर आते हैं, तो कुछ खाली होकर नीचे जाते हैं। सदा एक दशा नहीं रहती। संसार की इस परिवर्तनशीलता को बताने के लिए ही हम कह देते हैं – "कूपयंत्रघटिका के न्याय को समझो और सम्पत्ति आने पर अभिमान मत करो।" ऋग्वेद में यही भाव इस प्रकार से बताया गया है 'ओ हि वर्तन्ते रथ्येव चक्रा, अन्योऽन्यमुपतिष्ठन्त रायः। ऋ/10/117/5।" The Maxim of the buckets of a well:– As some buckets become full and some empty when a Persian-wheel moves, same is the case with the worldly conditions. Those who enjoy prosperity now, may feel adversity in the future. So one should not be proud in prosperity and think of ***Kūpayantra-ghaṭikā-nyāya.***

6.घुणाक्षर-न्याय ***Ghuṇākṣara-nyāya*** :- लकड़ी को खाने वाला कीड़ा स्वेच्छा से लकड़ी को खाता चला जाता है। जहाँ से लकड़ी खाई गई, वहाँ यदि लकड़ी खाने से 'न, प, म, ग' में से कोई अक्षर बन गया, तो हम कहेंगे कि वह घुणाक्षर न्याय है, क्योंकि कीड़े को अक्षर बनाने की कला नहीं आती। इसी प्रकार जब कोई घटना अचानक घट जाती है तो हम कह देते हैं – यह तो घुणाक्षर-न्याय से हो गया है। काकतालीय न्याय और घुणाक्षर-न्याय समानार्थक हैं। The Maxim of letter-writing by an insect :– A wood-eater insect eats wood and sometime a letter may be formed by its eating. The insect doesn't know the construction of letters and so the letter has been formed by chance. Hence when

any unexpected event takes place, we say — "It has happened by *Ghuṇākṣara-nyāya.*" It has the same sense as that of *Kākatālīya-nyāya.*

7.दण्डापूपिका-न्याय *Daṇḍāpūpikā-nyāya* :- किसी मनुष्य ने डण्डा और पूआ साथ-साथ रख दिया और बच्चे को साथ लेकर सो गया। बच्चे को भूख लगी तो जाग उठा और कुछ खाने को माँगा। पिता ने कहा -- "डण्डे के पास पूआ रखा है, उसे उठाकर खा लो।" बच्चा डण्डे के स्थान पर गया और देखा कि चूहे डण्डे को कुतर रहे हैं। उसने पिता को आकर ऐसा ही बता दिया। पिता ने झट कह दिया – "जब चूहे डण्डे को खा रहे हैं, तो पूआ भी वही खा गए होंगे।" एक बात की सिद्धि से दूसरी बात की सिद्धि हो जाना ही 'दण्डापूपिका-न्याय' है। यही न्याय अर्थापत्ति अलंकार का मूल है। The Maxim of a stick and a cake :– A man put a cake near a stick. After sometime he noted that the stick had been eaten by some rats. He concluded that the rats who had eaten the stick must have eaten the cake also. In this way when some thing is asserted by the assertion of another thing, then we say, "It has been proved by *Daṇḍāpūpikā-nyāya.*"

8.देहली-दीप-न्याय *Dehalī-dīpa-nyāya* :- दरवाज़े की देहरी पर रखा हुआ दीपक जैसे दोनों ओर प्रकाश देता है, ठीक उसी प्रकार जब एक क्रिया से दोनों ओर लाभ होता है, तब हम कह सकते हैं कि देहली-दीप-न्याय से दोनों ओर लाभ हो गया है। The Maxim of a lamp on the threshold of a house :– As a lamp placed or hanging on a threshold gives light on both the sides, similarly when an action is beneficial for two or more persons, then we can say — "It is because of the *Dehalīdīpa-nyāya.*"

9.पङ्कप्रक्षालन-न्याय *Paṅka-prakṣālana-nyāya* :- कीचड़ को धोने की अपेक्षा कीचड़ में न धँसना ही उचित है। जब एक मार्ग सूखे में से जाता हो और एक मार्ग कीचड़ में से जाता हो, तो सूखे से ही जाना ठीक है। कीचड़ के मार्ग से जाने पर पैर गंदे हो जाते हैं और फिर उन्हें धोना पड़ता है। यह न्याय इस बात का संकेत करता है कि बुरे काम करके प्रायश्चित्त करने की अपेक्षा बुरा काम न करना ही अच्छा है। A Maxim

of washing of the mud :– A man should not go by a muddy path when a dry path is available. It is better to keep off the mud, than to wash it. This maxim is used when a man, after doing some bad deeds, tries for repentance. Then we can say, "It is only *Paṅka-prakṣālana-nyāya.*"

10.पिष्ट–पेषण–न्याय *Piṣṭapeṣaṇa-nyāya* :- जैसे पिसे आटे को फिर पीसना व्यर्थ है, उसी प्रकार एक बार कही बात को बार–बार दोहराना व्यर्थ है। अतः पिष्ट–पेषण उचित नहीं। जो व्यक्ति बार–बार एक ही बात को दोहराए, उसे कहा जा सकता है – "पिष्टपेषणमेतावत् पर्याप्तं छिद्यतां कथा।" भाई! तुमने बहुत कुछ कह लिया, अब तो उस बात को छोड़ो। The maxim of grinding the ground flour :– As grinding of the already ground flour is useless, so is the case of repetition of one thing. When a man repeats the same thing again and again, then we can say "Don't do *Piṣṭa-peṣaṇa.*"

11.बीजाङ्कुर–न्याय *Bījāṅkura-nyāya* :- जैसे बीज से ही अंकुर पैदा होता है, इसी प्रकार किसी कारण के होने पर ही कोई कार्य हुआ करता है। दो लड़ते हुए भाइयों को देखकर बीजाङ्कुर–न्याय से लड़ाई के कारण को जानकर उसे दूर करने से लड़ाई समाप्त की जा सकती है। किसी परिणाम को देखकर उसके कारण को जानना ही बीजाङ्कुर–न्याय है। The maxim of seed and sprout :– As a seed is the source of a sprout, so every action is the result of some cause. Hence we should find out the root cause of a friction by *Bījāṅkura-nyāya* and then remove that cause.

12.लोह–चुम्बक–न्याय *Loha-cumbaka-nyāya* :- किन्हीं दो में यदि गाढ़ा प्रेम है और वे एक–दूसरे से खिंचे चले आते हैं, तो हम कह सकते हैं – "यहाँ तो लोह–चुम्बक–न्याय है।" The maxim of iron and the magnet :– This maxim is used to denote very close affinity between two persons, due to which they are attracted to each other. Then we say, "They are attracted to each other by *Lohacumbaka-nyāya.*"

13.वह्निधूम–न्याय *Vahni-dhūma-nyāya* :- जहाँ धुआँ होता है, वहाँ प्रायः आग होती है, इस नियम से हेतु द्वारा साथ रहने वाले साध्य को सिद्ध करना ही वह्निधूम–न्याय कहलाता है। यही न्याय अनुमान प्रमाण में महत्त्वपूर्ण

माना जाता है। यह बीजांकुर न्याय के समान ही है। The maxim of fire and smoke :– After seeing smoke going up at some place, we can guess about the existence of fire there. To guess a thing by another thing that accompanies it, is called ***Vahnidhūma-nyāya.***

14.वृद्धा-कुमारी-वाक्य-न्याय *Vṛddhā-kumārī-vākya-nyāya* :- कहते हैं कि एक वृद्धा कुमारी से इन्द्र ने कोई वर माँगने को कहा। वृद्धा ने तब यह वर माँगा – "मेरे पुत्र दूध-घी से पूर्ण भात सोने के बर्तन में खाएँ।" यह वर है तो एक, परन्तु इस में अपनी युवावस्था भी माँग ली गई है, क्योंकि वृद्धा के तो पुत्र हो नहीं सकते; अपने पति को भी माँग लिया गया है, क्योंकि बिना पति के पुत्र नहीं हो सकते और फिर उनके लिए सोने के पात्रों में भोजन माँगा है, जिसमें घर का सब ऐश्वर्य समा जाता है। इस प्रकार जब एक बात से अनेक लाभों की कामना की गई हो, तब कहा जा सकता है – "यह तो वृद्धाकुमारी-वाक्य-न्याय है।" The maxim of the saying of an old-virgin :– Asked by Indra, an old virgin requested him to grant her this boon — "Grant me such sons who would eat boiled rice with ghee and milk in a golden plate." This boon has covered many things :- Her lost youth, a husband, her sons and prosperity. So when any person makes a demand which covers many things, then we can say, "It is ***Vṛdhā-kumārī-vākya-nyāya.***"

15.सिंहावलोकन-न्याय ***Simhāvalokana-nyāya*** :- जब शेर चलता है, तो बीच-बीच में पीछे देख लेता है कि कहीं कोई आक्रमणकारी तो नहीं आ रहा। इसी प्रकार बीती हुई घटनाओं या लेखों पर दृष्टि डालना सिंहावलोकन-न्याय कहलाता है। इससे मनुष्य कई त्रुटियों से बच जाता है। The maxim of looking backward by a lion :– Generally, when a lion walks, he looks backward now and then to know about any hunter. To think or see the past events or actions or written matters is called ***Simhvālokana-nyāya.*** This is very useful in keeping track of the difficulties or problems.

16.सूचीकटाह-न्याय ***Śucī-kaṭāha nyāya*** :- जब लोहार को सूई और कड़ाह बनाने को कहा गया, तो उसने सूई पहले बनाई और फिर कड़ाह बनाया, क्योंकि सूई बनाना छोटा और आसान काम था और कड़ाह

बनाना बड़ा और कठिन काम था। बुद्धिमान् लोग सूची-कटाह-न्याय से सरल काम पहले निपटा कर कठिन काम बाद में करते हैं। The maxim of a needle and a big pan :– An iron-smith was told to make a needle and a big pan. He first made a needle because it was very easy. And after that he made the pan which was some-what difficult. This incident shows that easier or smaller work should be done first and after that, the difficult or bigger one should be taken in hand.

17. स्वामिभृत्य-न्याय *Svāmibhṛtya-nyāya* :- यह न्याय सहायता देने वाले और सहायता लेने वाले अथवा पोषक और पोषणीय की स्थिति को बताता है। जैसे स्वामी बड़ा और भृत्य छोटा कहलाता है, उसी प्रकार सहायक महान और सहायता प्राप्त करने वाला छोटा कहलाता है। The maxim of a master and a servant :– It is used to mark the relation-ship of supporter and supported and their positions.

परिशिष्ट Pariśiṣṭa (Appendix) VII

कुछ पौराणिक एवं ऐतिहासिक नामों का परिचय

Glossary of some mythological and historical names etc.

अङ्गद (पौ.) ***Aṅgada*** :- रामायण-कथा में प्रसिद्ध एक वानर जो बाली एवं तारा का पुत्र और राम की सेना का प्रमुख सैनिक था, जिसने राम-रावण युद्ध के पूर्व राम का दूत बनकर रावण-सभा में जाकर उसे बहुत अपमानित किया था । In the epic Ramāyaṇa, a famous monkey soldier of Lord Rāma's army ; son of Tārā and Bālī. Before the war, he went to Rāvaṇa's court as Rāma's emissary and there, he humiliated Rāvaṇa before his assembled courtiers.

अङ्गिरा (पौ.) ***Aṅgirā*** :- वैदिक कालीन एक ऋषि जो प्रजापतियों में से एक माने जाते थे । ये ब्रह्मविद्या में पारंगत थे । इन्होंने अथर्ववेद का दर्शन किया था, इसलिए इन्हें अथर्वा भी कहा गया है । A celebrated sage of the Vedic era ; considered as one of the Prajāpatis ; an exponent of Brahmavidyā ; he is also called Atharvā because the Atharva Veda was revealed to him by Lord Brahmā.

अम्बरीष (पौ.) ***Ambarīṣa*** :- एक विष्णु-भक्त और सूर्यवंशी राजा जो अयोध्या के शासक थे । A famous king belonging to the Sun dynasty of Ayodhya ; celebrated for his devotion to Lord Viṣṇu.

अक्रूर (पौ.) ***Akrūra*** :- श्वफलक तथा गांदिनी के पुत्र एक यादव जो कृष्ण और बलराम के चाचा लगते थे । इनका विवाह उग्रसेन की कन्या उग्रसेना से हुआ था । कंस के प्रस्ताव पर ये धनुष-पूजा में बलराम और कृष्ण को गोकुल से मथुरा ले गए थे और कंस की हत्या के लिए कृष्ण को प्रेरित किया था । A Yādava ; son of Śvaphalaka & Gāndinī ; uncle of Kṛṣṇa and Balarāma ; married to Ugrasenā, the daughter of Ugrasena ; he brought Kṛṣṇa & Balarāma to Mathurā from Gokula for the bow sacrifice on the order of Kaṁsa and later, motivated Kṛṣṇa to slay Kaṁsa.

अक्षयवट (पौ.) ***Akṣayavaṭa*** :- पुराण-प्रसिद्ध वट-वृक्ष जो गंगा-यमुना के संगम पर स्थित है । A famous mythological banyan tree in the holy city of Prayāga situated on the confluence of three rivers.

अगस्त्य (पौ.) *Agastya* :- एक वैदिक ऋषि जिसने आर्य धर्म-प्रचारक के रूप में विंध्याचल को पार कर दक्षिण-प्रदेश में अपना निवास-स्थान बनाया था। ये मित्रावरुण के पुत्र थे। इसलिए इन्हें मैत्रावरुणि, कुम्भसंभव आदि नामों से जाना जाता है। ये दक्षिण में कुंजर पर्वत पर रहते थे। वनवास-काल में इन्होंने श्री राम को वैष्णव धनुष प्रदान किया था। A Vedic sage who crossed the Vindhyas to propagate the Arya religion and made his abode on the Kuñjaraparvata in southern India ; son of Mitrāvaruṇa, hence called Maitrāvaruṇi ; also called Kumbhasambhava. During Rāma's exile in the forest, he presented his own Vaiṣṇava bow to him.

अच्युत (पौ.) *Acyuta* :- विष्णु का एक नाम। One of the epithets of Lord Viṣṇu.

अज (पौ.) *Aja* :- जन्मरहित होने के कारण ब्रह्मा, विष्णु, तथा महेश के लिए इस शब्द का प्रयोग होता है। महाराज दशरथ के पिता जो सूर्यवंश के एक प्रतापी राजा और अयोध्या के शासक थे, का भी यही नाम है। इनकी पत्नी इन्दुमती थी। Used for Brahmā, Viṣṇu and Maheśa because they are not-born or are birthless ; also the name of an illustrious king of the Sun dynasty of Ayodhya who was also Daśaratha's father and Indumatī's husband.

अजातशत्रु (ऐति.) *Ajātaśatru* :- मगध के राजा बिम्बसार के पुत्र, जिन्होंने अपने पिता को बंदी बनाया और भूखा मार डाला था। Son of Bimbasāra, the ruler of Magadha ; he put his father in jail and starved him to death.

अदिति (पौ.) *Aditi* :- दक्ष-प्रजापति की कन्या तथा कश्यप-प्रजापति की पत्नी और देवताओं की माता। Daughter of Dakṣa Prajāpati, wife of Kaśyapa prajāpati and mother of gods.

अनङ्ग (पौ.) *Anaṅga* :- कामदेव का एक नाम। इसने भगवान् शिव पर अपना पुष्पबाण छोड़ा था, जिससे शिव की तपस्या भंग हुई और उनका तीसरा नेत्र खुल गया, जिसकी ज्वाला से कामदेव जल कर राख हो गया। भस्म हो कर भी वह बिना शरीर के जीवित है, इसलिए इसे अनंग कहते हैं। One of the epithets of the god of love, so called because of his being formless ; he was burnt to ashes by the flames leaping from Śiva's third eye when he disturbed Śiva in his meditation by shooting at him with an arrow of flowers.

अनन्त (पौ.) *Ananta* :- शेषनाग का एक नाम जो नाग-लोक का अधिपति है। यह कश्यप और कद्रू का पुत्र है। अनन्तशीर्षा इसकी पत्नी है। यह भगवान् विष्णु की शय्या के रूप में प्रसिद्ध है। One of the epithets of king of the Nāgaloka, Śeṣanāga — the thousand-headed serpent ; son of Kaśyapa & Kadrū ; husband of Anantaśirṣā ; he is represented as forming the resting place of Lord Viṣṇu.

अनसूया (पौ.) *Anasūyā* :- एक प्राचीन तपस्विनी नारी जो अपने पतिव्रता-धर्म के लिए प्रसिद्ध है। यह अत्रि ऋषि की पत्नी थी। Wife of sage Atri ; an ancient female ascetic who was famous for her virtue and unwavering fidelity to her husband.

अनूरु (पौ.) *Anūru* :- गरुड़ का ज्येष्ठ भ्राता और सूर्य का सारथी जो ऊरु (जाँघों) के बिना पैदा हुआ था। इसलिए उसे अनूरु कहा गया है। Elder brother of Garuḍa ; charioteer of the sun ; he was born without thighs, hence called Anūru.

अभिमन्यु (पौ.) *Abhimanyu* :- अर्जुन और सुभद्रा का वीर पुत्र। इसकी पत्नी उत्तरा थी। यह चक्रव्यूह-भेदन के समय कौरवों के द्वारा मारा गया था। Brave son of Arjuna and Subhadrā ; husband of Uttarā ; he was killed by the Kauravas, after he broke in the 'Cakravyūha' formation.

अमरावती (पौ.) *Amarāvatī* :- देवताओं की राजधानी जहाँ इन्द्र निवास करते हैं। यह नगरी नन्दन वन एवं पारिजात वृक्षों से अलंकृत है। The capital city of gods ; abode of Indra. It is adorned with Nandana Vana where Pārijāta trees grow.

अरणि (पौ.) *Araṇi* :- व्यास-मुनि की पत्नी तथा शुकदेव की माता। Wife of sage Vyāsa ; mother of Śukadeva.

अरुन्धती (पौ.) *Arundhatī* :- कर्दम तथा देवहूति की पुत्री जिसका विवाह वशिष्ठ के साथ हुआ था। Daughter of Kardama and Devāhūti and wife of Vaśiṣṭha.

अर्जुन (पौ.) *Arjuna* :- पञ्च पाण्डवों में तृतीय जो कुन्ती का पुत्र और गुरु द्रोणाचार्य का श्रेष्ठ शिष्य था। यह महाभारत युद्ध का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर था। Third among the five Pāṇḍavas ; son of Kuntī ; favourite disciple of Droṇācārya and the greatest archer of the Mahābhārata war.

अशोक (ऐति.) ***Aśoka*** :- बिंदुसार का पुत्र तथा चंद्रगुप्त मौर्य का प्रपौत्र जिसका शासनकाल ई०पू० 336–296 तक रहा । कलिंग पर विजय प्राप्त करने के बाद इसने बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया और इसी धर्म का प्रचारक बन गया । Son of Bindusāra ; great grandson of Candragupta Mauryā ; he ruled over Magadha from 336 to 296 B.C and after conquering Kaliṅga, adopted Budhism and became its propagator.

अहल्या (पौ.) ***Ahalyā*** :- पंच कुमारियों में से से एक, जिसका विवाह गौतम मुनि के साथ हुआ था । चारित्रिक अपराध के कारण वह पति के शाप से पत्थर बन गई थी और त्रेतायुग में भगवान् राम के चरणस्पर्श से शाप–मुक्त हो बदरिकाश्रम में जाकर अपने पति से मिली । One of the Pañca Kumārīs (five virgins) ; wife of sage Gautama ; she was turned into a stone because of the curse of her husband who doubted her virtue. In Tretāyuga, she was liberated from the curse after having touched Rāma's feet and got reunited with her husband in Badarikāśrama.

आंगिरस (पौ.) ***Āṅgirasa*** :- अंगिरा ऋषि के पुत्र बृहस्पति। Bṛhaspati, the son of sage Aṅgirā.

आञ्जनेय (पौ.) ***Āñjaneya*** :- अंजना के पुत्र हनुमान्। Hanuman, the son of Añjanā.

आदित्यहृदय (पौ.) ***Ādityahṛdaya*** :- एक मंत्र जिसका उपदेश अगस्त्य मुनि ने रावण के वध के पूर्व राम को दिया था । A Mantra (sacred hymn) taught by sage Agastya to Rāma before Rāma slew Rāvaṇa.

आस्तीक (पौ.) ***Āstīka*** :- ऋषि जरत्कारु का पुत्र जो बड़ा शास्त्रज्ञ था । इसने जनमेजय के नागयज्ञ में तक्षक एवं नागवंश की रक्षा की थी । Son of sage Jaratkāru ; proficient in the Śastras ; he was instrumental in saving Takṣaka and the Nāga race in the Nāga - sacrifice performed by Janamejaya.

इक्ष्वाकु (पौ.) ***Ikṣvāku*** :- वैवस्वत मनु का पुत्र जो सूर्यवंश का प्रथम शासक था । Son of Vaivasvata Manu ; first ruler of the Sun dynasty.

इन्द्र (पौ.) ***Indra*** :- देवताओं का राजा । ऋग्वेद में यह बड़े योद्धा के रूप

में चित्रित है । King of gods ; described as a very courageous warrior in the Ṛgveda.

इन्द्राणी (पौ.) ***Indrāṇi***:- देवराज इन्द्र की पत्नी । शची, जो पुलोमा नामक असुर की पुत्री थी । जयन्त और जयन्ती इन्द्राणी की संतान हैं । Śacī – daughter of an asura named Pulomā ; wife of Indra ; mother of Jayanta & Jayantī.

उद्धव (पौ.) ***Uddhava***:- एक प्रसिद्ध यादव जो भगवान् कृष्ण के परम मित्र और बृहस्पति के शिष्य थे । ये ज्ञानी संत थे । भगवान् कृष्ण ने इन्हीं के द्वारा अपना संदेश व्रज की गोपियों को भेजा था । A famous Yādava ; learned saint ; disciple of Bṛhaspati ; an intimate friend of Lord Kṛṣṇa, who acted as Kṛṣṇa's messenger to the Gopīs (cow-herdesses) of Vraja.

उमा (पौ.) ***Umā***:- हिमालय तथा मेना की पुत्री पार्वती जिसका विवाह शिव के साथ हुआ था और जो कुमार कार्तिकेय की माता थी । Pārvatī, the daughter of Himālaya and Menā ; wife of Lord Śiva ; mother of Kumāra Kārtikeya.

उर्मिला (पौ.) ***Urmilā***:- सीता जी की छोटी बहन जिसका विवाह लक्ष्मण के साथ हुआ था । Younger sister of Sītā and wife of Lakṣmaṇa.

उर्वशी (पौ.) ***Urvaśī***:- स्वर्ग की एक प्रसिद्ध अप्सरा जिसका जन्म नारायण मुनि के ऊरु से हुआ था । यह कुछ समय तक पुरुरवा की पत्नी के रूप में पृथ्वी पर रही । A celestial nymph born from the thigh of sage Nārāyaṇa. She dwelled on earth for sometime as the wife of Pururavā.

उशना (पौ.) ***Uśanā***:- असुरों के गुरु शुक्र का एक नाम । ये नीतिशास्त्र के प्रसिद्ध रचयिता हैं । Another name of Śukra, the preceptor of the asuras (demons) ; famed for his authorship of the Nītiśāstra.

उषा (पौ.) ***Uṣā***:- बाणासुर की पुत्री तथा राजा बलि की पौत्री । तिलोत्तमा नामक सुन्दरी अप्सरा ही दुर्वासा के शाप के कारण बाणासुर के यहाँ उषा नाम से उत्पन्न हुई थी । इसका विवाह श्री कृष्ण के पौत्र प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध के साथ हुआ था । Daughter of Bāṇāsura and the great-grand-daughter of King Bali ; a celestial nymph Tilottmā was born as Uṣā

due to sage Durvāsā's curse. She married Aniruddha, the son of Pradyumna and great-grandson of Kṛṣṇa.

ऋषभ (पौ.) *Ṛṣabha*:- जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर। The first saint-preceptor of the Jainism.

एकलव्य (पौ.) *Ekalavya*:- हस्तिनापुर के भीलों के राजा हिरण्यधनु का पुत्र, जिसने गुरु द्रोण की मूर्ति बनाकर धनुर्विद्या का अभ्यास किया था और गुरुदक्षिणा में अपने दाहिने हाथ का अंगूठा कटार से काटकर द्रोण के चरणों में रख दिया था। Son of Hiraṇyadhanu, the king of Bhīlas (a wild tribe) of Hastināpura; practised archery before a self-made statue of Guru Droṇācārya. He is celebrated for cutting off the thumb of his right hand and placing it at the feet of his Guru as Gurudakṣiṇā (the teacher's fee) when asked by the latter to do so.

ऐरावत (पौ.) *Airāvata*:- इन्द्र के हाथी का नाम। यह पूर्व दिशा का रक्षक माना जाता है। इसके चार दाँत हैं और इसका वर्ण सफेद है। समुद्र-मन्थन से उत्पन्न चौदह रत्नों में से यह एक रत्न है। Indra's elephant, who is the protector of the Eastern quarter; he has four tusks and white colour; one of the fourteen jewels produced from the churning of the ocean.

कंस (पौ.) *Kaṁsa*:- मथुरा का राजा जो देवकी का भाई और श्रीकृष्ण का मामा था। कृष्ण ने इसका वध किया था। King of Mathurā; brother of Devakī; uncle of Kṛṣṇa; he was slain by Kṛṣṇa.

कच (पौ.) *Kaca*:- देवगुरु बृहस्पति का पुत्र जिसने देवासुर-संग्राम के समय शिष्य बन कर शुक्राचार्य से मृतसंजीवनी-विद्या का उपदेश प्राप्त किया था। Son of Bṛhaspati, the preceptor of gods; he attained knowledge of Mritasañjīvanī from Śukrācārya, the preceptor of the demons, by becoming the latter's disciple, during the war between the gods and the demons.

कठ (पौ.) *Kaṭha*:- एक ऋषि जो भारद्वाज ऋषि के शिष्य थे। A sage who was a disciple of sage Bhāradvāja.

कण्व (पौ.) *Kaṇva*:- ब्रह्मा के पुत्र, एक ऋषि जो कश्यप वंश में उत्पन्न हुए थे। इन्होंने शकुन्तला का अपनी पुत्री की भांति अपने आश्रम में पालन-पोषण किया था। A sage; son of Brahmā; he belonged to

Kaśyapa dynasty and brought Śakuntala up as his own daughter in his hermitage.

कबन्ध (पौ.) ***Kabandha***:- सिर-रहित एक दैत्य, जिसका राम ने वध किया था । A headless demon slain by Rāma.

कर्ण (पौ.) ***Karṇa***:- कुन्ती का प्रथम पुत्र जो उसके विवाह से पूर्व पैदा हुआ था । यह महाभारत के प्रमुख योद्धाओं में से एक था । दुर्योधन का अंतरंग मित्र और अंग देश का राजा था । अर्जुन ने इसे मारा था । First son of Kuntī, born before her marriage ; one of the chief warriors of Mahābhārata ; a close friend of Duryodhana ; king of Aṅga ; he was slain by Arjuna.

कश्यप (पौ.) ***Kaśyapa***:- एक ऋषि जो ब्रह्मा के पौत्र और मरीचि के पुत्र कहे जाते हैं । ये अत्यन्त बुद्धिमान्, वेद-शास्त्रों में पारंगत एवं मनोनिग्रही थे । इनकी पत्नी दिति से दैत्य और अदिति से आदित्य उत्पन्न हुए । A sage known as the grandson of Brahmā and son of Marīci ; he was very learned and conversant with the Vedas and the Śāstras ; had tremendous self-control ; his sons born of Diti were called Daityas, i.e. demons, and of Aditi, Ādityas i.e. gods.

काम (पौ.) ***Kāma***:- अनङ्ग देखिए। See Anaṅga.

कार्कोटक (पौ.) ***Kārkoṭaka***:- एक प्रसिद्ध नाग जिसे शिव जी गले में धारण करते हैं । नल ने वनाग्नि के द्वारा जलने से इसकी रक्षा की थी । बदले में इसने नल की सहायता की थी । A famous snake worn by Lord Śiva around his neck ; he was saved from the forest-fire by Nala ; later, he helped Nala out of gratitude.

कार्तवीर्य (पौ.) ***Kārtavīrya***:- कृतवीर्य का पुत्र जो सहस्रार्जुन के नाम से प्रसिद्ध था । माहिष्मती इसकी राजधानी थी । यह परशुराम के द्वारा मारा गया था । Son of Kṛtavīrya ; also known by the name of Sahasrārjuna. He had his capital in Māhiṣmatī and was slain by Paraṣurāma in the end.

कार्तिकेय (पौ.) ***Kārtikeya***:- भगवान् शिव तथा पार्वती के पुत्र जिनका पालन-पोषण चन्द्रमा की स्त्रियों - कृतिकाओं ने किया था । ये देव-सेनानी और षण्मुख भी कहलाते हैं । Son of Lord Śiva & Pārvatī who was

brought up by Kṛttikās, the wives of moon ; chief commander of gods' army ; also called Ṣaṇmukha.

कालनेमि (पौ.) ***Kālanemi***:- रावण का मामा जिसका वध हनुमान् जी ने संजीवनी बूटी लाने के समय किया था। Rāvaṇa's uncle, slain by Hanumān while the latter was bringing the Sañjīvanī (life-giving) herb.

कीचक (पौ.) ***Kīcaka***:- राजा विराट का साला जो उसकी सेना का सेनापति था। यह बड़ा बलवान् था और भीम ने इसका वध किया था। Brother-in-law of Virāṭa & chief of his army ; very brave ; in the end he was slain by Bhīma.

कुरु (पौ.) ***Kuru***:- एक सोमवंशी प्रतापी राजा। यह कौरवों और पांडवों का प्रपितामह था। An illustrious king of the lunar race, he was the great-grandfather of the Kauravas and the Pāṇḍavas.

कुश (पौ.) ***Kuśa***:- सीता जी का ज्येष्ठ पुत्र तथा लव का भ्राता। कुश और लव का जन्म वाल्मीकि के आश्रम में हुआ था। Elder son of Sītā ; brother of Lava ; along with Lava, he was born and brought up in the hermitage of sage Vālmīki.

कृप (पौ.) ***Kṛpa***:- गौतम के पौत्र तथा शरद्वान् के पुत्र। ये अश्वत्थामा के मामा थे और कौरवों की ओर से महाभारत में युद्ध किया था। Grandson of Gautama, son of Śaradvān and uncle of Aśvatthāmā. In the battle of Mahābhārata, he fought from the side of the Kauravas.

कैकेयी (पौ.) ***Kaikeyī***:- कैकय देश के राजा अश्वपति की पुत्री तथा अयोध्या के राजा दशरथ की तीसरी रानी। इसने राम को चौदह वर्ष के लिए वन में भिजवाया था। Daughter of Aśvapati, the ruler of Kaikeya and the third queen of king Daśaratha of Ayodhyā. She was responsible for banishing Rāma to fourteen years' exile.

कौशिक (पौ.) ***Kauśika***:- विश्वामित्र का नाम। कुशिक के कुल में उत्पन्न होने के कारण उन्हें कौशिक कहा गया। Another name of Viśvāmitra, also called Kauśika because of belonging to the Kuśika race.

कौशल्या (पौ.) ***Kauśalyā***:- कोशल राजा भानुमान् की पुत्री, दशरथ की बड़ी रानी और राम की माता। Daughter of Bhānumān, the king of

Kośala, eldest queen of king Daśaratha of Ayodhyā and mother of Rāma.

कौस्तुभ (पौ.) ***Kaustubha*** :- क्षीर-सागर से उत्पन्न चौदह रत्नों में से एक रत्न जिसे भगवान् विष्णु ने अपने वक्षःस्थल पर धारण किया। One of the fourteen jewels produced by the churning of Kṣīra Sāgara — the ocean of milk ; it is worn by Lord Viṣṇu on His chest.

गणपति (पौ.) ***Gaṇapati*** :- ये शिव और पार्वती के पुत्र हैं। शिव के गणों के स्वामी हैं । इन्हें गणेश भी कहा जाता है । ये गज-वदन हैं । Elephant-headed son of Śiva & Pārvatī ; master of the Gaṇas (attendants) of Śiva, hence called Gaṇeśa.

गार्गी (पौ.) ***Gārgī*** :- गर्ग गोत्र में उत्पन्न होने वाली विदुषी नारी थी। वचक्नु ऋषि की पुत्री थी और वाचक्नवी कहलाती थी। उसने याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ किया था। A learned woman belonging to the Garga gotra ; daughter of sage Vacaknu and was called Vacaknavī. She had debate about Brahma with Yājñavalkya.

चन्द्रगुप्त (ऐति.) ***Candragupta*** :- मौर्य वंश का प्रथम सम्राट् जिसने चाणक्य की सहायता से नन्द-वंश का विनाश किया था । First monarch of the Maurya dynasty, who, with the help of Cāṇakya, destroyed the Nanda family.

चाणक्य (ऐति.) ***Cāṇakya*** :- विष्णुगुप्त नामक एक ब्राह्मण जो चंद्रगुप्त के गुरु तथा मन्त्री थे । ये चणक के पुत्र थे । इसलिए इन्हें चाणक्य कहा जाता था । कौटिल्य इनका दूसरा नाम था । इन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की । A Brāhmaṇa also named Viṣṇugupta ; mentor and minister of Candragupta ; son of Caṇaka, hence called Cāṇakya ; also called Kauṭilya. He composed Arthāśastra, a great treatise on the Indian polity.

चित्रगुप्त (पौ.) ***Citragupta*** :- ब्रह्मा का पुत्र तथा यमराज का मंत्री जो जीवों के अच्छे-बुरे कार्यों का हिसाब रखता है । Son of Brahmā ; a minister of Yamarāja, the god of death, he keeps account of everybody's good deeds and bad ones.

च्यवन (पौ.) ***Cyavana*** :- भृगु तथा पुलोमा के पुत्र, एक ऋषि, जिनकी पत्नी सुकन्या थी । A sage : son of Bhṛgu and Pulomā and husband of Sukanyā.

जटायु (पौ.) ***Jaṭāyu*** :- रामायण की कथा में प्रसिद्ध एक गृध्र पक्षी, सम्पाति

का छोटा भाई । यह दशरथ का मित्र था । सीता को हरण कर ले जाते समय रावण ने इसके विरोध करने पर इसका वध किया था । A famous vulture character of the Rāmāyaṇa ; brother of Sampāti ; friend of Daśaratha ; he was killed while trying to save Sitā from being abducted by Rāvaṇa.

जनक (पौ.) *Janaka* :- मिथिला के संस्थापक राजा जो ह्रस्वरोमा के पुत्र थे । इन्हें हल चलाते समय सीता शैशव अवस्था में प्राप्त हुई थी । ये शास्त्र-पारङ्गत विद्वान् और एक उत्कृष्ट योगी के रूप में प्रसिद्ध हैं । Founder king of Mithilā ; son of Hrasvaromā ; he found infant Sītā in the field while ploughing it ; he was very proficient in the Śāstras, and a great Yogī.

जनमेजय (पौ.) *Janamejaya* :- एक प्रसिद्ध चंद्रवंशी राजा जो महाराजा परीक्षित् तथा इरावती के पुत्र थे । A famous king in the race of Moon ; son of emperor Parīkṣit and Irāvatī.

जमदग्नि (पौ.) *Jamadagni* :- सप्तऋषियों में से एक ऋषि जो भृगु वंश में पैदा हुए थे । ऋचीक तथा सत्यवती के पुत्र । रेणुका इनकी पत्नी थी, जिससे रुमण्वान्, सुषेण, बाहु, विश्वबाहु और परशुराम पाँच पुत्र हुए थे । One of the seven celebrated ṛṣis born in the Bhṛgu race ; son of Ṛcīka and Satyavatī ; husband of Reṇukā and father of five sons viz. Rumaṇvān, Suṣeṇa, Bāhu, Viṣva-bāhu and Paraśurāma.

जयद्रथ (पौ.) *Jayadratha* :- सिन्धु देश का राजा, वृद्धक्षत्र का पुत्र तथा कौरवों की बहन दुःशला का पति जिसने अभिमन्यु के वध में प्रमुख भूमिका निभाई और बाद में अर्जुन के द्वारा मारा गया । The king of Sindhu province ; son of Vṛddhakṣatra ; husband of Duḥśalā, sister of the Kauravas ; he played an important part in putting Abhimanyu to death and was killed by Arjuna in return.

जरासंध (पौ.) *Jarāsandha* :- मगधराज बृहद्रथ का पुत्र जो बड़ा बलवान् था और भीम के हाथों मारा गया था । Son of Bṛhadratha, the ruler of Magadha : a great warrior; he was killed by Bhīma.

जह्नु (पौ.) *Jahnu* :- एक मुनि जो सुहोत्र के पुत्र थे । गङ्गा के प्रवाह में इनका आश्रम बह जाने से ये क्रुद्ध होकर गङ्गा को पी गए और बाद में

देवताओं की प्रार्थना पर उसे कान से प्रवाहित किया। इसीलिए गंगा को जह्नुतनया या जाह्नवी भी कहते हैं । A sage ; son of Suhotrā : he got infuriated when his hermitage was swept away by the swirling waters of the Gaṅgā and drank up the whole water, but at the prayer of gods, released her waters through his ears. Therefore the Gaṅgā is also called Janhu-tanayā and Jāhnavī.

दक्ष (पौ.) ***Dakṣa*** :- प्रजापतियों में से एक, जो ब्रह्मा के अँगूठे से जन्मा था। इनकी पत्नी प्रसूति थी जिनसे सती, ऊर्जा आदि दस कन्याएँ पैदा हुईं थीं । शिव ने इसके यज्ञ का विनाश किया था । One of the Prajāpatis, born from the thumb of Brahmā ; husband of Prasūti ; father of ten daughters including Satī, Ūrjā etc ; Śiva caused destruction at the sacrifice performed by Dakṣa.

दधीचि (पौ.) ***Dadhīci*** :- एक प्रसिद्ध ऋषि जो चिति और अथर्वा के पुत्र थे । इन्होंने दानवों के विनाश के लिए देवताओं को अपनी हड्डियाँ दान कर दी थीं, जिससे विश्वकर्मा ने वज्रायुध बनाया था । A famous sage ; son of Citi & Atharvā ; he willingly gave away his bones to the gods from which Viśvakarmā crafted a thunderbolt to annihilate the demons.

दनु (पौ.) ***Danu*** :- दक्ष प्रजापति तथा असिक्नी की पुत्री जो कश्यप की पत्नी थी । इन दोनों से दानवों की उत्पत्ति मानी जाती है । दनु से उत्पन्न होने के कारण दानवों को दनुज भी कहते हैं । Daughter of Dakṣa Prajāpati and Asiknī ; wife of Kaśyapa ; with her husband, she is regarded as the progenitor of demons giving them the names of Dānavas and Danujas.

ध्रुव (पौ.) ***Dhruva*** :- उत्तानपाद और सुनीति का पुत्र जिसने अपनी पाँच साल की अवस्था में ही कठिन तपस्या के बल पर ईश्वर को प्रसन्न कर लिया, जिससे इसे शाश्वत ध्रुवलोक में ज्योतिर्मय नक्षत्र के रूप में रहने का वरदान मिला । Son of Uttānapāda and Sunīti ; he pleased Almighty by performing penance at the young age of five years and got the boon of living forever as the pole star.

परशुराम (पौ.) ***Paraśurāma*** :- जमदग्नि ऋषि तथा रेणुका के पुत्र । ये विष्णु के छठे अवतार और परम शिवभक्त थे । इन्होंने 21 बार दुष्ट क्षत्रियों का विनाश कर ब्राह्मणों को भूमि दान दी । द्रोणाचार्य को इन्होंने धनुर्विद्या सिखाई ।

Son of Jamadagni and Reṇukā ; believed to be the sixth incarnation (avatār) of Lord Viṣṇu ; great devotee of Śiva ; he destroyed the Kṣatriya (warrior) race twenty one times and gave their lands to the Brāhmaṇas (priests) ; taught archery to Droṇācārya.

प्रद्योत (पौ.) *Pradyota* :- उज्जैन का राजा, जिसकी पुत्री वासवदत्ता का विवाह उदयन के साथ हुआ था । King of Ujjain ; father of Vāsavadattā who married Udayana.

बोधिवृक्ष (पौ.) *Bodhivṛkṣa* :- बोधगया का प्राचीन पीपल वृक्ष जिसके नीचे बैठकर गौतम ने तपस्या की थी और बोध प्राप्त किया था । इस कारण इस वृक्ष का नाम बोधिवृक्ष पड़ा । यह बौद्धों का धार्मिक एवं अत्यन्त पवित्र वृक्ष है । वे आज भी इसके नीचे बैठकर तपस्या करते हैं । The ancient peepal tree of Bodhagayā. Gautama performed penance and attained true knowledge under it. Hence it is called Bodhivṛkṣa. It is considered a very sacred and holy tree by the Buddhists and they perform penance under it even to this day.

भगीरथ (पौ.) *Bhagīratha* :- सूर्यवंशी एक राजा जो अंशुमान् के पौत्र और दिलीप के पुत्र थे । ये अपने पूर्वजों की सद्गति के लिए ब्रह्मा को कठिन तपस्या से प्रसन्न कर आकाश-गंगा को पृथ्वी पर ले आए । A king belonging to the solar race ; grandson of Aṁśumān and son of Dilīpa ; he pleased Brahmā with his hard penance in order to bring the Gaṅgā down from heaven to this earth for the salvation of his dead ancestors.

भीष्म (पौ.) *Bhīṣma* :- चंद्रवंशी महाराज शंतनु और गंगा के पुत्र देवव्रत। आजीवन ब्रह्मचर्य की 'भीष्म' प्रतिज्ञा करने के कारण वे इस नाम से प्रसिद्ध हो गए । वे कौरवों की सेना के सेनापति थे । उन्हें अपने पिता से इच्छा-मृत्यु की शक्ति प्राप्त थी । Devavrata ; son of king Śantanu of the lunar race and Gaṅgā ; he became known as Bhīṣma for undertaking a tough (bhīṣma) vow of remaining celibate throughout his life ; chief of the Kaurava army ; he was given a boon by his father to choose his own time of death.

भृगु (पौ.) *Bhṛgu* :- एक विख्यात ऋषि जो ब्रह्मा के पुत्र और च्यवन ऋषि के पिता थे । उन्होंने भार्गव वंश का प्रवर्तन किया था । उन्होंने ब्रह्मा, विष्णु, महेश की परीक्षा लेकर भगवान् विष्णु को सर्वप्रमुख देवता सिद्ध किया था ।

भृगु का पदचिह्न विष्णु के वक्षःस्थल पर अंकित 'श्रीवत्स' नामक चिह्न है। A famous sage; son of Brahmā; father of sage Cyavana; founder of the Bhārgava race; after putting Brahmā, Viṣṇu & Maheśa through a test, he declared Viṣṇu as the best among the three; his footmark on the chest of Viṣṇu is known as Śrīvatsa.

मनु (पौ.) ***Manu*** :- ब्रह्मा के पुत्र तथा मानवों के आदि पुरुष। मनु से उत्पन्न होने के कारण हम मनुज कहलाते हैं। इनका श्रद्धा से विवाह हुआ था। इन्होंने आचारसंहिता के रूप में मनुस्मृति की रचना की थी। Son of Brahmā and father of the human race, therefore human beings are called manujas i.e. born from Manu; husband of Śraddhā; author of Manusmṛti – the Ācārasaṁhitā (code of conduct).

महावीर (पौ.) ***Mahāvīra*** :- हनुमान् जी का एक नाम, An epithet of Hanumān.

महावीर (ऐति.) ***Mahāvīra*** :- जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर। इनका जन्म कुन्दनपुर में ई० पू० छठी शती में हुआ था। इनका पहला नाम वर्धमान था। इनकी मृत्यु पावापुरी में हुई। Twenty-fourth saint-preceptor of Jainism; born in Kundanapura in the sixth century B.C.; first name Vardhamāna; he died in Pāvāpurī.

ययाति (पौ.) ***Yayāti*** :- एक चंद्रवंशी राजा जो नहुष का पुत्र था। इसने शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से विवाह किया था किन्तु शर्मिष्ठा दासी से भी संतान पैदा की जिससे पुरु वंश प्रतिष्ठित हुआ। A king of Lunar race; son of Nahuṣa; husband of Devayānī, the daughter of Śukrācārya; also he begot a son named Puru - the founder of Puru race, from his wife's maid-servant — Śarmiṣṭhā.

रम्भा (पौ.) ***Rambhā*** :- एक अप्सरा, समुद्र से उत्पन्न चौदह रत्नों में से एक, इन्द्र सभा की नर्तकी। यह नलकूबर की पत्नी है। A celestial nymph; one of the fourteen jewels produced from the ocean; a dâncer in Indraloka; wife of Nalakūbara.

रघु (पौ.) ***Raghu*** :- सूर्यवंशी एक प्रसिद्ध राजा जो राजा दिलीप और सुदक्षिणा के पुत्र थे। ये श्री राम जी के प्रपितामह थे। रघु ने दिग्विजय की और विश्वजित् यज्ञ करके अपनी संपूर्ण संपत्ति ब्राह्मणों को दान दे दी। A famous king of the Solar race; son of king Dilīpa and Sudakṣiṇā; great-grandfather of Rāma; after conquering various countries in all

directions, he performed Viśvajit sacrifice and donated all his wealth to the Brāhmaṇas.

शांता (पौ.) *Śāntā*:- अयोध्या के महाराज दशरथ की पुत्री जिसका पालन-पोषण लोमपाद ने किया था और इसका विवाह ऋष्यशृङ्ग से हुआ था । Daughter of Daśaratha, the king of Ayodhyā ; brought up like a daughter by Lomapāda ; wife of Ṛṣyaśṛṅga.

सावित्री (पौ.) *Sāvitrī*:- मद्र राजा अश्वपति की पुत्री जिसका विवाह सत्यवान से हुआ था । इसने अपने पति की मृत्यु के बाद यमराज से साधना के बल पर पुनः अपने पति को जीवित कर लिया था । Daughter of Aśvapati the ruler of Madra ; wife of Satyavāna ; she is celebrated for bringing her husband's life back from the land of death by propitiating Yamarāja– the god of death.

परिशिष्ट Pariśiṣṭa (Appendix) VIII

कुछ भौगोलिक स्थानों का परिचय

Glossary of some geographical sites

अङ्ग ***Aṅga*****:-** भागलपुर एवं मुंगेर के बीच का देश, जिसकी राजधानी चम्पा-पुरी थी और जो इस समय भागलपुर के दो मील पश्चिम में स्थित है। The land lying between Bhāgalapur and Mongera. Its capital was Campāpurī which is now located within two miles west of Bhāgalapur.

अयोध्या ***Ayodhyā*****-** उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के तट पर स्थित नगर, सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी थी। The city situated on the river Sarayū in Uttar Pradesh, it was the capital of the kings of the Solar dynasty.

अर्बुद ***Arbuda*****:-** पश्चिम भारत की अरावली पर्वत-शृंखला में स्थित आबू पर्वत। Mount Ābu in the Arāvalī range which is situated in west India.

अवन्ति ***Avanti*****:-** वह राज्य जिसकी राजधानी उज्जैन थी। यहाँ विक्रमादित्य का राज्य था, ऐसा कहा जाता है। The state of which Ujjaina was the capital. It is said to have been the kingdom of Vikramāditya.

अश्मक ***Aśmaka*****:-** दक्षिण का एक राज्य। One of the states of South India.

आनर्त ***Ānarta*****:-** यह उत्तरी गुजरात और मालवा का सम्मिलित प्रदेश है। इसकी राजधानी आनर्तपुर थी जिसे बाद में आनंदपुर कहा गया। This includes northern Gujarāta and Mālawā. Its capital was Ānartapura, afterward called Ānandapura.

आर्यावर्त ***Āryāvarta*****:-** भारत का उत्तरी भाग जो उत्तर में हिमालय तथा दक्षिण में विन्ध्य और पूरब पश्चिम के सागरों के मध्य स्थित था। The northern part of India lying between the Himālaya in the north and the Vindhya range in the south, and between the eastern and the western oceans in the east and the west.

आंध्र ***Āndhra*****:-** दक्षिण का वह प्रदेश जो गोदावरी और कृष्णा नदी के मध्य स्थित था। प्रतिष्ठानपुर इसकी राजधानी थी। The land lying between the rivers Godāvarī & Kṛṣṇa. Pratiṣṭhānapura was its capital.

इन्द्रकील ***Indrakīla*****:-** हिमालय की भीतरी एक चोटी। One of the peaks in the interior of the Himālayas.

इन्द्रद्वीप *Indradvīpa*:- भारतवर्ष के नौ भागों में से एक। One of the nine parts of the Bhāratavarṣa.

उत्कल *Utkala*:- उड़ीसा, कलिंग प्रदेश का उत्तरी भाग । वैतरणी नदी इसकी उत्तरी सीमा है । Orissa, the northern part of the Kaliṅga Pradeśa. The river Vaitaraṇī forms its northern boundry.

उत्तरापथ *Uttarāpatha*:- पृथूदक (हरियाणा के करनाल जिले का नगर जो सरस्वती नदी के किनारे है) का उत्तरी प्रदेश, उत्तरापथ कहा जाता है । यह थानेश्वर से 14 मील पश्चिम में स्थित है । The land to the north of Pṛthūdaka (in the Karnāla district of Hariyāṇa and situated on river Saraswatī) is called Uttarāpatha. It is 14 miles to the west of Thāneśwara.

उत्पलावती *Utpalāvatī*:- दक्षिण भारत के तिण्णेवेल्लि जिले की एक नदी जो ताम्रपर्णी के समानांतर बहती है । This is a river in Tiṇṇevelli district in the southern India and runs parallel to Tāmraparṇī.

कनखल *Kanakhala*:- हरिद्वार का एक पवित्र तीर्थ। A holy place of piligrimage in Haradwāra.

कपिशा *Kapiśā*:- सिंहभूम और उड़ीसा में बहने वाली सुवर्णरेखा नदी । इसका स्रोत ऋक्षपर्वत कहा जाता है । The river Suvarṇarekhā which runs in Singhabhūma and Orissa. The source of this river is said to be the Ṛkṣaparvata.

कलिंग *Kaliṅga*:- उड़ीसा और आंध्र के मध्य में स्थित एक प्रदेश जिसकी सीमा समुद्र तक थी । इस पर विजय करने के बाद अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था । Land lying between Orissā and Āndhrā and bordering upto the sea. After conquering it, Aśoka embraced Buddhism.

कलिंद *Kalinda*:- हिमालय का एक भाग जो इस नाम से जाना जाता है । यह यमुना नदी का उत्स है । परिणामतः, यमुना को कालिंदी कहते हैं । A part of the Himālaya known by this name. It is the source of river Yamunā, which is called Kālindī in consequence.

काँची *Kāncī*:- पालार नदी पर स्थित चोल देश की राजधानी जो काँचीपुरम्

नाम से जानी जाती है। यह चेन्नई के दक्षिण पश्चिम में 43 कि०मी० की दूरी पर स्थित है। यहाँ आदि-शंकराचार्य जी के द्वारा स्थापित पीठों में से एक प्रमुख पीठ है। The capital of *Cola* country and situated on the river Pālāra, It is called Kāñjīvarama or *Kāncīpuram*. It is situated at a distance of 43 miles in the south-west of *Chennai*. Here, one of the famous Pīthas was established by Ādi *Śaṅkarācārya*.

कामरूप ***Kāmarūpa*** :- पश्चिम आसाम का वह प्रदेश जहाँ प्रसिद्ध कामाख्या देवी का मंदिर स्थित है। प्राचीन काल में प्राग्ज्योतिष्पुर कामरूप की राजधानी थी। The part of West Āsāma where the celebrated temple of Kāmākhyā Devī is situated. In ancient time, Prāgjyotiṣpura was the capital of Kāmarūpa.

कावेरी ***Kāverī*** :- दक्षिण भारत की एक नदी। A river of southern India.

कुमारीद्वीप ***Kumārīdvīpa*** :- भारतवर्ष के नौ भागों में से एक है। संभवतः उत्तर से हिमालय तथा दक्षिण में कन्याकुमारी के मध्य स्थित भारत को दर्शाता है। One of the nine parts of Bhāratavarṣa which seems to represent India. It is situated between the Himālāya in the north and Kanyākumarī in the south.

कुलूत ***Kulūta*** :- उत्तर भारत में स्थित देश जो आज हिमाचल प्रदेश के काँगड़ा जिले में कुल्लू के रूप में जाना जाता है। The region in northen India which is now known as Kullū in the Kāṅgaḍā district of Himāchala Pradesh.

कैकेय ***Kaikeya*** :- पंजाब में व्यास और सतलुज के बीच में फैला हुआ प्रदेश। The land lying between the rivers Vyāsa & Sataluja in Punjab.

केदार ***Kedāra*** :- हिमालय की शृंखला में स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल, जहाँ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक स्थित है। A famous piligrimage centre in the Himālaya where one of the 12 jyotirlingas is situated.

केरल ***Kerala*** :- दक्षिण भारत का एक प्रांत। A province of south India.

कोलगिरि ***Kolagiri*** :- कर्नाटक में स्थित एक पर्वत जहाँ से कावेरी नदी निकलती है। A mountain situated in Karnāṭaka from where the river Kāverī rises.

कोशल *Kośala* :- अवध के राज्य का दक्षिण भाग । कोशल दो राज्यों में विभक्त था – उत्तर कोशल और कोशल । अयोध्या और कुशावती इन दोनों विभागों की राजधानियाँ थीं । The sounthern part of Avadha, Kośala was divided into two kingdoms - Uttara Kośala and Kośala. Ayodhyā and Kuśāvatī were the respective capitals of these two divisions.

कौङ्कण *Kauṅkaṇa* :- दक्षिण भारत में सह्याद्रि और अरब सागर के मध्य का भाग । The land lying between the Western Ghāts and the Arabian Sea.

क्रथकैशिक *Krathakaiśika* :- विदर्भ को क्रथकैशिक कहा जाता था । Vidarbha was also called Krathakaiśika.

गङ्गा *Gaṅgā* :- भारत की सबसे अधिक पवित्र नदी जो हिमालय से निकलकर समुद्र में मिलती है । The most holy river of India, which rises from the Himālaya and falls into the Bay of Bengal .

गाधिपुरम् *Gādhipuram* :- कन्नौज का दूसरा नाम। Another name of the city of Kannauja.

गिरिनगर *Girinagara*:- अत्यन्त प्रसिद्ध गिरिनार पहाड़ी जो काठियावाड़ के जूनागढ़ से कुछ दूरी पर स्थित है । The well-known Girnar hills situated at a small distance from the town of Jūnāgaḍha in Kāṭhiyāwāra.

गोदावरी *Godāvarī* :- दक्षिण भारत की एक नदी जिसका उद्गम ब्रह्मगिरि है, जो नासिक से 20 मील दूरी पर है । यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है । A river of South India. Its source is Brahmagiri. It is at a distance of 20 miles from Nāsika. It falls in the Bay of Bengal.

गौड *Gauda* :- वाराणसी और बंगाल की खाड़ी के बीच का भूभाग । The land lying between Vārāṇasi and the Bay of Bengal.

चक्रवर्तीक्षेत्र *Cakravartīkṣetra* :- हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक का संपूर्ण क्षेत्र । जो इस संपूर्ण क्षेत्र को जीतता था और इस पर शासन करता था, उसे चक्रवर्ती सम्राट् कहते थे । The whole area of India from Kanyākumarī to the Himālaya. The king who conquered it and ruled over the whole of this land was called a *Cakravartī* monarch.

चंदनगिरि *Candanagiri* :- मलयगिरि का दूसरा नाम जो सह्याद्रि का दक्षिणी भाग है । Another name of Malayagiri, which comprises of the Southern portion of the Western Ghats.

चंद्रभागा *Candrabhāgā* :- पंजाब की चनाब नदी । The river Canāba of Punjab.

चंद्राचल *Candrācala* :- हिमालय की एक चोटी जहाँ से चन्द्रभागा निकलती है । A peak of the Himālaya, from where the river Candrabhāgā rises.

चित्रकूट *Citrakūṭa* :- इलाहाबाद के दक्षिण पश्चिम में वह पर्वतीय क्षेत्र जहाँ राम सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास-काल में कुछ समय तक रहे थे । The hilly area in the South-west of Allahabad where Rāma dwelled for sometime with Sitā and Lakṣmaṇa during his exile.

जंबूद्वीप *Jambūdvīpa* :- संसार के सात द्वीपों में से एक । आजकल यह एशिया के रूप में जाना जाता है । One of the seven continents of the world. It is now known as Asia.

ताम्रपर्णी *Tāmraparṇī* :- एक नदी जो मलय पहाड़ी के अगस्तिकूट से निकलती है और दक्षिण के तिन्नेविल्ली जिले से होकर बहती है । A river which rises from the Agastikūtā on the Malaya hills and flows through the district of Tinnevillī in the south.

तुङ्गभद्रा *Tuṅgabhadrā* :- कृष्णा की सहायक नदी । किष्किन्धा पर्वत इसी नदी के किनारे स्थित माना जाता है । A tributary of river Kṛṣṇā. Kiṣkindhā mountain is said to be situated on the bank of this river.

तुषारगिरि *Tuṣāragiri* :- गंगोत्री के पास स्थित हिमालय की एक चोटी । A peak of the Himālaya near Gaṅgotrī.

दक्षिणदेश *Dakṣiṇadeśa* :- उत्तर में नर्मदा से दक्षिण में कन्याकुमारी की सीमा तक फैला हुआ दक्षिण भारत । Southern India bounded by the Narmadā in the North and the Kanyākumarī in the South.

दक्षिणापथ ***Dakṣiṇāpatha*** :- दक्षिण देश का दूसरा नाम । Another name of Dakṣiṇadeśa'.

दशपुर ***Daśapura*** :- मालवा का मंदसौर, जो इस समय दशेर कहा जाता है । Mandasaura of Malawa which is now known as Daśera.

दशार्ण ***Daśārṇa*** :- मध्य भारत का एक प्रदेश । A region of Central India.

नर्मदा ***Narmadā*** :- विंध्याचल के अमरकंटक पर्वत-चोटी से निकल कर खम्बात की खाड़ी में गिरने वाली एक पवित्र नदी । A holy river which rises from the Amarakaṇṭaka peak of the Vindhya range & falls into the Gulf of Cambay.

नीलाद्रि ***Nīlādri*** :- वह पर्वत जिस पर जगन्नाथ जी का प्रसिद्ध मंदिर है । The hill where the famous temple of Lord Jagannātha is situated.

पांचाल ***Pāñcāla*** :- मध्य भारत का वह भाग जो हिमालय की तलहटी से यमुना-तट तक फैला था और जो बाद में कान्यकुब्ज के नाम से जाना गया । The part of Central India which extends from the foot of the Himālaya to the bank of Yamunā. Later, it was known by the name of Kānyakubja.

पांड्य ***Pāṇḍya*** :- दक्षिण का एक राज्य जो आज तिन्नेविल्ली और मदुरा के नाम से जाना जाता है । A territory of south India, which comprises of the modern districts of Tinnevillī amd Madurā.

पुष्कर ***Puṣkara*** :- अजमेर जिले का एक प्रसिद्ध तीर्थ (झील) जहाँ ब्रह्माजी का मंदिर है । A famous pilgrimage (Lake) centre of Ajmera district where the temple of Lord Brahmā is situated.

प्राग्ज्योतिष ***Prāgjyotiṣa*** :- आसाम क़ा कामरूप । Kamarūpa in Āsāma.

मगध ***Magadha*** :- दक्षिण बिहार का भू भाग । A part of South Bihar.

मंदाकिनी ***Mandākinī*** :- केदारनाथ के पास से बहने वाली गंगा की धारा । A stream of Gaṅgā, which flows near Kedāranātha.

मलय *Malaya*:- दक्षिण भारत में कावेरी के दक्षिण में स्थित पर्वतश्रेणी। The mountain range in the south of river Kāverī in Southern India.

माहिष्मती *Māhiṣmatī*:- इंदौर के दक्षिण में 40 मील की दूरी पर नर्मदा के दाहिने तट पर स्थित महेश्वर नगर। Maheśwara city, situated on the right bank of Narmadā, 40 miles from the south of Indore.

मुरला *Muralā*:- केरल की एक नदी। A river of Kerala.

मेकल *Mekala*:- अमरकंटक का दूसरा नाम जहाँ से नर्मदा निकलती है। Another name of Amarakaṇṭaka from where the river Narmadā rises.

यमुना *Yamunā*:- एक प्रसिद्ध नदी जो हिमालय के यमुनोत्री से निकलकर प्रयाग में गंगा से मिलती है। A famous river which emerges from Yamunotrī in the Himālaya and merges into the Gaṅgā in Prayāga.

लाट *Lāṭa*:- माही नदी और नर्मदा के मध्य में स्थित दक्षिणी गुजरात का भू-भाग। The part of Southern Gujarāt situated between river Māhi and Narmadā.

वङ्ग *Vaṅga*:- पूर्व का प्रदेश जो बंगाल की खाड़ी में गंगा के मुहाने पर स्थित है। Eastern region in the delta of Gaṅgā on the coast of the Bay of Bengal.

वाह्लीक *Vāhlīka*:- कैकेय के उत्तर में व्यास और सतलुज के मध्य का देश। The territory between Vyāsa and Sataluja in the north of Kaikeya.

विदर्भ *Vidarbha*:- प्राचीन काल में विदर्भ देश संपूर्ण बरार, खान-देश और निजाम के भूभाग को मिलाकर था। In ancient times, the Vidarbha country comprised of the whole of Barāra, Khāna-deśa and a portion of the Nizāma territory.

विन्ध्य *Vindhya*:- तापी और नर्मदा के मध्य की सतपुड़ा पहाड़ियाँ। The Satpurā hills between Tāpī & Narmadā.

विशाला *Viśālā*:- उज्जैन का दूसरा नाम। Another name of Ujjaina.

शिप्रा *Śiprā* :- एक नदी जिसके तट पर उज्जैन बसा हुआ है । A river on whose bank Ujjaina is situated.

शोण *Śoṇa* :- पटना के निकट गंगा में मिलने वाली एक नदी । A tributary of Gaṅgā near Paṭnā.

श्रीपर्वत *Śrīparvata* :- दक्षिण भारत का श्री शैल जहाँ मल्लिकार्जुन महादेव का पवित्र मंदिर है । Śrīśaila of south India where the holy temple of Mallikārjuna Mahādeva is situated.

सरयू *Sarayū* :- एक नदी जिसके तट पर अयोध्या बसी है । A river on whose bank Ayodhyā is situated.

सरस्वती *Saraswatī* :- एक नदी जो प्रयाग में अदृश्य रूप से गंगा में मिलती है, ऐसा माना जाता है । An underground river which is said to merge into the Gaṅgā near Prayāga.

सह्य *Sahya* :- पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग जो कावेरी और गोदावरी के मध्य है । The northern portion of the western ghats, which is situated between the rivers Kāveri and Godāvarī.

सौराष्ट्र *Saurāṣṭra* :- काठियावाड़ और गुजरात का अन्य उत्तरी भाग । Kāthiyāvāḍa and some portion of the northern Gujarāta.

हस्तिनापुर *Hastināpura* :- कौरवों की राजधानी जो गंगा के दाहिने तट पर मेरठ से उत्तर-पश्चिम में 22 मील की दूरी पर स्थित थी । The capital of Kauravas. It was situated on the right bank of Gaṅgā at a distance of 22 miles in the north-west of Meerut.

परिशिष्ट Pariśiṣṭa (Appendix) IX

कुछ सुप्रतिष्ठित लेखक
Some Eminent Authors

अप्पय दीक्षित ***Appaya Dīkṣita*:-** अप्पय दीक्षित काँची के पास के एक ग्राम में पैदा हुए थे। वे भारद्वाज गोत्रीय रंगराज के पुत्र थे। वे प्रसिद्ध भट्टोजि दीक्षित के वेदांत-शिक्षक थे। वे मीमांसा में बहुत कुशल थे। उन्होंने विभिन्न विषयों के 104 ग्रंथों की रचना की। इनमें कुवलयानंद और चित्रमीमांसा-अलंकार-शास्त्र के ग्रंथ हैं। पंडितराज जगन्नाथ ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ रसगंगाधर में चित्रमीमांसा का खंडन किया है। Appaya Dīkṣita was born in a village near Kāñcī. He was the son of Raṅgarāja of Bhāradvāja Gotra. He was the tutor of Vedānta to the famous Bhaṭṭoji Dīkṣita. He was very proficient in the Mīmāṁsā. He is the reputed author of 104 works on different subjects. Among these, Kuvalayānanda and Citramīmāṁsā are on rhetorics. Paṇḍitarāja Jagannātha refuted Citramīmāṁsā in his famous work, Rasagaṅgādhara.

अभिनवगुप्त ***Abhinavagupta*:-** अभिनवगुप्त नरसिंह गुप्त तथा विमला के पुत्र तथा वराहगुप्त के पौत्र थे। उनके गुरु उत्पलराज, भट्टेन्दुराज, लक्ष्मणगुप्त तथा भट्टतौत थे। क्षेमेन्द्र उनके शिष्य थे। वे एक कवि, तार्किक एवं दार्शनिक थे। उन्होंने लगभग 41 महत्त्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की, जिनमें आनंदवर्धन के ध्वन्यालोक की 'लोचन टीका' तथा भरतमुनि के नाट्यशास्त्र की 'अभिनव भारती टीका' साहित्यशास्त्र के उत्कृष्ट ग्रंथ हैं। Abhinava Gupta was the son of Narsiṁha Gupta and Vimlā, and grandson of Varāhagupta. His teachers were Utpalarāja, Bhaṭṭendurāja, Lakṣmaṇagupta and Bhatta Tauta. Kṣemendra was his student. He was a poet, logician and philospher. He composed about 41 valuable works, out of which Locana, a commentary on the Dhvanyāloka of Ānandavardhana and Abhinavabhāratī, a commentary on the Nāṭyaśāṣtra of Bharata Muni. These are topmost works in Sāhityaśāstra.

आनंदवर्धन ***Ānandavardhana*:-** आनन्दवर्धन नोण के पुत्र थे। ये कश्मीर के राजा अवन्तीवर्मा के सभा-कवि थे। ये काव्य-शास्त्र के ध्वनि-संप्रदाय के सर्वप्रमुख आचार्य थे। इनका ध्वन्यालोक ग्रंथ व्यंजना के सिद्धांत का प्रतिपादक है। इनकी अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाओं में देवीशतक (पार्वती की संगीतात्मक स्तुति), अर्जुनचरितमहाकाव्य, विषमबाण-लीला और हरिविजय हैं।

Ānandavardhana was the son of Noṇa. He was a poet in the court of Avantīvarmā of Kaśmīr. He was the founder-preceptor of the school of Dhvani in the science of poetics. His Dhvanyāloka elaborates the doctrines of suggestion as the soul of poetry. His other famous works are Devīśataka (a melodious lyric in praise of Pārvatī), Arjunacaritamahākāvya, Viṣamabāṇalīlā and Harivijaya.

उद्भट ***Udbhaṭa***:- उद्भट कश्मीर के राजा जयापीड (779-813 ई०) के सभा-कवि थे । परवर्ती अलंकार-शास्त्रों के आचार्यों ने बड़े आदर से इनका उल्लेख किया है । इनके द्वारा रचित काव्यालंकारसारसंग्रह 41 अलंकारों का निरूपण करता है । इनका दूसरा ग्रंथ भामहविवरण भामह के काव्यालंकार की टीका है , अप्राप्य है, किन्तु आनंदवर्धन और अभिनवगुप्त के द्वारा उसे उद्धृत किया गया है । Udbhaṭa was a poet of the court of King Jayāpīḍa of Kashmir (779-813 A.D.). The later rhetorians mentioned him with great reverence. His Kāvyālaṅkārasārasaṅgraha deals with 41 figures of speech. His other work, Bhāmahavivaraṇa, a commentary on the Kāvyālaṅkāra of Bhāmaha, being lost , is found only in the references of Ānandavardhana and Abhinavagupta.

कणाद ***Kaṇāda***:- कणाद वैशेषिक दर्शन के प्रतिष्ठापक आचार्य जिन्होंने वैशेषिक सूत्रों की रचना की । The founder-preceptor of the Vaiśeṣika philosphy who composed the Vaiśeṣika sutras.

कपिल ***Kapila***:- सांख्य दर्शन के प्रतिष्ठापक ऋषि, जिन्होंने सांख्य-सूत्रों की रचना की । A founder-sage of Sāṅkhya philosphy who composed the Sāṅkhya Sutras.

कल्हण ***Kalhaṇa***:- वे कश्मीर के राजा हर्ष (1089-1101 ई०) के मंत्री चंपक के पुत्र थे । वे समस्त पौराणिक आख्यानों में अति निष्णात थे और स्वभावतः इतिहास के गवेषक थे । उनका प्रसिद्ध ग्रंथ राजतरंगिणी है, जिसमें कश्मीर के राजाओं का ऐतिहासिक विवरण निबद्ध है । Kalhaṇa was the son of Campaka, a minister of King Harṣa of Kashmir (1089-1101 A.D.). He was well-versed in all the mythological works and was, by nature, a historical investigator. His famous work is Rājataraṅgiṇī, a chronicle of the kings of Kashmir.

कालिदास ***Kālidāsa***:- कालिदास ने संस्कृत के कवि एवं नाटककार के रूप में विश्व की प्रशंसा प्राप्त की है । उनमें अद्वितीय प्रतिभा थी । उन्होंने तीन

नाटकों — मालविकग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तल एवं तीन काव्यों— रघुवंश, कुमारसंभव और मेघदूत की रचना की । कहा जाता है कि वे राजा विक्रमादित्य के सभा के नौ रत्नों में से एक थे । Kalidāsa as a playwright and poet of Sanskrit has attained universal admiration. His talents stand unique. He composed three dramas – Mālavikāgnimitra, Vikramorvaśīya and Abhijñānaśākuntala and three poetic works– Raghuvaṁśa, Kumārasambhava and Meghadūta. He is said to be one of the nine jewels in the court of king Vikramāditya.

कुंतक ***Kuntaka***:- वक्रोक्तिजीवित के रचयिता कुंतक वक्रोक्ति-सिद्धान्त के प्रवर्तक आचार्य थे । बहुत संभव है कि वे अभिनव गुप्त के समसामयिक युवक आचार्य हों । वे 10–11 शताब्दी के मध्य विद्यमान थे । उनके अनुसार वक्रोक्ति काव्य का प्राण है । उन्होंने उपचारवक्रता में ध्वनि का अंतर्भाव करते हुए ध्वनि–सिद्धान्त का प्रत्याख्यान किया । Kuntaka, the author of Vakroktijīvita was the founder of Vakrokti theory. Very probably he was a younger contemporary of Abhinava Gupta. He must have lived between 10-11 century A.D. According to him, Vakrokti is the life of poetry. He combatted the theory of Dhvani by saying that Dhvani should be included in Upacāravakratā.

कुमारिल भट्ट ***Kumārilabhaṭṭa***:- मीमांसा–शास्त्र के एक प्रसिद्ध आचार्य जो 590–650 ई० के मध्य विद्यमान थे । A famous teacher of the Mīmāṁsā philosphy, who flourished between 590-650 A.D.

कौटिल्य ***Kauṭilya***:- अर्थशास्त्र के रचयिता चाणक्य, जिनका दूसरा नाम विष्णुगुप्त भी था । ये चंद्रगुप्त मौर्य के सचिव थे । The author of Arthaśāstra – Cāṇakya, whose other name was Viṣṇugupta. He was a minister of Candragupta Maurya.

क्षेमेन्द्र ***Kṣemendra***:- क्षेमेन्द्र नक्षेन्द्र के पुत्र तथा सिन्धु के पौत्र थे । वे शिव–भक्त थे किन्तु बाद में वैष्णव हो गए थे । उन्होंने साहित्यशास्त्र का अध्ययन अभिनवगुप्त से किया था और कश्मीर के राजा अनन्त के सभा-पंडित थे । उन्होंने लगभग 60 ग्रंथों की रचना की, जिनमें औचित्य-विचारचर्चा औचित्य-सिद्धान्त के लिए प्रसिद्ध है । उनके अनुसार औचित्य काव्य का प्राण है । Kṣemendra was the son of Nakṣendra and the grandson of Sindhu. He was a devotee of Śiva but later, he became a Vaiṣṇava. He studied Sāhityaśāstra under Abhinavagupta and was in the court of king Ananta of Kashmir. He wrote not less than 60 works among

which Aucityavicāracarcā is famous for the Theory of Aucitya. According to him Aucitya is the life of poetry.

गौतम ***Gautama***:- बौद्ध धर्म के संस्थापक और त्रिपिटक साहित्य के लेखक । The founder of Bauddha religion and author of Tripiṭaka Sāhitya.

गौतम ***Gautama***:- न्यायदर्शन के प्रर्वतक एक ऋषि जिन्होंने न्यायसूत्रों की रचना की । इन्हें अक्षपाद भी कहा जाता है । A sage and originator of Nyāyadarśana, who composed Nyāyasūtras. He was also known as Akṣapāda.

जगन्नाथ ***Jagannātha***:- रसगंगाधर के प्रणेता जगन्नाथ पेरुभट्ट और लक्ष्मी के पुत्र थे । वे गोदावरी जिले में मुंगुण्डा गाँव के तैलङ्ग ब्राह्मण थे । उन्होंने काव्य और काव्यशास्त्र का अध्ययन अपने पिताजी से किया; न्यायशास्त्र, व्याकरणशास्त्र एवं अन्य शास्त्रों का अध्ययन ज्ञानेन्द्र भिक्षु, महेशाचार्य, खांडवदेव और शेषवीरेश्वर से वाराणसी में किया । ये शाहजहाँ बादशाह (1628-1638) की सभा में थे । इनकी मृत्यु 1674 में हुई । इन्होंने कई ग्रंथों की रचना की । काव्यशास्त्र की विदग्धता के अतिरिक्त, इन्होंने कई संगीतात्मक गेयकाव्यों की रचना भी की जिनमें गंगा की स्तुति में लिखी गई गंगालहरी एक प्रसिद्ध रचना है । Jagannātha, the author of Rasagaṅgādhara was the son of Perubhaṭṭa and Laxmi. He was a Tailaṅga Brāhmaṇa of the village Muṅguṇḍa in Godāvarī distt. He studied poetry and Science of poetry under his father and logic, grammar and other sciences under Jñānendra Bhikṣu, Maheśācārya, Khāṇḍavadeva & Śeṣavīreśvara at Vārāṇasi. He remained at the court of emperor Śhāhajahān (1628-1638 A.D.) He died in 1674 A.D. He composed many works. Apart from his proficiency in rhetoric, he composed many charming and lyrical poems. Gaṅgālaharī, in praise of the Gaṅgā, is one of them.

जैमिनि ***Jaimini***:- मीमांसा-दर्शन के प्रतिष्ठापक आचार्य जिन्होंने मीमांसा-सूत्रों की रचना की । The founder-preceptor of the Mīmāṁsā philosphy, he composed the Mīmāṁsā-sutras.

दण्डी ***Daṇḍī***:- वीरदत्त और गौरी के पुत्र, काव्यशास्त्र के एक आचार्य जिन्होंने प्रसिद्ध काव्यादर्श की रचना की । दशकुमारचरित एवं अवन्तिसुंदरीकथा इनके दो अन्य गद्य-काव्य हैं। इनका समय सातवीं शताब्दी माना जाता है । The son of Vīradatta & Gaurī, a rhetorian, he composed Kāvyādarśa.

Daśakumāracarita & Avantisundarī are his other two works of prose. He is supposed to have lived in the 7th century.

धनञ्जय *Dhanañjaya*:- नाट्यशास्त्रीय ग्रंथ दशरूपक के रचनाकार, जो परमार नरेश मुंज वाक्पतिराज द्वितीय के सभा के कवि विष्णु के पुत्र थे। इनके ग्रंथ दशरूपक पर इनके भाई धनिक ने अवलोक नामक टीका लिखी। Author of Daśarūpaka, a work in the field of dramaturgy. He was the son of Viṣṇu, a poet of king Muñja (Vākpatirāja II) of Paramāra dynasty. His brother Dhanika wrote Avaloka, a commentary on his work, Daśarūpaka.

पतञ्जलि *Patañjali*:- पाणिनि के सूत्रों पर महाभाष्य की रचना करने वाले मुनि। वे योगदर्शन में योग-सूत्र तथा आयुर्वेद में चरक के रचयिता भी माने जाते हैं। A sage who was the author of Mahābhāṣya, a commentary on the Sutrās composed by Pāṇini. He is also known as the author of Yoga Sūtras in the philosphy of Yoga, & of Caraka in the Āyurveda.

पाणिनि *Pāṇini*:- संस्कृत-व्याकरण के आचार्य, जिनकी माता का नाम दाक्षी था और जो सालातुर में रहते थे। कहा जाता है कि उन्होंने तपस्या की और भगवान् शिव से प्रत्याहार-सूत्रों को प्राप्त किया, जिसके आधार पर प्रसिद्ध व्याकरण-ग्रंथ अष्टाध्यायी की रचना की। पंचतंत्र के अनुसार उनकी मृत्यु सिंह के द्वारा हुई। A preceptor of Saṁskṛta grammar and son of Dākṣī. He lived at Sālātura. It is said that he practised penance & received Pratyāhāra sūtras from Lord Śiva himself & on their basis, he composed Aṣṭādhyāyī, the famous book of grammar. According to Pañcatantra, he was killed by a lion.

बाण *Bāṇa*:- चित्रभानु और राजदेवी के पुत्र, अर्थपति के पौत्र, गद्य-काव्य के शीर्षस्थ रचनाकार जिन्होंने कादम्बरी और हर्षचरित दो प्रसिद्ध गद्य-काव्यों की रचना की। ये कन्नौज के राजा हर्षवर्धन के सभा-कवि थे। A son of Citrabhānuu & Rājadevī and grandson of Arthapati. He was a prominent prose-writer who composed two famous works – Kādambarī & Harṣacarita. He was a poet in the court of King Harṣavardhana of Kannauja.

भरत मुनि *Bharata Muni*:- ब्रह्मा से नाट्य-विज्ञान की शिक्षा प्राप्त कर नाट्यशास्त्र की रचना करने वाले एक मुनि। इन्होंने अपने नाट्यशास्त्र में नाट्य, काव्य,

नृत्य, अभिनय, संगीत एवं अनेक ललित कलाओं का निरूपण किया । वस्तुतः, यह संपूर्ण कलाओं का एक आकर ग्रंथ है । Having learnt the Science of Drama from Lord Brahmā, he composed Nāṭyaśāstra. He dealt with Drama, Poetry, Dance, Mimetic art, Music & many other fine arts in his renowned work, Nāṭyaśāstra. Indeed, this is an encyclopedic work of almost all the arts.

भर्तृहरि ***Bhartṛhari***:- ये व्याकरण के निष्णात विद्वान् थे । इनका 'वाक्यपदीय' ग्रंथ बहुत प्रसिद्ध है । इन्होंने तीन शतकों की भी रचना की है जो सुभाषित के नाम से प्रसिद्ध हैं । आलोचकों ने इन्हें ब्राह्मण, बौद्ध और शैव कहा है । He was well-versed in grammar. His work Vākyapadīya is well-known. He also composed. three Śatakas which are also called Subhāṣitas. He has been called a Brahmaṇa, a Buddhist, & a Śaiva by different critics.

भवभूति ***Bhavabhūti***:- नीलकंठ और जातुकर्णी के पुत्र, जिनका वास्तविक नाम श्रीकंठ था। वे वैदर्भ राज्य के पद्मपुर में पैदा हुए थे । उनके पितामह भट्टगोपाल ने वाजपेय यज्ञ किया था । वे एक उत्कृष्ट नाट्यकार थे और उन्होंने तीन रूपकों–मालतीमाधव, महावीरचरित और उत्तररामचरित का प्रणयन किया । The son of Nīlakaṇṭha & Jātukarṇī. His real name was Śrīkaṇṭha. He was born at Padmapura in the Vidarbha region. His grandfather, Bhaṭṭagopāla had performed the Vājapeya sacrifice. He was a great play-wright & composed three dramas — Mālatīmādhava, Mahāvīracarita & Uttararāmacarita.

भामह ***Bhāmaha***:- रक्रिल गोमिन के पुत्र । वे बौद्ध कहे जाते हैं । उन्होंने काव्यालंकार की रचना की जो उपलब्ध काव्यशास्त्र का प्रथम ग्रंथ है । वे काव्यशास्त्र के अलंकार–संप्रदाय के संस्थापक आचार्य माने जाते हैं । उनके अनुसार किसी भी अलंकार की विशेषता वक्रोक्ति पर निर्भर करती है । The son of Rakrila Gomina. He is said to be a Buddhist. He composed Kāvyālaṅkāra which is the first available work on poetics. He is called the founder-preceptor of the Alaṅkāra-school in poetics. According to him, Vakrokti is the main ingredient of any figure of speech.

भारवि ***Bhāravi***:- कौशिक गोत्र के नारायणस्वामी के पुत्र, जिनका दूसरा नाम दामोदर था । इन्होंने किरातार्जुनीय महाकाव्य की रचना की । ये काँची के

राजा सिंहविष्णु के निमंत्रण पर काँची गए, जहाँ ये राजकुमार महेन्द्रविक्रम के साथ सुखपूर्वक रहने लगे । The son of Nārāyaṇaswāmi of Kauśika Gotra. His other name was Dāmodara. He composed the epic Kirātārjunīya. He went to Kāñcī on the invitation of King Siṁha Viṣṇu of Kāñcī where he lived happily in the company of the royal prince Mahendra Vikrama.

भास *Bhāsa*:- प्राचीन संस्कृत-नाटककार जिन्होंने 13 नाटकों की रचना की। इनके नाटकों में भाषा का विलक्षण चमत्कार, पात्रों की विविधता, कल्पना की उन्मुक्तता, विचारों की मौलिकता, पद-पद पर दिखाई देती है । कालिदास ने अपने मालविकाग्निमित्र में प्रसिद्ध नाटककार के रूप में इनका उल्लेख किया है । An ancient Saṁskṛta playwright who composed 13 dramas. In these plays, grace of language, variety of characters, versatility of imagery and originality of conception are discernible at all places. Kālidāsa has referred to him as a renowned dramatist in his 'Mālavikāgnimitra'.

भोजदेव *Bhojadeva*:- धारा-नरेश, कवियों के आश्रयदाता भोजदेव ने लगभग 80 पुस्तकों की रचना की, जिनमें सरस्वतीकंठाभरण और शृंगारप्रकाश साहित्यशास्त्र के अद्वितीय ग्रंथ-रत्न हैं । उन्होंने अपने शृंगारप्रकाश में शृंगार को मूल रस माना है । Bhojadeva, the king of Dhārā and a great patron of poets, composed about 80 books among which Sarasvatī-kaṇṭhābharaṇa & Sṛṅgāraprakāśa are unique works in Sāhityaśāstra. He described Śṛṅgāra as the main sentiment in his Śṛṅgāraprakāśa.

मम्मट *Mammaṭa*:- जय्यट के पुत्र जो कश्मीर के निवासी थे किन्तु वाराणसी में अपनी शिक्षा प्राप्त की थी। कहा जाता है कि वे व्याकरणवेत्ता कय्यट तथा वैदिक विद्वान् उव्वट के भाई थे । वे एक उत्कृष्ट वैयाकरण थे । उनका प्रसिद्ध ग्रंथ काव्यप्रकाश है, जो संपूर्ण काव्यशास्त्र का निरूपण करता है । उनके अनुसार वास्तविक काव्य दोषों से रहित तथा गुणों से विभूषित शब्दार्थों का संघात है । A son of Jayyaṭa, he was a native of Kashmir but acquired learning in Vārāṇasī. He is believed to be the brother of Kayyaṭa, the grammarian & Uvvaṭa, the Vedic scholar. He was a great grammarian. His famous work is Kāvyaprakāśa which covers the complete ambit of rhetoric. According to him, poetry is the combination of words and meanings which are free from faults and adorned with merits.

माघ *Māgha*:- दत्त के पुत्र, गुजरात के श्री मालनगर के राजा श्री वर्मलात

के मंत्री सुप्रभादेव के पौत्र । उन्होंने महाकाव्य शिशुपालवध की रचना की । वे व्याकरण में निष्णात थे । उनका व्याकरण-संबंधी ज्ञान प्रायः उनके काव्य में दिखाई पड़ता है । He was a son of Datta and a grandson of Suprabhādeva, the minister of king Sṛi Varmalāta whose capital was the city of Śrī Māla in Gujarat. He composed the well-known epic Śiśupālavadha. He was proficient in grammar. His knowledge of grammar is often apparent in his poems.

यास्क *Yāska*:- ये प्राचीन लेखक हैं, जिन्होंने वैदिक शब्दों का 'निघण्टु' कोष रचकर उन शब्दों की निरुक्ति के लिए निरुक्त की रचना की, जिसे वैदिक शब्दकोश के रूप में एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है । He was an ancient writer, who composed 'Nighaṇṭu' and then wrote 'Nirukta' for etymological interpretation of the words related to the Vedas. His work is known as an authentic Vedic glossary.

राजशेखर *Rājaśekhara*:- दुर्दुक तथा शीलावती के पुत्र तथा अकालजलद के प्रपौत्र, जिनके वंश का नाम यायावर था । उनका विवाह अवन्तिसुन्दरी से हुआ था, जो काव्य-शास्त्र की विदुषी थी। राजशेखर उनके विचारों को अत्यन्त आदर के साथ उद्धृत करते हैं । वे विदर्भ से संबद्ध थे । उन्होंने काव्यमीमांसा की रचना की । इसके अतिरिक्त इन्होंने पाँच अन्य ग्रंथों की रचना की, जिनमें चार नाटक – बालरामायण, बालभारत, विद्धशालभंजिका और कर्पूरमंजरी हैं और एक महाकाव्य जिसका उल्लेख हेमचंद्र ने किया था । He was the son of Durduka & Śīlāwatī and the great-grandson of Akālajalada. His family name was Yāyāvara. He was married to Avanti-sundarī. She was well-versed in the poetics. Rājaśekhara quotes her opinions with great respect. He belonged to Vidarbha. He is the author of Kāvya- mīmāṁsā. Apart from this, he composed five other works. These include 4 drāmās—Bālarāmāyaṇa, Bālabhārata, Viddhaśālabhañjikā & Karpūramañjarī, and one other epic mentioned only by Hemacandra.

रामानुज *Rāmānuja*:- कान्तिमती और केशवभट्ट के पुत्र । उन्होंने काँची में यादवप्रकाश से शिक्षा ग्रहण की किन्तु उनकी ईर्ष्या के कारण उनसे अलग हो गए । उन्होंने व्याससूत्रों पर टीका लिखी और गीता पर भाष्य का निर्माण किया तथा वेदांत पर तीन ग्रंथ लिखे । जब वे कश्मीर की यात्रा पर थे तब व्यास-सूत्रों पर उनकी टीका को सरस्वती ने अनुमोदित किया था, जिसके कारण इसे श्रीभाष्य कहा जाता है । He was the son of Kāntimatī & Keśavabhaṭṭa. He studied under Yādavaprakāśa at Kāñcī but became

estranged from him on account of the latter's being jealous. He wrote a commentary on the Vyāsasūtras, a bhāṣya on the Gītā & three works on Vedānta. His commentary on the Sutras was blessed by Goddess Sarasvatī herself when he was on tour in Kāśmira. That's why it is called Śrī-Bhāṣya.

वात्स्यायन ***Vātsyāyana*** :- कामसूत्र की रचना करने वाले एक महर्षि । A sage, author of the Kāmasūtra.

वाल्मीकि ***Vālmiki*** :- राम-कथा को रामायण के रूप में लिखने वाले एक ऋषि जिन्हें भार्गव और प्राचेतस भी कहा जाता है । उनका वास्तविक नाम रत्नाकर शर्मा था । A sage who composed Rāmāyana, literally the history of Rāma. He is also known as Bhārgava & Prācetasa. His original name was Ratnākara Śarmā.

विशाखदत्त ***Viśākhadatta*** :- पृथु महाराज के पुत्र और बटेश्वर दत्त के पौत्र, जिन्होंने मुद्राराक्षस और देवीचन्द्रगुप्त नामक नाटकों की रचना की । इनमें मुद्राराक्षस बहुत उच्च कोटि का एक अनूठा नाटक है, जिसमें कोई भी मुख्य स्त्री-पात्र नहीं । दूसरा नाटक उपलब्ध नहीं है, केवल उसके कुछ उद्धरण मिलते हैं । A son of Pṛithu Mahārāja and grandson of Baṭeśwara Datta. He composed two dramas, namely Mudrārākṣasa and Devīcandragupta. Mudrārākṣasa is a great and remarkable drama in which there is no leading female character. Another drama is not available — only some of its extracts are available.

विश्वनाथ ***Viśvanātha*** :- कलिंग राज्य के सांधिविग्रहिक चंद्रशेखर महापात्र के पुत्र, जिन्होंने कई ग्रंथों की रचना की, जिनमें साहित्यशास्त्र की परंपरा में साहित्यदर्पण विख्यात है, क्योंकि इसमें अलंकार शास्त्र एवं नाट्यशास्त्र का निरूपण हुआ है। इनका जीवनकाल 1300-1380 ई० तक है । He was the son of Candraśekhara Mahāpātra, the Sāndhivigrahika of Kaliṅga. He composed many works among which the Sāhityadarpaṇa is well-known in the field of poetics, because it deals with rhetoric and dramaturgy. He lived between 1300-1380 A.D.

व्यास ***Vyāsa*** :- पराशर और सत्यवती के पुत्र जिन्होंने महाभारत और पुराण की रचना की । उनका नाम कृष्ण-द्वैपायन था क्योंकि उनकी अविवाहिता माता ने उनके जन्म के तुरंत बाद उन्हें द्वीप पर छोड़ दिया था । वे वेदव्यास के नाम से जाने जाते हैं, क्योंकि उन्होंने वेदों की व्याख्या की । उन्होंने पातञ्जल-योगसूत्रों पर भाष्य लिखा और ब्रह्मसूत्रों का प्रणयन किया । A

son of Parāśara & Satyavati. He composed the Mahābhārata and the Purāṇas. His name was Kṛṣṇa Dvaipāyana, because, soon after his birth he was abandoned by his unmarried mother on a Dvīpa (Island). He was known as Veda Vyāsa because he explained the Vedas. He wrote a Bhāṣya on Patañjali's Yogasūtras and also composed the Brahmasūtras.

शङ्कराचार्य *Śaṅkarācārya*:- अद्वैत वेदान्त के सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक जो शिवगुरु और आर्याम्बा के पुत्र थे। उनका जन्म 8वीं शताब्दी में केरल के कालडी गाँव में हुआ था। वे अपनी छोटी अवस्था में वेद-वेदांगों में पारंगत हो गए थे। उन्होंने संपूर्ण भारत की यात्रा की और पीठों की स्थापना की। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों और उपनिषदों के भाष्यों की रचना की जो इनके दर्शन का प्रमुख आधार हैं। A topmost philospher of the Advaita School, he was the son of Śivaguru & Āryāmbā. He was born in Kāladī, a village of Kerala in 800 A.D. He became very well-versed in the Veda-Vedāṅgas at on early age. He travelled over the whole of India and established Pīṭhas. He wrote bhāṣyas on the Brahmasūtras & the Upniṣads which formed the fundamental basis of his philosphy.

शूद्रक *Śūdraka*:- मृच्छकटिकम् के प्रणेता के रूप में मान्य एक राजा। इस नाम का एक पात्र बाणभट्ट की 'कादम्बरी' में भी वर्णित है। यह व्यक्ति ऐतिहासिक था या काल्पनिक, इसका कोई ज्ञान प्राप्त नहीं हैं। A king known as the author of Mṛcchakaṭika. A character of the same name is also described in the Kādambarī of Bāṇabhaṭṭa but nothing is known about the person, whether he was historical or purely an imaginary one.

श्रीहर्ष *Śrīharṣa*:- श्रीहीर और मामल्लदेवी के पुत्र जिनके पिता कन्नौज के राजा विजयचंद के सभा-कवि थे। उनके पिता उदयन के साथ एक शास्त्रार्थ में पराजित होने से दुःखी होकर दिवंगत हो गए। उसके बाद चिंतामणि-मंत्र की सहायता से वे विभिन्न शास्त्रों में पारंगत हो गए। फिर राजदरबार में आकर पिता के ही गौरव को पुनः प्राप्त किया। वहाँ उन्होंने प्रसिद्ध नैषधचरित एवं खंडनखंडखाद्य की रचना की। The son of Śrīhīra & Māmalla-devī. His father was a poet at the court of king Vijayacanda of Kannauja. After the disappointment at being defeated in a competition with Udayana, his father passed away. Then, with the aid of the Cintāmaṇi Mantra, he became conversant with learning in diverse fields. Later he came back to the royal court and was

received with the same distinction as enjoyed by his father. There he composed the famous epic, Naiṣadhacarita & Khaṇḍana-khaṇḍakhādya, a treatise on logic.

हर्षवर्धन *Harṣavardhana*:- एक राजा, जो कि प्रभाकरवर्धन और यशोमती के पुत्र थे । थानेश्वर और कन्नौज उनकी राजधानी थी । वे एक उच्च कवि थे और उनका दरबार विद्वानों का आश्रय था । वे रत्नावली, नागानंद और प्रियदर्शिका इन तीन नाटकों के रचनाकार माने जाते हैं । Name of a king who was the son of Prabhākaravardhana & Yaśomatī. His capitals were Thāṇeśvara & Kannauja. He was a great poet & his court was the resort of learned men. He is also known as the author of three dramas – Ratnāvalī, Nāgānanda & Priyadarśikā.

हाल *Hāla*:- माथा-सप्तशती के रचनाकार । यह ग्रंथ प्राकृत भाषा में निबद्ध श्रृंगाररस की एक उत्कृष्ट रचना है । The author of Gāthā Saptaśatī. Composed in Prākrit language, it is an unique work of erotic sentiment.

हेमचन्द्र *Hemacandra*:- जैनधर्म के एक आचार्य जिन्होंने काव्यमीमांसा की रचना कर उस पर अपनी एक महत्त्वपूर्ण टीका भी लिखी थी । उनका जीवन समय 1088-1187 ई० तक माना जाता है । A preceptor of the Jain religion who composed Kāvyamīmāṁsā and also a valuable commentary on it. He lived during 1088-1187 A.D.

परिशिष्ट Pariśiṣṭa (Appendix) X

कुछ महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक शब्द
Some Important Cultural Words

अक्षयतृतीया *Akṣayatṛtīyā*:- वैशाख मास के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि। सतयुग का आरम्भ इस तिथि से माना जाता है। यह दिन हिन्दुओं के लिए परम पवित्र है। इस दिन बदरीनाथ का कपाट तीर्थयात्रियों के लिए खोला जाता है। The third lunar day of the Śuklapakṣa of the Vaiśākha month. The Satayuga is supposed to have begun on this date. This particular day is a very holy day for the Hindus. The doors of Badrīnātha temple are opened for pilgrims on this day.

अयन *Ayana*:- छः महीनों की अवधि को अयन कहते हैं। यह सूर्य की स्थिति पर आधारित है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष में यह दो प्रकार का होता है— दक्षिणायन एवं उत्तरायण। The period of six months is known as an Ayana. It is based on the sun's position. That's why there are two Ayanas in a year — Dakṣiṇāyana and Uttarāyaṇa

ग्रह *Graha (Planets)*:- भारतीय ज्योतिष-शास्त्र के अनुसार ग्रहों की स्थिति का मानव-जीवन पर प्रभाव पड़ता है। इन ग्रहों को मंगल-दायक बनाने तथा इनके दोषों को दूर करने के लिए पूजा एवं अनुष्ठान किया जाता है। According to Indian Astrology, the position of the planets effects human life. There are many rituals and sacred performances for making them auspicious and removing their bad effects.

इनकी संख्या नव है।

They are nine in number.

1. सूर्य *Sūrya* Sun
2. चन्द्र *Candra* Moon
3. मंगल *Maṅgala* Mars
4. बुध *Budha* Mercury
5. गुरु *Guru* Jupiter
6. शुक्र *Śukra* Venus
7. शनि *Śani* Saturn
8. राहु *Rāhu* एक राक्षस (जो विप्रचित्ति एवं सिंहिका का पुत्र है, जिसे सैंहिकेय कहा जाता है,) के शरीर

के शीर्ष भाग का नाम । Name of a demon who formed only the upper part of the body of Saiṁhikeya, the son of Vipracitti and Siṁhikā.

9. केतु *Ketu* सैंहिकेय राक्षस के शरीर के धड़भाग का नाम । Name of the demon who formed the lower part of the body of Saiṁhikeya.

तिथि *Tithi (A lunar day)*:- भारतीय कालगणना के अनुसार एक पक्ष में पन्द्रह तिथियाँ होती हैं । उनकी संख्या के आधार पर उनका नाम रखा गया है । According to the Hindu calendar, there are fifteen lunar days in a pakṣa (fortnight). They are named according to their number :–

1. प्रतिपदा	*Pratipadā*	First lunar day
2. द्वितीया	*Dvitīyā*	Second lunar day
3. तृतीया	*Tṛtīyā*	Third lunar day
4. चतुर्थी	*Caturthī*	Fourth lunar day
5. पञ्चमी	*Pañcamī*	Fifth lunar day
6. षष्ठी	*Ṣaṣṭhī*	Sixth lunar day
7. सप्तमी	*Saptamī*	Seventh lunar day
8. अष्टमी	*Aṣṭamī*	Eighth lunar day
9. नवमी	*Navamī*	Ninth lunar day
10. दशमी	*Daśamī*	Tenth lunar day
11. एकादशी	*Ekādaśī*	Eleventh lunar day
12. द्वादशी	*Dvādaśī*	Twelfth lunar day
13. त्रयोदशी	*Trayodaśī*	Thirteenth lunar day
14. चतुर्दशी	*Caturdaśī*	Fourteenth lunar day
15. अमावस्या	*Amāvasyā*	New Moon day
अथवा	or	or
पूर्णमासी	*Pūrṇamāsī*	Full Moon day
(पूर्णिमा)	*(Pūrṇimā)*	

